रांची, मंगलवार । 12 मई 2026 । वर्ष-27, अंक-99, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



पेज 12

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

### पतरातू के होटल पर्यटन विहार में 'इंफ्लुएंसर मीट 2026' का हुआ आयोजन

# झारखंड पर्यटन को बढ़ावा अपने इंफ्लुएंसर्स ही दे सकते हैं : सुदिव्य कुमार

## 'इंफ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल' का हुआ शुभारंभ, डिजिटल पर्यटन प्रचार को मिली नई दिशा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने सोमवार को कहा कि झारखंड के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए बड़े महानगरों के क्रिएटर्स को आमंत्रित किया जा सकता था, लेकिन झारखंड की असली पहचान, यहां की सादगी, संस्कृति और लोकजीवन को सबसे बेहतर ढंग से हमारे अपने राज्य के इंफ्लुएंसर्स ही प्रस्तुत कर सकते हैं। मंत्री पतरातू स्थित होटल पर्यटन विहार में सोमवार को पर्यटन विभाग, झारखंड की ओर से राज्य स्तरीय 'इंफ्लुएंसर मीट 2026' के सफल आयोजन के दौरान बोल रहे थे। सुदिव्य कुमार ने कहा, हमारी कोशिश है कि झारखंड के युवा क्रिएटर्स जब किसी पर्यटन स्थल पर कंटेंट निर्माण करें, तो वे गर्व से कह सकें कि वे झारखंड पर्यटन विभाग के साथ जुड़े हुए हैं। इससे न केवल राज्य की ब्रांडिंग मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय क्रिएटर्स को भी नई पहचान और अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विजन एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड के पर्यटन स्थलों, कला-संस्कृति, विरासत एवं स्थानीय खानपान को डिजिटल माध्यमों से राष्ट्रीय




एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पहचान दिलाना है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री की ओर से 'इंफ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल' का शुभारंभ किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के कंटेंट क्रिएटर्स एवं इंफ्लुएंसर्स को पर्यटन विभाग से औपचारिक रूप से जुड़कर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। यह पहल डिजिटल क्रिएटर्स एवं पर्यटन विभाग के बीच एक सशक्त एवं संरचित साझेदारी स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान इंफ्लुएंसर्स के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें पर्यटन प्रचार, डिजिटल स्टोरी टेलिंग, कंटेंट निर्माण एवं झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभागीय सचिव मुकेश कुमार, झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन, महाप्रबंधक राजीव रंजन सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**राज्य के 80 से अधिक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स ने लिया भाग :** इस आयोजन में राज्य के 80 से अधिक प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन संभावनाओं एवं स्थानीय पहचान को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करना है।



रांची का तापमान

| रांची | | कांके | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 31.8° | अधिक. | 32.0° |
| न्यून. | 19.0° | न्यून. | 17.0° |

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गोड्डा में किया सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, कहा

# ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**बोलीं मंत्री**

- भुसका पहाड़ को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की है तैयारी
- स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

**नवीन मेल डेस्क**




**रांची/गोड्डा।** राज्य की ग्रामीण विकास कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को महागामा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा प्रखंड में गोड्डा-पीरपैंती एनएच पथ बिरामचक से दियाजोरी बलबड्डा पथ (घोरीचक मोड़ वाया वीरनगर तक) के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। 1.47 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली यह सड़क क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगी और ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराएगी।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण के साथ-साथ भुसका पहाड़ पर पार्क निर्माण की योजना भी क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भगैया ककरघट में विकसित नेचर पार्क की सफलता के बाद अब भुसका पहाड़ को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी की जा रही है। मंत्री ने कहा कि इस योजना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और पर्यटन को साथ लेकर आगे बढ़ने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

शेष पेज 11 पर

### सड़क जैसी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार



हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में सड़क जैसी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार सड़क निर्माण की गुणवत्ता, कनेक्टिविटी और शहरी यातायात प्रबंधन पर विशेष बल दे रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट के अनुसार, सरकार राज्य में सड़कों के घनत्व को बढ़ाने और मौजूदा सड़कों को फोरलेन में तब्दील करने के लिए काम कर रही है। राजधानी रांची, जमशेदपुर, धनबाद जैसे शहरों में ट्रैफिक जाम कम करने के लिए फ्लाईओवर और एलिवेटेड कॉरिडोर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, खदान क्षेत्रों और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ने के लिए नई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

## दृष्टिपात

### रेल आईजी व डीआईजी ने हटिया रेल थाने का किया औचक निरीक्षण

**रांची।** राज्य में रेल पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को रेल पुलिस के वरीय अधिकारियों की ओर से हटिया रेल थाना का औचक निरीक्षण किया गया। रेल आईजी माइकल राज एस और डीआईजी आलोक प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से हटिया रेल थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों के साथ होने वाली डिजिटल धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए सजगता पर जोर दिया। ट्रेनों के माध्यम से होने वाले बच्चों और महिलाओं की तस्करी को रोकने के लिए खुफिया तंत्र को मजबूत करने का भी निर्देश दिया।

### बारियातू के चुंबा स्टोन माइंस में फायरिंग, हाइवा को बनाया निशाना

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनिया पंचायत स्थित चुम्बा स्टोन माइंस परिसर में सोमवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि गोलीबारी के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब छह बजे बाइक सवार दो अज्ञात अपराधी माइंस परिसर के समीप पहुंचे और वहां खड़े एक हाईवा वाहन को निशाना बनाते हुए दो से चार राउंड फायरिंग कर फरार हो गए। पुलिस ने जल्द मामले के खुलासे का भरोसा दिलाया है।

## टेंडर कमीशन घोटाले में आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)**



**संजीव लाल की जमानत याचिका भी मंजूर, दोनों दो साल से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं**

झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के बहुचर्चित टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और उनके निजी सचिव संजीव लाल की जमानत याचिका मंजूर कर ली। ये दोनों आरोपी करीब दो साल से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। सुनवाई के दौरान, आलमगीर आलम के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल मई 2024 से हिरासत में हैं। उन्होंने ट्रायल की कार्यवाही में हो रही देरी का जिक्र किया और कहा कि इसकी वजह एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) द्वारा बार-बार दायर की जा रही सप्लीमेंट्री चार्जशीट हैं। संजीव लाल ने भी इन्हीं आधारों पर जमानत याचिका दाखिल की थी। मामला टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और मनी लांड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने इस मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। इससे पहले, 6 मई 2024 को ईडी ने रांची में बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी।

शेष पेज 11 पर

## जेएसएससी शिक्षक नियुक्ति मामले में हाईकोर्ट में 10 जून को होगी सुनवाई

**नवीन मेल डेस्क**




**जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा**

**रांची।** स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2016 नियुक्ति मामले में मीना कुमारी से जुड़ी याचिका पर राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से दायर अपील (एलपीए) पर झारखंड हाईकोर्ट में अब 10 जून 2026 को सुनवाई होगी। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार और जेएसएससी की ओर से अपील पर शीघ्र सुनवाई करने का आग्रह किया गया।

जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ को बताया कि इस मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने अपने मूल आदेश में संशोधन कर दिया है, जबकि उस आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई पहले से लंबित है।

शेष पेज 11 पर

## गुवा सेल खदान में रोजगार को ले अनिश्चितकालीन चक्का जाम



- 500 स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार देने की है मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिले की गुवा लौह अयस्क खदान में सोमवार तड़के शुरू हुआ अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। मानकी सुरेश चांपिया के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में खदान प्रभावित कई गांवों के मुंडा, मानकी, मुखिया और ग्रामीण शामिल हैं। आंदोलनकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक सेल प्रबंधन 500 स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार देने पर लिखित समझौता नहीं करता, तब तक खदान का संचालन पूरी तरह बाधित रहेगा। वहीं, बड़ी संख्या में सीआईएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है। ग्रामीणों ने गुवा खदान के मेन गेट, क्रशिंग प्लांट, लोडिंग प्वाइंट और रांजाबुरु क्षेत्र में आवाजाही रोक दी है।

शेष पेज 11 पर

## बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दो लोगों की मौत

### छह लोग घायल, मनोहरपुर में हुआ हादसा, तेज रफ्तार बना दुर्घटना का कारण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उंधन गांव के पास उस समय हुआ, जब बारातियों से भरी एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 10 फीट नीचे खेत में जा गिरी।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। मृत व्यक्तियों की पहचान बारंगा गांव निवासी 12 वर्षीय रोहन गोप और गोपीपुर गांव निवासी 25 वर्षीय दशरथ सरदार के रूप में हुई है। हादसे में घायल लोगों में गोपीपुर गांव के सूरज महतो (22 वर्ष), शिशुपाल मोदी (26 वर्ष), राहुल गोप (20 वर्ष), बारंगा गांव के गोपी मोदी (18 वर्ष), सौरभ लोहार (16 वर्ष) तथा मेदासाई गांव निवासी सुरेश गोप (48 वर्ष) शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

शेष पेज 11 पर




### दनुआ घाटी में आपस मे टकराए वाहन, कई घायल

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र स्थित दनुआ घाटी में रविवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें छह वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में 12 लोग घायल हो गए। घटना में घायल कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड में विद्वेष की राजनीति और एक फौजी का अनूठा स्वागत

**सुनील बादल**



कभी-कभी कुछ घटनाएं मन में समाज में अमिट छाप छोड़ जाती हैं और उन घटनाओं को देखकर लगता है कि समाज किधर जा रहा है ? हाल ही में सेना के जेसीओ पद से अवकाश प्राप्त करने के बाद रांची के निकट ठाकुरगांव इलाके के बाड़े गांव में एक व्यक्ति लौटने वाले थे जिनके स्वागत के लिए एक छोटा आयोजन था, जिसमें मुझे भी दर्शक के तौर आमंत्रित किया गया था जिसके अनूठेपन ने मुझे जाने पर मजबूर कर दिया । इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट की पत्रकारिता के सिलसिले में मैंने झारखंड को बदलते देखा है और झारखंड बनने के पहले दुःखी, पीड़ित, शोषित और उपेक्षित झारखंड को भी देखा था। इस सुदूरवर्ती इलाके में ड्राइव करते, लोगों से मिलते हुए, कई बातों की ओर ध्यान गया। 25 साल के झारखंड में सड़कों और विद्युतीकरण में अच्छा काम हुआ है जिसके कारण हिचकोले भले आ जाएं पर आप गांव तक गूगल के सहारे गाड़ी लेकर जा सकते हैं। शहरों की तरह कई गांवों में ब्यूटी पार्लर और साइन बोर्ड लगे हुए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को देखा जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों से लेकर स्थानीय मिस्त्रियों तक के थे, लगा दूसरे राज्यों से सीखकर आए हुए लोग होंगे । कई गांवों में आदिवासी युवाओं को पेड़ की छाया में बैठकर ताश खेलते हुए देखा जबकि आसपास के खेत खाली थे। पत्रकार मन में सवाल आया कि मुफ्त अनाज कोविड के समय से केंद्र सरकार दे रही है, मंईयां सम्मान योजना राज्य सरकार चला रही है क्या इसलिए खेत खाली हैं या कुछ और कारण है ? राज्य की कृषि मंत्री भी इस मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक हैं। दूसरा जो देखा बहुत ही महंगी तेज चलने वाली मोटरसाइकिलों और कारों में ब्रांडेड कपड़ों में अनेक आदिवासी युवा आते-जाते दिखे जिन्हें कभी मंगरा-बुधुवा कहा जाता था। शहरों की तरह विकसित हो रहे गांव की संस्कृति भी बदली हुई है । झारखंड के गांवों में जो आपसी एकता,सद्भावना और भाईचारगी देखने को मिलती थी वर्तमान राजनीति में दम तोड़ती दिखाई पड़ रही है। जिस जाति की भीड़ ज्यादा उसके धार्मिक स्थल कब्रिस्तान और सरना स्थल धुमकुड़िया के निर्माण और चहारदिवारी जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए गए हैं पर प्रखंडों में बिचौलियों की भीड़ के बीच आम आदमी की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। अब किसी के साथ कोई घटना घटती है तो पहले पता किया जाता है कि वह बाहरी है क्या झारखंडी ? किस जाति धर्म का है और कितने काम का है? यदि वह सत्ताधारी दल के साथ खड़ा होनेवाला या अपनी पार्टी से है तब तो उसके साथ भीड़ खड़ी हो जाएगी अन्यथा किसी की जमीन पर झंडा गाड़कर कब्जा कर लिया जाए, वर्चस्व के आधार पर किसी सामान्य आदमी को प्रताड़ित किया जाए या लूटपाट हो जाए तो उसे कितना न्याय मिलेगा यह कहना मुश्किल है। रास्ते भर इन सब बातों का अनुभव करते हुए जब बाड़े गांव पहुंचा तो मन में एक सुखद अनुभूति हुई जो कभी पंजाब के स्वर्ण मंदिर और दुर्गायना मंदिर में लगे मार्बल के नाम पट्टकों को देखकर हुई थी ।उन मंदिरों में अमर शहीदों के स्मृति में पट्ट लगाए गए थे

शेष पेज 11 पर

### होर्मुज में फिलहाल शांति की उम्मीद नहीं, लड़ाई तेज होने की है आशंका

**वाशिंगटन/तेहरान ।** इस साल फरवरी आखिर से अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य पर छिड़ी तकरार के और तेज होने की आशंका बढ़ गई है। युद्ध टालने और तनाव को कम करने के ताजा कूटनीतिक प्रयासों को झटका लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। ईरान की सेना ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दी है कि अगर आक्रामकता फिर से शुरू होती है, तो दोनों देशों को निश्चित रूप से कल्पना से परे चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

शेष पेज 11 पर

## सेवानिवृत्त टाटा स्टील कर्मी ने की पत्नी, बेटे व बेटी की हत्या

- वास्तविक कारण का खुलासा नहीं, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कर रही जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रिको रोड नंबर-2 स्थित क्वार्टर संख्या एल5/13 में सोमवार की सुबह हुए तिहरे हत्याकांड ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद इलाके में दहशत और मातम का माहौल है। मामले में पुलिस ने घर के मुखिया और टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारी रवींद्र प्रसाद सिंह को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने रविवार की रात अपनी पत्नी, बेटे और बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी।

जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह स्वयं रवींद्र प्रसाद सिंह ने डायल-100 पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सिदगोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर के भीतर से तीन शव बरामद किए। मृतकों की पहचान रवींद्र प्रसाद सिंह की पत्नी सरिता सिंह (55 ), पुत्र रविशेक कुमार (30) और पुत्री सुप्रिया सिंह (31) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुप्रिया सिंह विवाहित थी और गर्भवती भी थी।

शेष पेज 11 पर

### सतत खनन और पारिस्थितिकी बहाली विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी व प्रदर्शनी आयोजित, बोलें राज्यपाल

# विकास व पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चले

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान कोल प्रबंधन (आईआईसीएम) में विज्ञान भारती के तत्वावधान में कोल इंडिया लिमिटेड, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से आयोजित "सतत खनन और पारिस्थितिकी बहाली" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए कहा कि आज आवश्यकता केवल खनन की नहीं, बल्कि सतत एवं उत्तरदायी खनन की है, जिसमें विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ें।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस भारत की वैज्ञानिक क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा नवाचार की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने वर्ष 1998 में 11 एवं 13 मई को पोखरण में "ऑपरेशन शक्ति" के अंतर्गत हुए सफल परमाणु परीक्षणों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपनी वैज्ञानिक क्षमता और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की। उन्होंने कहा कि उस समय अनेक अंतरराष्ट्रीय चुनौतियां एवं प्रतिबंध सामने आए, लेकिन भारत झुका नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प के साथ और अधिक मजबूती से आगे बढ़ा।

राज्यपाल ने कहा कि यह दिवस हमें प्रेरणा देता है कि जब विज्ञान, तकनीक और राष्ट्रीय संकल्प एक साथ आगे बढ़ते हैं, तब भारत असंभव को भी संभव बना देता है। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य रहा है कि उन्हें श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार में केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में कार्य करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। अटल जी को स्मरण करते हुए उन्होंने भावुक होकर कहा कि वर्ष 1984 के चुनाव में अटल जी ने बरेली में उनके लिए एक दिन में आठ जनसभाएं की थीं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047, आत्मनिर्भर भारत तथा सतत विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा दिया गयापर्यावरण के लिए जीवनशैली का संदेश प्रकृति और प्रगति के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने शोध एवं नवाचारों को समाज एवं धरातल से जोड़ें, ताकि विज्ञान और तकनीक का लाभ व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचे।

#### राज्य को प्राकृतिक संसाधनों व खनिज संपदा से समृद्ध बताया

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों एवं खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। यहां उपलब्ध कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट एवं यूरेनियम जैसे खनिज देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय असंतुलन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में "सतत खनन" भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन केवल आर्थिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर भी हैं। हमें ऐसा भारत बनाना है, जहाँ विकास भी हो, पर्यावरण भी सुरक्षित रहे, उद्योग भी आगे बढ़े और प्रकृति भी मुस्कुराती रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन जिम्मेदार एवं पर्यावरण-अनुकूल खनन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

# मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी तरह सतर्क : मंत्री दीपिका

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** महागामा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा सीमानपुर पंचायत के खिरौंधी में बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न बूथों से बड़ी संख्या में बूथ लेवल एजेंट, पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी बूथ स्तर तक पहुंचाना, मतदाता सूची में संभावित अनियमितताओं के प्रति संगठन को सजग व सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटियों के संशोधन और पात्र मतदाताओं के नाम कटने से रोकने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई।

झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में हर वोट की अपनी अहमियत होती है और प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदान अधिकार सुरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान संगठन की सजगता ही यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न हटे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें और यदि किसी भी नागरिक को नाम जोड़ने या संशोधन में कठिनाई हो, तो कांग्रेस संगठन पूरी तत्परता से सहायता प्रदान करे।

मंत्री ने कहा कि कुछ राज्यों में मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की शिकायतें सामने आई हैं, मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती हैं इसलिए झारखंड में विशेष सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस जनता की सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है राज्य में विभाजनकारी राजनीति को सफल नहीं होने दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देना, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और पात्र मतदाताओं के नाम कटने से रोकने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना था। इस अवसर पर गोड्डा जिला कांग्रेस अध्यक्ष यह्या सिद्दीकी, मेहरमा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनिंदर सिंह, एसआईआर प्रशिक्षक मुद्दसर खान सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे बूथ स्तर पर पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करेंगे। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनाधिकारों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष निरंतर जारी रखेगी।

# झारखंड हाईकोर्ट में धनबाद के एसएसपी हुए हाजिर

नवीन मेल संवाददाता





अदालत ने पीड़िता का वीडियो वायरल होने पर जताई चिंता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में एक आपराधिक अपील पर सुनवाई के दौरान सोमवार को धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अदालत के आदेश पर सशरीर हाजिर हुए। एसएसपी ने अदालत को बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की बेंच ने एसएसपी का पक्ष सुनने के बाद उन्हें भविष्य में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान कर दी। अगली सुनवाई 11 जून को होगी। सुनवाई के दौरान अदालत ने एक युवती का वीडियो वायरल होने के मामले पर गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट के समक्ष यह जानकारी आई कि उक्त वीडियो झारखंड के बजाय दूसरे राज्य गुजरात से वायरल हुआ है। इस पर अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस को इस वायरल वीडियो को तत्काल डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाने या डिलीट कराने के लिए प्रभावी प्रयास करने चाहिए थे। कोर्ट ने धनबाद एसएसपी को निर्देश दिया है कि इस मामले की जांच में तेजी लाएं और अगली सुनवाई के दौरान अदालत में विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें। दरअसल यह पूरा मामला रवि साव नामक एक आरोपी से जुड़ा है, जिसे पूर्व में हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। जमानत पर रिहा होने के बाद पीड़िता ने आरोपी की जमानत रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी। पीड़िता का आरोप है कि जेल से बाहर आने के बाद आरोपी ने पुनः अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया और उसका वीडियो वायरल कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता ने इस संबंध में साइबर पुलिस में लिखित शिकायत दी थी। इससे पूर्व की सुनवाई में अदालत ने इस बात पर कड़ी आपत्ति जताई थी कि शिकायत में स्पष्ट रूप से संज्ञेय अपराध का खुलासा होने के बावजूद धनबाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की। इसी लापरवाही पर जवाब तलब करने के लिए अदालत ने एसएसपी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पक्ष रखा।

## भाजपा का प्रदर्शन राजनीतिक पाखंड : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने धनबाद में भाजपा द्वारा किए गए प्रदर्शन और बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने इसे भाजपा का राजनीतिक पाखंड करार देते हुए कहा कि जो दल वर्षों तक सत्ता में रहकर राज्य की बुनियादी समस्याओं को हल नहीं कर सका, वह आज जनता को गुमराह करने के लिए सड़कों पर मटका फोड़ रहा है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को यह याद रखना चाहिए कि राज्य में सबसे लंबे समय तक भाजपा की सरकारें रही हैं। धनबाद का जो जल संकट आज विकराल रूप में है, वह भाजपा की अदूरदर्शी नीतियों और पाइपलाइन योजनाओं के नाम पर हुए बंदरबांट का परिणाम है। हमारी सरकार तो उन बंद पड़ी और अधूरी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। बाबूलाल मरांडी के भ्रष्टाचार के आरोपों पर लाल किशोर ने पलटवार करते हुए कहा कि केंद्र की नल-जल योजना की हकीकत पूरे देश के सामने है।

# राष्ट्र प्रथम के भाव से पीएम के आह्वान को अपनाएं : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता



देश के लिए राजनीति छोड़ पीएम के साथ खड़ी हो कांग्रेस और विपक्षी दल

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशवासियों के 7 आह्वान पर कहा कि जब भी वैश्विक स्तर पर युद्ध की परिस्थितियां आई हैं या देश ने युद्धकाल का सामना किया है, प्रधानमंत्री के आग्रह पर देशवासियों ने सदैव ही अपने राष्ट्र प्रथम के भाव का परिचय दिया है।

आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) के देशों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर देशवासियों से 7 आह्वान किए हैं, वह राजनैतिक नहीं बल्कि देशहित में है। आज जब उस युद्ध के कारण पूरी दुनिया में उथल पुथल मचा हुआ है। हर देश की महंगाई चरम पर है, ऐसे में भारत जैसे 140 करोड़ की आबादी वाले देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से स्थिर है। जनता पर कोई अनावश्यक बोझ नहीं पड़ा है। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान को हर नागरिक को अपनाना चाहिए। बिना किसी राजनैतिक और वैचारिक प्रतिरोध के हम सबको इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तात्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने सभी देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास रखने का आह्वान किया था।

देशवासियों ने उनके इस आह्वान को हाथों हाथ लेकर अपने जीवन में शामिल कर लिया था। फिर 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी देशवासियों पर कई प्रकार के टैक्स लगाए थे। डाक टिकटों पर विशेष टैक्स लगाए गए थे। हर चिट्ठी पर 5 पैसे का विशेष टिकट लगाया जाता था। तब उनकी सरकार ने अत्यधिक आयकर दर 97.5% तक लागू कर दिया था। देश की उस परिस्थिति को देखते हुए, हर देशवासी सरकार के साथ खड़े रहे थे। आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में खड़े होने का आह्वान किया है तो तमाम कांग्रेसी और विपक्षी नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, जो राष्ट्रहित में नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कल ही प्रधानमंत्री ने राष्ट्र प्रथम - कर्तव्य सर्वोपरि का आह्वान किया है ताकि विकसित भारत 2047 के राह कर भारत आगे बढ़ता रहे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत को सशक्त बनाने के लिए 7 महत्वपूर्ण आह्वान किए हैं, जिसमें वर्क फ्रॉम होम अपनाना, पेट्रोल-डीज़ल की खपत घटाना, विदेश यात्रा से बचना, स्वदेशी अपनाना, खाद्य तेल का उपयोग सीमित करना, रासायनिक खाद का उपयोग कम कर, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और सोना खरीदने से परहेज करना शामिल है।

जब करोड़ों भारतीय एकजुट होकर ये छोटे-छोटे बदलाव करें, तो आत्मनिर्भर और सशक्त भारत बनाने से कोई नहीं रोक सकता। श्री सेठ ने देशवासियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान को अपने जीवन में शामिल करें।

# केंद्र सरकार की सच्चाई अब सामने है : विनोद पांडेय

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री मोदी के देशवासियों को पेट्रोल बचाने, सोना नहीं खरीदने, विदेश यात्राएं रोकने, विदेशी सामान छोड़ने और घर से काम करने की सलाह देने पर झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कटाक्ष किया है। सोमवार को उन्होंने प्रेस बयान जारी कर सवाल उठाया कि जो आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय संकट आज बताया जा रहा है, उसकी शुरुआत आज नहीं हुई है। युद्ध और वैश्विक तनाव की स्थिति पहले दिन से बनी हुई थी। तब प्रधानमंत्री ने देश से त्याग और कटौती की अपील क्यों नहीं की? देश की जनता यह अच्छी तरह समझ रही थी कि उस समय पांच राज्यों के चुनाव सामने थे, इसलिए सरकार सच्चाई छिपा रही थी। चुनाव खत्म होते ही अब जनता को "कम खर्च करो, कम घूमो, कम खरीदो" का ज्ञान दिया जा रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति को छिपाया।

झामुमो नेता ने कहा, प्रधानमंत्री की बातों और सरकार की नीतियों से स्पष्ट हो गया है कि भारत की विदेश नीति हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। जिन देशों को कभी भारत का सबसे भरोसेमंद "मित्र" बताया जाता था, वही देश आज भारत से दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं। सरकार अमेरिका के दबाव के आगे झुकती नजर आ रही है और उसका असर सीधे देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता की जिंदगी पर पड़ रहा है। मोदी सरकार ने "विश्वगुरु", "न्यू इंडिया" और "5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी" जैसे बड़े-बड़े सपने दिखाए, लेकिन हकीकत यह है कि आज आम आदमी की कमर टूट चुकी है। महंगाई लगातार बढ़ रही है, बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर है, रुपये की कीमत कमजोर हो रही है और पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स लगाकर जनता को निचोड़ा जा रहा है। आर्थिक नीति पहले ही आम लोगों को तोड़ चुकी थी, अब सरकार खुलकर जनता से त्याग मांग रही है। विनोद पांडेय ने कहा, विडंबना यह है कि एक तरफ जनता को विदेश यात्राएं और डेस्टिनेशन वेडिंग रोकने की सलाह दी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री खुद यूरोप दौरों पर निकल जाते हैं। अगर वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग इतनी जरूरी और प्रभावी हैं, तो क्या सरकार खुद उसका पालन नहीं कर सकती?

### राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# ट्रेजरी घोटाला पशुपालन घोटाले से भी बड़ा, सीबीआई जांच कराएं

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने राज्य में उजागर हुए ट्रेजरी घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने इस बाबत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में दावा किया कि झारखंड का यह कोषागार घोटाला तत्कालीन संयुक्त बिहार के चर्चित पशुपालन घोटाले से भी अधिक व्यापक और गंभीर प्रतीत हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान जांच प्रक्रिया केवल खानापूर्ति और 'आईवॉश' प्रतीत हो रही है। ऐसे में पूरे मामले की जांच तत्काल सीबीआई को सौंपे जाने की जरूरत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र में तीखा आरोप लगाया है कि करोड़ों रुपये की इस अवैध निकासी को अंजाम देने के पीछे सिस्टम और सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों का संरक्षण शामिल है। उन्होंने कहा कि यह केवल कुछ छोटे कर्मचारियों या होमगार्ड जवानों का काम नहीं हो सकता बल्कि एक सुनियोजित नेक्सस के माध्यम से सरकारी खजाने में डाका डाला गया है। साहू ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि घोटाले को सामने आए एक महीना बीत चुका है लेकिन अब तक की गई कार्रवाई केवल संदेह पैदा करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य सरकार एक श्वेत पत्र जारी करे, जिसमें यह स्पष्ट हो कि किन-किन जिलों से कुल कितनी राशि की अवैध निकासी हुई है और महालेखाकार ने किन विशिष्ट गड़बड़ियों को चिन्हित किया है। साहू ने मुख्यमंत्री के समक्ष पांच सवाल रखते हुए पूछा है कि जब रांची, चाईबासा और पलामू जैसे जिलों में भी करोड़ों की अवैध निकासी हुई, तो सीआईडी की एसआईटी जांच को केवल बोकारो और हजारीबाग तक ही सीमित क्यों रखा गया है। उन्होंने डिजिटल ट्रांजैक्शन के लिए उपयोग होने वाले ई-कुबेर पोर्टल की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए और पूछा कि मास्टर डेटा बेस में छेड़छाड़ की भनक विभागीय अधिकारियों और निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों (डीडीओ) को क्यों नहीं लगी। पत्र में इस बात पर भी सवाल उठाया गया है कि ट्रेजरी कोड के तहत नियमित निरीक्षण और ऑडिट की जो व्यवस्था है, वह पिछले छह वर्षों में कितनी प्रभावी रही।

## आलमगीर को बेल मिलने पर कांग्रेस ने न्यायपालिका पर जताया भरोसा

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को माननीय न्यायालय से जमानत मिलने पर पार्टी ने इसे न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास का प्रतीक बताया है। कांग्रेस का कहना है कि वह हमेशा से संविधान, कानून और न्यायपालिका का सम्मान करती रही है और उसे उम्मीद है कि सत्य एवं न्याय की जीत होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा लगातार राजनीतिक द्वेष और एजेंसियों के दुरुपयोग के जरिए विपक्षी नेताओं की छवि को धूमिल करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने कहा कि अदालतों के फैसले यह दर्शाते हैं कि लोकतंत्र में अंतिम भरोसा न्यायपालिका पर ही होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ी रही है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि किसी व्यक्ति को अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने से पहले ही अपराधी घोषित करना भाजपा की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है।

### कोकर से लापता 18 माह की अबोध बच्ची के परिजनों से मिले आदित्य साहू

# बच्ची की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस प्रशासन को 36 घंटे का दिया अल्टीमेटम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने रांची के कोकर स्थित खोरहा टोली रोड नं-02 से पिछले कई दिनों से लापता 18 माह की मासूम बच्ची के परिजनों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा को करीब से महसूस किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन को 36 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि इस दौरान बच्ची की सकुशल बरामदगी नहीं होती है, तो भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का काम करेगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह काफी गंभीर मामला है। राज्य में पुलिस का भय समाप्त हो चुका है। अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। राज्य में पुलिस का नहीं अपराधियों का शासन चल रहा है। राज्य की पुलिस और यहां की सरकार को आम लोगों की सुरक्षा को लेकर कोई चिंता नहीं है। अपराधियों का दुस्साहस इस कदर बढ़ा हुआ है कि खुलेआम बच्चे को टांगा हुआ फोटो दिखाकर आतंक फैलाया जा रहा है। गालियां बका जा रहा है। अब तक अबोध बच्ची का कोई सुराग न मिलना बेहद चिंताजनक और दर्दनाक है। श्री साहू ने कहा कि एक मासूम की जिंदगी दांव पर लगी है, लेकिन झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार और प्रशासन की सुस्ती साफ नजर आ रही है। इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए और बच्ची को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया जाए। श्री साहू ने कहा कि इसके पहले जगन्नाथपुर और ओरमांझी में घटना घट चुकी है। आखिरकार पार्टी की चेतावनी और भारी जनदबाव के कारण इन बच्चों की सकुशल बरामदगी हुई। यह बतलाता है कि सतर्कता, जनदबाव और त्वरित कार्रवाई से सकारात्मक परिणाम संभव हैं। कोकर से गायब अबोध बच्ची के मामले को भी हमारी पार्टी ने पूरी गंभीरता से लेने का काम किया है। दुख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और न्याय मिलने तक आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने पुलिस से अविलंब ऐसे अपहरणकर्ता को पकड़ने और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

## सरकार महंगाई पर जवाब दे, जनता को त्याग का उपदेश नहीं : कांग्रेस



**रांची।** राकेश सिन्हा ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार लगातार बढ़ती महंगाई और आर्थिक बोझ से ध्यान भटकाने के लिए जनता को "त्याग" का उपदेश दे रही है। राकेश सिन्हा ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, जिससे आम आदमी की जिंदगी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जनता को खर्च कम करने की नसीहत देना सरकार की विफलता को छिपाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि यदि लोग बाजार में खर्च नहीं करेंगे तो अर्थव्यवस्था कमजोर होगी, इसलिए सरकार को जनता की क्रय शक्ति बढ़ाने और रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि लगातार आर्थिक दबाव के बावजूद जनता को राहत क्यों नहीं मिल रही है और सरकार कब इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

**जागरूक** पीएम मोदी की अपील का पद्मश्री छुटनी महतो ने किया समर्थन, बोलीं

# स्वदेशी अपनाने की दिशा में सराहनीय पहल

नई दिल्ली (आईएएनएस)

डायन प्रथा के खिलाफ संघर्ष कर समाज में अलग पहचान बनाने वाली पद्मश्री सम्मानित छुटनी महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई सात अपीलों का खुलकर समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ये अपीलें केवल सरकार के लिए नहीं बल्कि देश की आर्थिक मजबूती, नागरिकों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहद जरूरी हैं।

झारखंड में सरायकेला की पद्मश्री अवॉर्डी छुटनी महतो ने कहा कि मोदी हैं तो मुमकिन है। प्रधानमंत्री ने जो सात अपीलें की हैं, उन्हें देश के सभी नागरिकों को मानना चाहिए। यह अपील किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि, देशहित और आम लोगों के कल्याण के लिए की गई है।

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से खाद्य तेल का कम उपयोग करने की प्रधानमंत्री मोदी की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि इससे घरेलू बजट पर बोझ कम होगा और लोगों की सेहत भी बेहतर रहेगी।

छुटनी महतो ने कहा कि आज के समय में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। स्वदेशी अपनाने और वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने की बात पर उन्होंने कहा कि पहले वे भी बाहर जाकर कई कार्य करती थीं, लेकिन अब अधिकतर काम घर से ही करती हैं। यदि लोग स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे तो इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लेने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सहयोग करने की अपील की।



आज के समय में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है

वहीं, मुरादाबाद के पद्मश्री चिरंजीलाल यादव ने पीएम मोदी की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि ये देशहित और आर्थिक मजबूती की नई दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। पीएम मोदी को इस पहल के लिए बधाई देता हूं। देश की जनता इन चीजों से जागरूक नहीं थी।

चिरंजीलाल ने पीएम मोदी की नेशन फर्स्ट की अपील को लेकर कहा कि देश को प्राथमिकता देने से ही विकास होगा। यह कदम देश की अर्थव्यस्था को मजबूत बनाने वाला है। स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल से भारत का पैसा देश में ही रह जाएगा और अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के पर्यटन को बढ़ाने की अपील की है। हमारे देश में ही घूमने के लिए अच्छी जगह है, ऐसे में लोगों को विदेश जाने की जरूरत नहीं है। इस तरह से देश का पैसा भारत में रहने से उन्नति और विकास को पंख लगेंगे।


# अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल सचिवालय को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के यूथ एंड स्टूडेंट वेलफेयर इंचार्ज अभिषेक शुक्ला ने राज्यपाल सह कुलाधिपति के प्रधान सचिव को राजभवन सचिवालय में ज्ञापन सौंपा। वहीं झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में उपनिदेशक पद पर कार्यरत विभा पांडे को तत्काल पदमुक्त कर उनके मूल महाविद्यालय वाईएसएनएम कॉलेज, मेदिनीनगर वापस भेजने की मांग की है। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि विभा पांडे की नियुक्ति वर्ष 2008 से संबंधित मामले की जांच वर्तमान में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की जा रही है। ऐसे में जांच लंबित रहने के दौरान उन्हें नीति-निर्माण एवं प्रशासनिक निर्णयों से जुड़े महत्वपूर्ण पद पर बनाए रखना न्यायोचित नहीं है, क्योंकि इससे जांच प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि उपनिदेशक पद के लिए जारी विज्ञापन में 7000 ग्रेड पे वाले अभ्यर्थियों को ही पात्र माना गया था, जबकि विभा पांडे का ग्रेड पे 6000 है। इस आधार पर भी उनकी नियुक्ति पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि विभा पांडे पिछले लगभग आठ वर्षों से उपनिदेशक पद पर कार्यरत हैं, जबकि वर्ष 2019 की अधिसूचना के अनुसार प्रतिनियुक्ति की अवधि केवल तीन वर्ष निर्धारित थी। अधिसूचना में स्पष्ट प्रावधान था कि अवधि पूर्ण होने के बाद संबंधित अधिकारी को अपने मूल महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में वापस योगदान देना होगा।

# रांची ट्रैफिक पुलिस ने पकड़े नशे में वाहन चलाने वाले 114 चालक



नवीन मेल संवाददाता

**यातायात पुलिस ने प्रत्येक चालक पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।**

**रांची।** राजधानी रांची में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने सख्त अभियान चलाया है। शहर में लगातार मिल रही शिकायतों और सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर यातायात पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अलग-अलग यातायात थाना क्षेत्रों में ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा पिछले दो महीनों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 4973 वाहनों की जांच की गई।

जांच के क्रम में 114 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने प्रत्येक चालक पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इस तरह कुल 11 लाख 40 हजार रुपए का फाइन वसूला गया। रांची ट्रैफिक पुलिस ने आम लोगों और वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा है कि शराब पीकर वाहन ना चलाएं। साथ ही स्वयं और अन्य लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस का कहना है कि इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## चार विकास योजनाओं की रखी गई आधारशिला

**रांची।** रोशनी खलखो ने शहर में विकास योजनाओं एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सुरेश बैठा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन रांची नगर निगम द्वारा किया गया। शहर के वार्ड संख्या 05 एवं 06 में शुरू की गई इन योजनाओं में सड़क, नाली एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। वार्ड संख्या 06 के अंतर्गत बांधगाड़ी रोड नंबर 05 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही बांधगाड़ी क्षेत्र में अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर निर्माण कार्य की भी शुरुआत हुई। इसके अलावा जयप्रकाश नगर रोड में बिटुमिनस पथ सुधार कार्य एवं प्रगति मार्ग में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं वार्ड संख्या 05 के अंतर्गत बड़गाईं शिवाजी नगर में दुबे जी के घर के पास पीसीसी पथ निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई।इस अवसर पर महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनने से लोगों को अपने वार्ड में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं पीसीसी पथ एवं आरसीसी नाली निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ स्वच्छ वातावरण भी सुनिश्चित होगा।

## डीसी ने तत्काल उपलब्ध कराई इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल, दिव्यांग के चेहरे पर लौटी मुस्कान

# जनता के बीच कोई गैप न हो : उपायुक्त

- अनगड़ा में जमीन म्यूटेशन में लापरवाही पर सख्ती, तत्कालीन कर्मचारी पर आरोप पत्र गठित करने का आदेश



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के जनता दरबार में एक बार फिर संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली की मिसाल देखने को मिली। मंजूनाथ भजन्त्री ने एक दिव्यांग युवक की समस्या का त्वरित समाधान करते हुए उसे इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराई।

रांची के रहनेवाले शाहनवाज आलम, जो अपने पैरों से चलने में असमर्थ हैं, हाथों के सहारे जनता दरबार पहुंचे थे। उन्होंने उपायुक्त के समक्ष अपनी पीड़ा और दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को साझा किया। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उनके प्रमाण-पत्रों की जांच कराई और कुछ ही देर में शाहनवाज को इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल उपलब्ध करा दी।

मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण इस पहल में मंजूनाथ भजन्त्री स्वयं शाहनवाज को ट्राईसाईकिल तक लेकर गए और उन्हें कार्यालय परिसर से बाहर तक छोड़ा। हाथों में नई ट्राईसाईकिल और चेहरे पर संतोष एवं खुशी की मुस्कान लिये शाहनवाज अपने घर लौटे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं की शिकायत पर डीसी गंभीर

जनता दरबार में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अनियमित मानदेय भुगतान तथा पोषाहार राशि में अनियमितता की शिकायत उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के समक्ष रखी। सेविकाओं ने बताया कि समय पर भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों की नियमानुसार जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाये। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि लाभुकों एवं सेविकाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोनाहातू अंचल से आये एक आवेदक ने प्लॉट सुधार से संबंधित लंबित मामले की शिकायत जनता दरबार में की।

### जनता दरबार में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। देर शाम तक उपायुक्त द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गयी। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों को प्राथमिकता देते हुए उनकी शिकायतें पहले सुनी गयी। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे की शिकायत, जांच के आदेश

माण्डर अंचल के एक आवेदक ने महुआजाड़ी मौजा स्थित कब्रिस्तान की जमीन पर एक पुलिसकर्मी द्वारा कब्जा करने की शिकायत जनता दरबार में की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को फिर से चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### भूमि अधिग्रहण मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का निर्देश

जनता दरबार में भूमि अधिग्रहण के बाद लंबित मुआवजा भुगतान से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। आवेदकों ने बताया कि लंबे समय से मुआवजा राशि नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले पर संज्ञान लेते हुए जिमंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को एनएचएआई से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र मुआवजा राशि भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने एक बार फिर दोहराया कि प्रशासन और आम जनता के बीच किसी प्रकार की दूरी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान अंचल एवं प्रखंड कार्यालय स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाये ताकि लोगों को जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें और समयबद्ध तरीके से शिकायतों का समाधान करें।

## बीआईटी में नवाचार और स्वदेशी तकनीक का प्रदर्शन, छात्र हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** बीआईटी मेसरा के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा "राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी तकनीकी प्रगति और नवाचार को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कैट हॉल में दीप प्रज्वलन और संस्थान प्रार्थना के साथ हुई। स्वागत भाषण आईआईसी के सह-संयोजक डॉ दिलीप कुमार सिंह ने दिया। इसके बाद डीन आरआईई प्रो राजू पोद्दार और पीजी स्टडीज डीन प्रो. संदीप सिंह सोलंकी ने भी अपने विचार रखे।

मुख्य अतिथि एमपी कौशिक ने रक्षा और कृषि क्षेत्र में भारत की तकनीकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पोखरण परमाणु परीक्षण, तेजस लड़ाकू विमान और अग्नि मिसाइल श्रृंखला जैसी उपलब्धियों को भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम में कुलपति इंद्रनील मन्ना ने भारत की परमाणु, अंतरिक्ष और रक्षा क्षमताओं के विकास पर चर्चा की और नवाचार की निरंतरता पर जोर दिया।

## रिमोट सेंसिंग तकनीक से भारत बन सकता है विश्व गुरु : प्रो. चॉकलिंगम

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय में सोमवार को महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की स्मृति में भौतिकी विषय पर विशेष व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के भौतिकी, बीसीए, एमसीए एवं बीएससी (आईटी) विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। व्याख्यानमाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन जगन्नाथन चॉकलिंगम, सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जगन्नाथन चॉकलिंगम, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रो. कमल प्रसाद, डॉ कुमारी ममता, डॉ आरके रॉय एवं प्राचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने व्याख्यान में प्रो. जगन्नाथन चॉकलिंगम ने रिमोट सेंसिंग तकनीक पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इस तकनीक के माध्यम से भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपग्रहों और क्लाउड कंप्यूटिंग की सहायता से मौसम की सटीक जानकारी के साथ धरती के अंदर और बाहर की गतिविधियों का अध्ययन संभव है।

## सीयूजे की प्रदर्शनी में स्कूली छात्रों ने सीखे खनन सर्वेक्षण के गुर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड (सीयूजे) के स्कूल ऑफ नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएनआरएम) की ओर से 'सतत खनन और पारिस्थितिक पुनर्स्थापन', विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी और एक्सपो में प्रस्तुत की गई प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन 12 मई तक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट, कांके में आयोजित किया जा रहा है। इसमें सीयूजे के चार प्रमुख विभागों- पर्यावरण विज्ञान, जियोइन्फॉर्मेटिक्स, भूविज्ञान और भूगोल, की शैक्षणिक उपलब्धियों, अत्याधुनिक शोध कार्यों और तकनीकी नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य सतत खनन, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन व पारिस्थितिक पुनर्स्थापन से जुड़े वैज्ञानिक प्रयासों को समाज व विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। प्रदर्शनी की विशेषताएं प्रदर्शनी में आधुनिक भू-स्थानिक एवं पर्यावरणीय तकनीकों का प्रदर्शन विशेष रूप से प्रतिभागियों को आकर्षित कर रहा है। लिडार और डेप्थ रेंज फाइंडर जैसे उन्नत उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों और आगंतुकों को भू-आकृतिक विश्लेषण, स्थलाकृतिक अध्ययन, पर्यावरणीय निगरानी और खनन प्रभावित क्षेत्रों के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। स्कूली विद्यार्थियों ने इन तकनीकों के प्रति विशेष उत्साह दिखाया और शोधकर्ताओं से संवाद कर तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

## अर्पिता महिला मंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट देकर किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 16 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ते हुए उनकी आगे की पढ़ाई को प्रोत्साहित करना था।

### आज / कल




### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन

# सूखे की आशंका से निपटने के लिए पहले से करें तैयारी : कुलपति

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन हुआ । सभी जिला के कृषि पदाधिकारियों ने आने वाले मौसम को ध्यान में रखते हुए जिलों में किए जा रही तैयारियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से बतलाया । आने वाले मौसम में यदि राज्य में सूखे की आशंका बनती है तो, जिलों में किस प्रकार की तैयारियां की जा रही है इससे अवगत कराया ।

बिरसा विश्वविद्यालय के कुलपति श्री एससी दुबे ने कर्मशाला में सभी जिला के कृषि पदाधिकारियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी कि प्राकृतिक आपदा (सूखे की स्थिति) में हमलोग किस प्रकार की तैयारी करें कि किसानों को ज़्यादा से ज्यादा राहत पहुँचा सकें। उन्होंने बतलाया कि जुलाई के अंतिम सप्ताह तक सभी तैयारियाँ और प्लान सुनिश्चित कर लें। बीज वितरण को प्राथमिकता के साथ लें। नर्सरी प्रबंधन पर फोकस करें। इंटरक्रॉपिंग भी साथ साथ करें। सूखे की यदि थोड़ी भी संभावना दिखे तो उसे देखते हुए युरिया का प्रयोग सावधानी के साथ करें। सॉइल कांजेर्वेशन और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता दें। बागवानी भी साथ-साथ में करें। आम-लीची के पेड़ लगायें। पानी की कमी है तो खेत खाली ना छोड़े बल्कि ख़रीफ़ सब्जी लगायें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि झारखंड में किसानों की आय बढ़ानी है तो सिर्फ़ खेती पर निर्भर ना रहें बल्कि किसानों को पशुपालन के लिए भी प्रेरित करें ।

### मानसून के मद्देनजर सभी तैयारियां करें सुनिश्चित

उपनिदेशक , सांख्यिकीय, श्री शैलेन्द्र कुमार ने कहा कृषि मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि राज्य में यदि सूखे की स्थिति बनती है तो इस मद्देनज़र सभी स्तर पर व्यापक तैयारियां सुनिश्चित किया जाए। सूखे की स्थिति में अन्य विकल्पों पर कार्य करें। कृषि विभाग से जुड़े सभी प्रभाग को बेहतर समन्वय बनाते हुए सभी तैयारियाँ रखें ताकि किसी भी प्रकार की आपदा से निपटा जा सके और राज्य के किसानों को राहत मिल सके । इन सभी पर आकस्मिक योजना की जानकारी देने हेतु 11 एवं 12 मई को दो दिवसीय कर्मशाला का आयोजन किया जा रहा है। जहाँ पहले दिन सोमवार को कंटीजेंट प्लान पर प्रेजेंटेशन दिया गया और मंगलवार को दूसरे दिन कर्मशाला का आयोजन होगा ।

## दृष्टिपात

### कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा रविवार को डोरंडा कन्या पाठशाला प्रांगन में मदर्स डे का आयोजन किया गया | इस अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जहां बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस अवसर में संस्था के निदेशक धनंजय कुमार ने कहा की सभी बच्चों के आपनी माँ का आदर सम्मान करना चाहिये और अपनी जन्ननी माँ को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए | माताएं अपना सबकुछ त्याग कर भी अपने बच्चों को एक मुकाम तक ले के जाती है हम सब को अपनी माँ के सपनो को साकार करने के लिए अपना जीवन निछावर कर देना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने कलाकृति संस्था की उपनिदेशक रजनी कुमारी, कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के उपाध्यक्ष श्री अजय कुमार एवं कोमल, शिखा, रिंकी, तन्वी अमीषा, ईशा, जया, निजात, अर्चना, हर्षिता एवं मनस्वी आदि का सहयोग रहा।

### ब्रह्माकुमारी केंद्र में नर्सों को किया सम्मानित



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड में नर्स दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेदांता हॉस्पिटल की नर्स एटेन ने कहा कि नर्सें सेवा, सहानुभूति और समर्पण का प्रतीक हैं तथा राजयोग का अभ्यास उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। वहीं हर्षित हॉस्पिटल की नर्स शोभा ने कोविड काल में नर्सों द्वारा दी गई सेवाओं को सराहनीय बताया। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि वर्ष 2026 के नर्स दिवस की थीम "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य" है और नर्सें मरीजों की सेवा कर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में सभी नर्स बहनों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

### श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस पर मनाया उत्सव

**रांची।** द आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस पर 'तेरा मैं' कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा, साधना एवं सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रांची



में दिनभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की मुख्य झलकियां हैं विश्व शांति के लिए हस्ताक्षर अभियान जो प्रातः 6:00 बजे से ऑक्सीजन पार्कमें आयोजित की गई है। रक्तदान शिविर प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक राज्य योग केंद्र, ईस्ट जेल रोड, रांची में होगा। क्षितिज मूक एवं बधिर स्कूल, निवारनपुर में बच्चों के साथ खेल-कूद, आमोद-प्रमोद एवं मध्याह्न भोजन होगा| सत्संग संध्या एवं गुरु पूजा, 71 दीप दान, सुदर्शन होम, भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रसाद वितरण सायं 5:30 बजे से राज्य योग केंद्र, ईस्ट जेल रोड, रांची में होगा| आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं रांचीवासियों से इन कार्यक्रमों में सपरिवार सम्मिलित होकर सेवा, साधना और सत्संग का लाभ उठाने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी के लिए 9835408299 पर संपर्क करें।

### माता-पिता और गुरु की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : स्वामी प्रदीप

**रांची।** सुकरहुटू फुटबॉल मैदान में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन रविवार को हर-हर महादेव के जयघोष के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा पंडाल शिवमय वातावरण में डूबा नजर आया। आयोजन में लगभग छह लाख श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा के सातवें एवं अंतिम दिन सुबह से ही श्रद्धालु पंडाल में पहुंचने लगे थे। प्रातः आठ बजे शुरू हुई कथा साढ़े ग्यारह बजे तक चली। इस दौरान श्रद्धालु स्वामी प्रदीप के प्रवचनों को मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे। स्वामी प्रदीप ने अपने प्रवचन में माता-पिता, गुरु और भगवान शिव की सेवा को जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से माता-पिता, गुरु और भगवान शिव की आराधना करता है, उसे तत्काल शुभ फल की प्राप्ति होती है। सेवा ही जीवन में सुख, शांति और सफलता का मार्ग है। उन्होंने आगामी सिंहस्थ कुंभ का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को उज्जैन आने का निमंत्रण दिया। साथ ही कहा कि उज्जैन से सीहोर की दूरी लगभग 150 किलोमीटर है, जहां श्रद्धालु शिव भक्ति और सत्संग का लाभ ले सकते हैं। स्वामी प्रदीप ने कहा कि जैसे दूध को मथने पर ही माखन प्राप्त होता है, उसी प्रकार ईश्वर की कृपा, सफलता और आशीर्वाद पाने के लिए निरंतर प्रयास, सेवा और समर्पण आवश्यक है।

### आद्रा मंडल में विकास कार्य के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के तहत रोलिंग ब्लॉक लिए जाने के कारण रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संशोधित जानकारी जारी की है। ट्रेन के प्रस्थान समय में परिवर्तनः ट्रेन संख्या 18036 हटिया - खड़गपुर एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 13.05.2026 एवं 16.05.2026 को अपने निर्धारित समय से 120 मिनट (2 घंटे) विलंब से हटिया स्टेशन से प्रस्थान करेगी। ट्रेन के मार्ग में परिवर्तनः ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर - हटिया एक्सप्रेस, 12.05.2026 को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल - पुरुलिया - कोटशिला – मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल - गुंडा बिहार - मूरी होकर संचालित होगी।

### 26वां वार्षिक प्राथमिक उपचार एवं होम नर्सिंग प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**रांची।** सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन द्वारा हटिया रेलवे कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल "पलाश" में आयोजित 26वां वार्षिक प्राथमिक उपचार एवं होम नर्सिंग प्रशिक्षण शिविर तीन दिवसीय कार्यक्रम के उपरांत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता, आपदा प्रबंधन एवं मानवीय सेवाओं के प्रति जनसामान्य में जागरूकता फैलाना था। सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन एक स्वैच्छिक मानवीय संगठन है, जो प्राथमिक उपचार, होम नर्सिंग, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आपातकालीन सहायता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करता है। संस्था द्वारा समय-समय पर सीपीआर, जीवन रक्षक तकनीक, आपदा प्रबंधन एवं सामुदायिक कल्याण से जुड़े प्रशिक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन, विभिन्न प्रकार की पट्टियों के उपयोग, दुर्घटना के समय घायलों के बचाव तथा फर्स्ट एड बॉक्स के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसी दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 18 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

### डीएवी स्कूल बचरा में चार दिवसीय समर कैंप शुरू, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# योगा, क्रिकेट और वॉलीबॉल सहित कई खेलों में बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के प्रांगण में सोमवार से ग्रीष्मावकाश के दौरान चार दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस समर कैंप में बालवाटिका से लेकर कक्षा नवम तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कैंप में आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा, क्रिकेट, वॉलीबॉल, चित्रकला तथा विभिन्न रचनात्मक एवं खेल गतिविधियों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य साहिल ठाकरान एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य साहिल ठाकरान ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेलकूद, चित्रकला, संगीत एवं रचनात्मक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। इसी उद्देश्य से विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया है, ताकि बच्चे अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखार सकें। समर कैंप के प्रथम दिन बच्चों ने उत्साहपूर्वक चित्रकला एवं आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे चित्र एवं आकर्षक कलाकृतियां बनाकर अपनी रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। वहीं योग एवं ध्यान सत्र के माध्यम से बच्चों को मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने की जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षक राकेश कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग हमारे शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होगा, तभी समाज और देश भी मजबूत बनेगा तथा युवा देश सेवा के योग्य बन सकेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर डीसी ने दिया जोर

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में खेल गतिविधियों को सुदृढ़ और व्यवस्थित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला ओलंपिक संघ, जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी सहित आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षक उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने जिले में नव स्वीकृत तीन आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में चयनित खिलाड़ियों का जिला स्तरीय चिकित्सा जांच के बाद जल्द नामांकन कर प्रशिक्षण शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी और ग्राउंड्समैन की नियुक्ति के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार करने के निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र, तोरपा गोविंदपुर में सुरक्षा की दृष्टि से मैदान घेराव का कार्य किया जा रहा है। वहीं जाते और मरंगहदा स्थित प्रशिक्षण केंद्रों में भी मैदान घेराव कराने के लिए विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा रनिया प्रखंड में नए हॉकी डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र खोलने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रत्येक वर्ष खूंटी खेल महोत्सव आयोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी को इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए सभी प्रशिक्षण केंद्रों में प्रत्येक माह मेडिकल जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया। वहीं फूड सेफ्टी विभाग के निरीक्षकों को महीने में दो से तीन बार भोजन की गुणवत्ता जांच करने का निर्देश भी दिया गया।

### खलारी के 18 सरकारी विद्यालय हुए हाईटेक

## स्मार्ट टीवी के जरिए बच्चों को मिलेगी आधुनिक शिक्षा




**खलारी।** शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में सोमवार को पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय खलारी में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीसीएल एनके एरिया डकरा की सीएसआर योजना के तहत खलारी क्षेत्र के 18 सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट टीवी का इंस्टालेशन किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल एनके डकरा के सीएसआर अधिकारी निखिल अखौरी ने स्मार्ट टीवी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा को तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को डिजिटल कंटेंट, वीडियो आधारित शिक्षण सामग्री और आधुनिक शिक्षण पद्धति का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक व खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में जिनी ग्रुप की ओर से आनंद साह, हिमांशु एवं अनिंदन नेगी ने शिक्षकों को स्मार्ट टीवी के संचालन, इंटरनेट कनेक्टिविटी, डिजिटल कंटेंट चलाने तथा कक्षा शिक्षण में इसके उपयोग से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रखंड के शिक्षकों ने सीसीएल प्रबंधन एवं जीनी ग्रुप के सदस्यों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर उत्तरा कुमार, अमरलाल सतनामी, शिवेंद्र कुमार नायक, त्रिलोकी प्रसाद, रंथू साहू, चुरी बस्ती सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन जारी

# लापरवाही पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

- **शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछा गया है**

**नवीन मेल संवाददाता**




**खलारी।** खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का वार्षिक भौतिक सत्यापन कार्य विभागीय निर्देश के आलोक में कराया जा रहा है। सत्यापन कार्य पंचायत स्तर पर संबंधित मुखिया एवं वार्ड सदस्यों के सहयोग से आंगनबाड़ी सेविका एवं पंचायत सचिव द्वारा किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से इस कार्य की लगातार मानिटरिंग भी की जा रही है, ताकि योजना का लाभ सही पात्र लाभुकों तक पहुंचे। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने बताया कि सत्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सत्यापन कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि चूरी दक्षिणी पंचायत से प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं आंगनबाड़ी सेविका के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछा गया है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में लापरवाही या अनियमितता की पुष्टि होती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देशित किया है कि वे क्षेत्र में सक्रिय रहकर लाभुकों का घर-घर जाकर सत्यापन करें तथा कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। साथ ही पंचायत सचिवों को भी नियमित रूप से निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजना का लाभ केवल वास्तविक एवं पात्र लाभुकों को ही मिले। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि सत्यापन कार्य में सहयोग करें तथा किसी प्रकार की गड़बड़ी की जानकारी प्रशासन को दें।

## दृष्टिपात

### छात्रों ने बीआईटी मेसरा का किया दौरा, विज्ञान प्रदर्शनी में लिया भाग



**बेड़ो।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस ( नेशनल टेक्नोलॉजी डे ) के अवसर पर सोमवार को होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल बेड़ो के बच्चों ने देश के प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी मेसरा में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया । इस मौके पर होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को प्राइज, मेडल एवं सर्टिफिकेट दिया गया । जिन बच्चों को बीआईटी के प्रोफेसर डॉक्टर आनंद सिंहा, डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह, प्रोफेसर राजू पोद्दार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्मार्ट हेलमेट देकर पुरस्कृत किया गया उनमें रविकांत उरांव, दिलशाद अंसारी एवं आशीष कुमार शामिल हैं । जबकि स्मार्ट ग्लास फोर ब्लाइंड पीपुल प्राप्त करने वाले बच्चों में जान्हवी टंडन, सताक्षी टंडन एवं सक्षम कुमार शामिल हैं वहीं दूसरी ओर होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के कुछ छात्र छात्राओं को हाइड्रोइलेक्ट्रिक देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया उनमें आशीष उरांव एवं कुश गोप शामिल हैं। होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के निदेशक रंजीत खत्री एवं शिक्षक नितेश कुमार भी मौके पर मौजूद थे। निदेशक रंजीत खत्री ने बताया कि विद्यालय से देश के प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थानों में से एक बीआईटी मेसरा जाकर छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह के साथ हिस्सा लिया एवं बीआईटी के शिक्षकों ने होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बीडीओ ने विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण, दिए कई दिशा-निर्देश



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने सोमवार को विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए जामटोली और चचकोपी पंचायत का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और कार्य में शिथिलता बरतने वालों को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पाया कि कई विकास योजनाएं समय सीमा बीत जाने के बाद भी अधूरी हैं। विशेषकर मनरेगा, आवास योजना और 15वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यों की गति धीमी पाई गई। बीडीओ राहुल उरांव ने पंचायत सचिव और कनीय अभियंता को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से पंचायत मुख्यालय में उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में बैठने के बजाय क्षेत्र में रहकर योजनाओं की मॉनिटरिंग करें ताकि गुणवत्ता से समझौता न हो। बीडीओ राहुल उरांव ने कड़े लहजे में कहा कि निर्धारित समयावधि के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करें। कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सुरेश लिंडा, मुन्ना मलिक सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद थे।

### बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**सिल्ली ।** प्रखंड के टुटकी तालाब के समीप कुलसूद निवासी कैलाश लोहरा उम्र ( 21 ) वर्ष पिता धूमा लोहरा का मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक चांगड़ू गाँव से अपने घर कुलसूद की ओर जा रहे थे।तेज गति के कारण मोटरसाइकिल पोल से टकरा गई जिससे चालक अनियंत्रित हो कर गिर गया और गंभीर चोट लग गई।सूचना मिलते ही सिल्ली पुलिस मौक़े पर पहुंची और घायल को लेकर सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।सिल्ली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु राँची रिम्स रेफ़र भेज दिया।सिल्ली पुलिस मामले को लेकर छानबीन में जुट गई है।

### चान्हो के करकट गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा मंडा पूजा महोत्सव



**चान्हो।** चान्हो क्षेत्र के करकट गांव में मंडा पूजा आस्था और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। शिव मंडा पूजा समिति करकट के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सोमवार को झूलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व रविवार को लगभग 300 भोक्ता और 400 सोकताओं ने अंगारों पर चलकर फुलखुंदी अनुष्ठान किया। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान और आस्था के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद अधिवक्ता सह जनसेवी एवं जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने फीता काटकर भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कलाकार मंडलियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिसका स्थानीय लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। मौके पर समिति अध्यक्ष गणेश प्रजापति, पुरुषोत्तम प्रजापति, प्रसाद प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, राजू प्रजापति और जीवन प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया मंगरू भगत, भाजपा बिजुपाड़ा मंडल अध्यक्ष हेमंत साही, प्रमुख प्रतिनिधि देवेन्द्र महली, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र भगत समेत कई गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्थानीय महिला-पुरुष दर्शकों की उपस्थिति रही।

### मेहनत के बल पर प्रति वर्ष 3.5 आय अर्जित कर रहीं मनोरमा

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड की कुंजला पंचायत अंतर्गत ग्राम ईठे की रहने वाली मनोरमा टूटी आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं। कभी आर्थिक अभाव और पारिवारिक कठिनाइयों से जूझने वाली मनोरमा ने अपने संघर्ष, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर न केवल अपनी जिंदगी बदली, बल्कि पूरे गांव की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पति आनंद पाहन के निधन के बाद मनोरमा टूटी के सामने परिवार चलाने की बड़ी चुनौती थी। बीपीएल परिवार से होने के कारण बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो गया था। इसी दौरान ग्रामसभा में उनका चयन मनरेगा महिला मेट के रूप में किया गया, जिसने उनके जीवन को नई दिशा दी। लीड्स संस्था और प्रखंड प्रशासन की ओर से मिले प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और क्षमता विकास कार्यक्रमों से मनोरमा का आत्मविश्वास बढ़ा।

## शहीद शेख भिखारी कॉलेज में जलवायु परिवर्तन पर छात्रों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में "भूगर्भीय अतीत से वर्तमान तक जलवायु परिवर्तन" विषय पर एक विशेष व्याख्यान माला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पृथ्वी के दीर्घकालीन जलवायु परिवर्तनों, उनके कारणों तथा वर्तमान वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। नैक सलाहकार प्रो. डॉ. संजय मिश्रा ने शॉल और महाविद्यालय के सचिव डॉ पीके वर्मा तथा कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर ने स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ नितीश प्रियदर्शी, सहायक प्राध्यापक, भूगर्भ विज्ञान विभाग, रांची विश्वविद्यालय ने भूगर्भीय काल में हुए जलवायु परिवर्तनों, हिमयुगों के प्रभाव तथा वर्तमान मानवजनित जलवायु संकट पर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं वैज्ञानिक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके विचारों ने उपस्थित विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया।

महाविद्यालय के सचिव डॉ पीके वर्मा ने विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं पर्यावरण अध्ययन में आगे आने की सलाह दी और कहा कि जलवायु परिवर्तन आज के समय की अत्यंत महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौती है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. संध्या लकड़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ अंजू शर्मा, सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा बीएड के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन व्याख्यान माला की आयोजन इंचार्ज मीरा प्रसाद द्वारा किया गया।

### सांसद ने स्वास्थ्य संबंधी मांगों को लेकर मुख्य सचिव से की मुलाकात

**खूंटी।** कालीचरण मुंडा ने सोमवार को मुख्य सचिव अविनाश कुमार से मुलाकात कर खूंटी लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनहित और स्वास्थ्य संबंधी लंबित योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान सांसद ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई। सांसद कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने मुरहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड और अतिरिक्त कमरों के निर्माण की मांग रखते हुए कहा कि जनहित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए अस्पताल भवन का विस्तार जरूरी है। इसके अलावा सांसद ने सरायकेला-खरसावां जिले में प्रस्तावित 500 बेड अस्पताल के भवन निर्माण कार्य का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल का निर्माण कार्य 12 नवंबर 2011 को शुरू किया गया था और इसके लिए 25 एकड़ भूमि भी उपलब्ध कराई गई है, लेकिन वर्षों से योजना का कार्य बंद पड़ा हुआ है।

### हनुमान मंदिर में तीसरी बार चोरी, तांबे-पीतल के बर्तन ले गए चोर

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के केला बागान स्थित हनुमान मंदिर में बीती रात चोरों ने फिर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर मंदिर से तांबे-पीतल की कई कीमती पूजन सामग्री चुराकर फरार हो गए। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार चोर करीब 5 किलो का बड़ा घंटा, एक हाथ वाली घंटी, पूजा की दो थालियां, 4-5 दिए, 5 कटोरियां, 5 गिलास, एक बड़ा लोटा, एक छोटा लोटा समेत तांबे-पीतल के कई बर्तन ले गए। तांबे के दो शेषनाग और अन्य धार्मिक सामग्री भी गायब है। सुबह पुजारी के पहुंचने पर चोरी का पता चला। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर में यह तीसरी चोरी है। इससे पहले भी दो बार मंदिर को निशाना बनाया जा चुका है, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को नहीं पकड़ पाई है। लगातार हो रही घटनाओं से मंदिर समिति और ग्रामीणों में दहशत के साथ गुस्सा भी है।

ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ पिठोरिया से कुछ किलोमीटर दूर विशाल शिव कथा का आयोजन चल रहा है, जहां लाखों की भीड़ जुट रही है। वहीं दूसरी तरफ भगवान के मंदिर में चोरी होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और प्रशासन की लापरवाही दर्शाता है। लोगों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई कर चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने लिया ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के कई इलाकों में रविवार को हुई भारी वर्षा, तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने मुरहू प्रखंड के कई गांवों में भारी क्षति पहुंचाई। सोमवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने प्रभावित गांवों कुंजला, खूंटी टोला, दुलवा, ईठे, चारिद, बरटोली, पोकला सहित अन्य गांवों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि तेज हवा और पत्थर पानी के कारण कई घरों की छत क्षतिग्रस्त हो गई। इससे गरीब परिवारों के सामने रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। काशीनाथ महतो ने बताया कि कई परिवारों के घर पुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

**नई पहल** गांव में बनेगा खुशी आश्रम, जमीन चयनित, मानवीय विकास को केंद्र में रखा जाएगा

# कैंबो को आदर्श खुशी गांव के रूप में विकसित करने पर चर्चा

- **हर वर्ग के-बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों-के लिए आत्मविकास के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर/कैंबो ।** जहां खुशी, वहीं समृद्धि के संकल्प के साथ कैंबो गांव में रविवार को विशेष खुशी पंचायत का आयोजन किया गया। यह आयोजन खुशी मिशन अभियान के तहत जतरा बगीचा, कैंबो गांव में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव को एक आदर्श खुशी गांव के रूप में विकसित करने की रूपरेखा बनाई गई। इस बैठक में गांव के सामाजिक, शैक्षणिक और मानवीय विकास को केंद्र में रखते हुए खुशी आश्रम की स्थापना पर चर्चा की गई। आश्रम के लिए जमीन का भी चयन कर लिया गया। खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि प्रस्तावित खुशी आश्रम सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि ऐसा केंद्र होगा जहां गांव के हर वर्ग-बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों-के लिए सकारात्मक सोच, संस्कार, शिक्षा, सहयोग और आत्मविकास के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। चौहान ने यह भी बताया कि खुशी आश्रम कैसे संचालित होगा, इसमें ग्रामीणों की क्या भूमिका होगी और किस प्रकार पूरा गांव मिलकर "खुशी मिशन" को जनआंदोलन का रूप देगा।

#### "खुशी क्लास" बनेगी नई पीढ़ी की ताकत

खुशी मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ रजनीश कुमार ने खुशी पंचायत में विशेष रूप से खुशी क्लास की अवधारणा को खुलकर रखा। उन्होंने बताया कि खुशी क्लास के माध्यम से कैसे बच्चों और युवाओं में नैतिक शिक्षा, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित की जा रही है, यह विस्तार से बताया गया। अब तक झारखंड के 20 जिलों में खुशी रथ के मार्फत 614 गांवों में खुशी चौपाल व 589 स्कूल-कॉलेजों में खुशी क्लास का आयोजन हो चुका है। इस पहल का उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं, बल्कि ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो गांव और समाज को नई दिशा दे सके।

#### गांव के हर व्यक्ति को बनाया जाएगा खुशी का माध्यम

विशिष्ट अतिथि में वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल, होमियोपैथी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अरविंद पांडे, समाजसेवी, शिक्षाविद सह रोटेरियन प्रवीण राजगढ़िया, इनकी पत्नी करुणा राजगढ़िया, सीनेट मेंबर शिक्षाविद डॉ संजय प्रभाकर,युवा समाजसेवी उत्कर्ष तिवारी, कार्यकम का संचालन कर रहे, डॉ प्रो संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह अभियान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे गांव की साझी पहल होगी। खुशी पंचायत में इस बात पर भी चर्चा हुई कि कैसे गांव का हर व्यक्ति अपने व्यवहार, सहयोग और सकारात्मक सोच से दूसरों के जीवन में खुशी का कारण बन सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया पति शंकर उरांव ने किया। मौके पर वार्ड सदस्य प्रमिला देवी, संतोषी देवी सहित सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण प्रतिनिधि, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। खुशी मिशन परिवार ने सभी ग्रामीणों से इस अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया है, ताकि केम्बो गांव आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक "खुशी गांव" बन सके।

### 250 पेटी अवैध विदेशी शराब, कई ब्रांडों के स्टीकर व कई सामग्री बरामद

# अवैध शराब निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने 10 मई को प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में एसपी ने बताया कि 10 मई को उन्हें गुप्त सूचना मिली कि गोला थाना अन्तर्गत ग्राम-उपर खखरा टोला, पत्थलगढ़ा में एक बन्द घर में अवैध विदेशी शराब का निर्माण कर भारी मात्रा में भंडारण कर आस-पास के क्षेत्रों में तस्करी का कार्य किया जा रहा है। बताया कि उनके द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक (मु०) सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ चन्दन वत्स नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गोला थाना अन्तर्गत ग्राम-उपर खखरा टोला, पत्थलगढ़ा में छापेमारी की गई। जिसमें अवैध विदेशी शराब का निर्माण व भंडारण कर बिक्री करने में संलिप्त दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर (1) मनोज मुर्मू, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता-भगतु मांझी, ग्राम-ऊपर खखरा टोला, पत्थलगढ़ा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ एवं (2) भदरू सिंह, बताया। पकड़े गये व्यक्तियों की निशानदेही पर तीन घरों में छापेमारी की गई। जिसमें भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब, विदेशी शराब निर्माण करने से संबंधित सामग्री व अन्य सामग्री बरामद किया गया है। इनलोगों द्वारा विदेशी शराब का अवैध निर्माण करने के उपरांत इस पर फर्जी तरीके से होलोग्राम का उपयोग कर भंडारण कर तस्करी की जा रही थी । इस संदर्भ में गोला थाना कांड सं0- 51/2026, दिनांक-10.05.2026, धारा-111 (2) (इ)/111(3)/111(4)/340(2)/342(2)/274/275/292 भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत कांड दर्ज किया गया है और गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों :** मनोज मुर्मू, भदरू सिंह आदि शामिल हैं।

बरामद सामानों : विभिन्न ब्रांडो का करीब 250 (ढाई सौ) पेटी बिदेशी शराब , 300 लीटर का 6 (छः) पीस ड्राम में करीब 1800 लीटर तैयार किया हुआ शराब एवं 01 (एक) पीस खाली ड्रम, 3 जार मोल्ट भरा हुआ लगभग-120 लीटर, रोयल गोल्ड कप स्मूथ लिखा हुआ लेबल (स्टीकर करीब 40 हजार), करीब 20,000 (तीन हजार) विभिन्न दारू कम्पनियों का कैप (सील), विभिन्न दारू कम्पनियों का करीब 250 (ढाई सौ खाली कार्टून), खाली पानी का जार करीब 50 (पच्चास) पीस, 40 निला रंग का जार में स्प्रिट करीब 1600 लीटर, खाली निला रंग का जार करीब 50 (पच्चास) पीस, विभिन्न आकार का शराब का खाली बोतल करीब 20000 (बीस हजार) पीस, बना हुआ शराब को भरने वाला नल लगा हुआ ड्रम 2 (दो) पीस (निला रंग का) आदि शामिल हैं।

## डीजल चोरी मामले में पुलिस ने पिकअप वाहन किया जब्त, जांच में जुटी पुलिस



- **लाइन होटलों के पास खड़े वाहनों से डीजल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं**

**बरकट्ठा।** गोरहर पुलिस ने जीटी रोड पर हो रही डीजल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक पिकअप वैन जब्त की है। बताया जाता है कि जीटी रोड पर लंबे समय से डीजल चोरी का एक संगठित रैकेट सक्रिय था, जिसे गोरहर पुलिस ने ध्वस्त करने में सफलता हासिल की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लाइन होटलों के पास खड़े वाहनों से डीजल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थी। ट्रक चालकों द्वारा कई बार स्थानीय थाना में इसकी मौखिक शिकायत भी की गई थी। बताया जाता है कि जीटी रोड किनारे टैंकर लगाकर बड़े पैमाने पर डीजल चोरी की जाती थी और यह धंधा कई महीनों से फल-फूल रहा था। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन जब्त किए जाने के बाद क्षेत्र में डीजल चोरी की घटनाओं पर रोक लगने की उम्मीद जताई जा रही है। इस संबंध में गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जीटी रोड पर डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोरहर के पातितिरि मोड़ के समीप ड्रम से लदे एक पिकअप वाहन जेएच 01सीएफ 3796 को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही चालक वाहन लेकर भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने पीछा कर वाहन को रुकवाया, लेकिन वाहन पर सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए।घटना सोमवार अहले सुबह की बताई जा रही है। पुलिस मामले के सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

## मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने चार घंटे तक किया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ -मार्ग एनएच 23 अंतर्गत बारलोंग चौक पर 11 मई को सुबह सड़क दुर्घटना में एक युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है बारलोंग निवासी निखिल महतो ( उम्र 23 वर्ष) पिता हीरालाल महतो सुबह 6 बजे सडक किनारे पैदल जा रहा थे। इसी क्रम विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आ गया जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही ग्रामीण सड़क पर इकट्ठा हो गए और सड़क को जाम कर दिया। जिससे लगभग चार घंटा आवागमन बाधित रहा। सूचना पाकर रजरप्पा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान परिजन एवं ग्रामीण मुआवजा की मांग की। वही रामगढ़ के अंचल कार्यालय सहायक माशूक अली घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर पुलिस के समक्ष पंचनामा किया एवं मृतक परिजनों को मुआवजा दिलाने की बात कही। तब जाकर ग्रामीणों ने सड़क जाम खोला। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया।

## भक्ति और आस्था का मंडा पर्व धूमधाम से मनाया गया

**गिद्दी।** कुरकुट्टा गांव में रविवार को भक्ति और आस्था का मंडा पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम में शिव भक्तों ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर रात्रि में लोटन सेवा किया। इसके बाद भोक्ता और सोक्ताइनों ने जलते अंगारों पर चलकर फंलकुंदी कर श्रद्धा और भक्ति का परिचय दिया। अंत में बनस झूला किया गया। रात्रि में मेला का आयोजन किया गया। जिसमें टाटा और पुरुलिया के छऊ नृत्य कलाकरों ने छउ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। इसका उद्घाटन मिश्राइनमोढ़ा पंचायत के मुखिया दासो मरांडी और पूजा समिति के लोगों ने फीता काटकर किया। इस मंडा पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष रविंद्र बेदिया, सचिव अमरलाल बेदिया, मुकेश बेदिया, दिनेश बेदिया, किशोर बेदिया, कालेश्वर बेदिया, रमेश बेदिया, बासुदेव बेदिया, पवन बेदिया, लालदेव बेदिया, दीपक बेदिया, विजय बेदिया, सत्यम बेदिया सहित गांव के ग्रामीण का योगदान किया।

### खेल युवाओं को प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करता है : सांसद

# कोबरा 203 वाहिनी ने 35 रन से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** रविवार की देर रात्रि बेंदगी पंचायत के जेबरा क्लब रामनगर हसनदाग में इंटर विलेज नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। साथ ही बल्लेबाजी कर प्रतिभागियों व आयोजकों का मनोबल बढ़ाया। सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल युवाओं को प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। वहीं विधायक श्री यादव ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना विकसित होती है। फाइनल मुकाबला पारा-11 और कोबरा 203 वाहिनी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोबरा 203 वाहिनी ने निर्धारित आठ ओवर में 103 रन बनाए। टीम की ओर से भूषण कुमार ने शानदार 60 रन की पारी खेली। जवाब में पारा-11 की टीम 68 रन पर सिमट गई। इस प्रकार कोबरा 203 वाहिनी ने 35 रन से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम के कप्तान दीपक कुमार को ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता पारा-11 के कप्तान योगेंद्र राणा को रनर-अप ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## नगर निगम में वार्ड समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू

**हजारीबाग।** नगर निगम कार्यालय के सभागार में आज नगर आयुक्त के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण साधारण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का ऐतिहासिक पहलू यह रहा कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम की धारा 34 के आलोक में पहली बार प्रत्येक वार्ड में वार्ड समिति के गठन को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक नगर आयुक्त-सह-नगरपालिका सचिव विपिन कुमार ने की। इस अवसर पर नगर प्रबंधक उपेंद्र कुमार, संतोष कुमार, प्रीतम कुमार सिंह एवं सतीश कुमार उपस्थित थे। साथ ही सभी सात जोनल अध्यक्षों की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक में वार्ड समिति के गठन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया जिससे वार्ड पार्षद विजय प्रसाद को वार्ड 1 से 5, वार्ड पार्षद बैद्यनाथ राम को वार्ड 6 से10, वार्ड पार्षद विकास कुमार यादव को वार्ड 11 से15, वार्ड पार्षद रूपाली कुमारी को वार्ड 16 से 20, वार्ड पार्षद मिताली रश्मि को वार्ड 21 से 25, वार्ड पार्षद दीप रंजन को वार्ड 26 से 30 और वार्ड पार्षद मो. मुस्तकिम को वार्ड 31 से 36 की वार्ड समिति के गठन के लिए पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में समिति के गठन की प्रक्रिया को विस्तार से साझा किया गया। समिति की संरचना से सभी को अवगत कराया गया। संबंधित वार्ड के पार्षद पदेन अध्यक्ष होंगे।

### संगम आउटसोर्सिंग के विरोध में भुरकुंडा के ग्रामीण हुए एकजुट

# पहले बसाओ, फिर उजाड़ो के नारे के साथ भुरकुंडा क्षेत्र कोयलांचल संघर्ष समिति का गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पंचायत भवन के सभागार में सोमवार को भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय कुमार पासवान की अध्यक्षता एवं आशीष गुप्ता के संचालन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीसीएल प्रबंधन द्वारा 7 मई को संगम कोलियरी में आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से शुरू किए गए कार्यों के खिलाफ ग्रामीणों की रणनीति तय करना था। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग कंपनी मनमानी रवैया अपनाते हुए भुरकुंडा क्षेत्र के लोगों को उजाड़ने की साजिश रच रही है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि बिना जानकारी और सहमति के किसी भी प्रकार का विस्थापन स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में 'पहले बसाओ, फिर उजाड़ो' का नारा बुलंद करते हुए मांग की गई कि सरकार की नियोजन नीति को लागू कर पहले स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के अधिकारों की अनदेखी कर किसी भी परियोजना को आगे बढ़ाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी मुद्दे को लेकर बैठक में सर्वसम्मति से 'भुरकुंडा क्षेत्र कोयलांचल संघर्ष समिति' का गठन किया गया। समिति की संरक्षक मंडली में मनोज कुमार राम पूर्व जिला परिषद सदस्य, एच.एन. यादव एवं प्रेमनाथ विश्वकर्मा को शामिल किया गया।

### लोजपा खेल एवं संस्कृति प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ने बाल तैराक को किया सम्मानित, कहा

# इशांक ने अपने प्रदर्शन से राज्य का नाम देश और दुनिया में किया है रोशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राजधानी रांची में झारखंड लोजपा खेल एवं संस्कृति प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ममता रंजन ने विश्व रिकॉर्ड होल्डर नन्हे तैराक चौंपियन इशांक सिंह के आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने इशांक सिंह को फूलों का गुलदस्ता, अंगवस्त्र एवं विशेष उपहार भेंट कर उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर गौरव व्यक्त किया। सम्मान समारोह के दौरान ममता रंजन ने इशांक सिंह को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में विश्व स्तर पर पहचान बनाना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि होती है और इशांक सिंह ने अपने साहस, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत के दम पर यह कर दिखाया है। गौरतलब है कि रांची निवासी युवा तैराक इशांक सिंह ने विगत 30 अप्रैल 2026 को लगातार 9 घंटे 50 मिनट तक समुद्र में तैरते हुए भारत और श्रीलंका के बीच स्थित बेहद चुनौतीपूर्ण पाल्क स्ट्रेट के लगभग 29 किलोमीटर लंबे समुद्री मार्ग को पार कर अपने नाम विश्व रिकॉर्ड दर्ज कराया। इस कठिन समुद्री अभियान को पूरा करना किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से कम नहीं माना जा रहा है। इशांक सिंह की इस ऐतिहासिक सफलता के बाद उन्हें विभिन्न सामाजिक, खेल एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सम्मानित किया जा रहा है और पूरे झारखंड में खुशी एवं गर्व का माहौल है। प्रदेश अध्यक्ष ममता रंजन ने कहा कि इशांक सिंह ने अपने शानदार प्रदर्शन से सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड राज्य का नाम देश और दुनिया में रोशन किया है। उन्होंने कहा कि पाल्क स्ट्रेट जैसी कठिन समुद्री चुनौती को पार करना असाधारण साहस और अनुशासन का परिचायक है। ममता रंजन ने कहा कि इशांक सिंह की यह उपलब्धि राज्य के हजारों युवाओं और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी तथा आने वाली पीढ़ी को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## आदिवासी कुड़मि समाज की बैठक

- **पूर्व मुखिया सुदर्शन महतो ने किया। इसदौरान सर्वसम्मति से कुड़मी भवन निर्माण कार्य को 24 मई से गति देने का निर्णय लिए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आदिवासी कुड़मि समाज व कुड़मि भवन निर्माण समिति की संयुक्त बैठक को फोरलेन निकट बिरेंद्र महतो के आवासीय भवन हुहुआ में हुई। अध्यक्षता कुड़मी भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया सुदर्शन महतो ने किया। इसदौरान सर्वसम्मति से कुड़मि भवन निर्माण कार्य को 24 मई से गति देने का निर्णय लिए। इसके आलावा शुरू हुए जनगणना में कुड़मि समुदाय को जाति कुड़मि,भाषा कुड़मालि एवं धर्म सारना दर्ज करने हेतु गांव गांव में जनजागरण चलाने का निर्णय लिया गया। आदिबासि कुड़मि समाज प्रदेश कमिटी अध्यक्ष मनसु महतो के निर्देश पर बैठक में प्रदेश संयुक्त सचिव शंकरलाल प्रसाद बंसरिआर ने पांच जिलों के अध्यक्ष के नामों की घोषणा की। जिसमें हजारीबाग जिला अध्यक्ष- प्रोफेसर महेश महतो, रांची जिला अध्यक्ष शिवचरण महतो, बोकारो अध्यक्ष किशुन महतो, चतरा अध्यक्ष महेश महतो एवं गोड्डा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र महतो के नाम कि घोषणा किए। बैठक में मुख्य अतिथि आदिबासि कुड़मि समाज के केंद्रीय सचिव बैजनाथ महतो, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सह सचिव भुवनेश्वर महतो, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद कछुआर, बंसत महतो,गणेश महतो, टेकलाल महतो, निरंजन महतो, सेवालाल महतो उमेश महतो,सुनील महतो, भुनेश्वर महतो, समुद्रनाथ महतो, बिरेंद्र महतो,भागीरथ महतो बसंत महतो, गणेश महतो आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

# दृष्टिपात

## भारतीय जनता पार्टी ने वैश्विक संकट के बीच आत्मनिर्भरता की की है अपील : राजीव



**रामगढ़।** विश्व स्तर पर अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव तथा वैश्विक आर्थिक अस्थिरता की आशंकाओं के बीच भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर देशवासियों से आत्मनिर्भरता और मितव्ययिता अपनाने की अपील की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "राष्ट्र प्रथम" संकल्प को मजबूत करने के लिए जनता से सात महत्वपूर्ण वचनों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। राजीव पामदत्त ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों का असर प्रत्येक देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे समय में भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखने के लिए आम नागरिकों की भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि रामगढ़ वासियों से छोटी-छोटी बचत और स्वदेशी को अपनाने का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा है जनता के संकल्प से भारत किसी भी वैश्विक आर्थिक संकट का मजबूती से सामना कर सकता है।

## शिव शंकर ज्वेलर्स लूटकांड में शामिल दो अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा



**रामगढ़।** एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने 10 मई को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि गत 21 अप्रैल को चितरपुर रजरप्पा मोड़ स्थित शिव शंकर ज्वेलर्स में डकैती की घटना को अपरधियों ने अंजाम दिया था । घटना के उपरांत प्रतिष्ठान के संचालक विष्णु प्रसाद पिता रंजीत प्रसाद के बयान पर रजरप्पा थाना कांड संख्या 48/2026 दिनांक 21 .04 .2026 दर्ज कर इसकी जांच की जा रही थी। बताया कि घटना में शामिल 7 अपराधियों को 24 अप्रैल को जेल भेज दिया गया था ।एसपी ने बताया कि डकैती में लूटे गये शेष सामानो की बरामदगी और घटना में शामिल अन्य अपराधियों की धर पकड के लिए छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर कांड के अभियुक्त सुभानी अंसारी उर्फ ललका , उम्र 46 वर्ष, पिता अब्दुल जब्बार, ग्राम बरकट्ठी, थाना मांडू, जिला रामगढ़ की पत्नी नाजमा खातून, उम्र करीब 40 वर्ष एवं दामाद शहनवाज हुसैन, पिता एहतेशाम अंसारी, सा बरकट्ठी, थाना मांडू, जिला रामगढ़ की निशानदेही पर नजमा खातून के घर से जमन में गाड़कर रखे गये सोना एवं चांदी जैसे धातू के जेवरात को बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। बताया कि डकैती मे शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन को लेकर तुईयो में निकाली गई कलश यात्रा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुईयो के शिव मंदिर प्रांगण में पांच कुंडिय गायत्री महायज्ञ के लिए कलश यात्रा सोमवार को निकाली गई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में महिला एवं कुमारी कन्याओं ने कलश उठाया ।विदित हो महायज्ञ 11मई से लेकर 13 मई तक चलेगा। जिसमें परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक शताब्दी के अवसर पर सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी शामिल थे। इस मौके पर मुखिया शंकर रविदास, उप मुखिया मंजू देवी, कन्हाई प्रसाद, विनोद राम, रेखा देवी, सरिता देवी, रामप्रसाद राम, राजेश प्रसाद, बसंत कुमार, सरस्वती देवी, संजय कुमार, राजेश कुमार, रमेशचंद्र यादव, रीतलाल प्रसाद, राजकुमार ठाकुर, अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रखंड इकाई बरकट्ठा समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## दस साल पहले बना बरकट्ठा का अडवार स्टेडियम बेकार, मंत्री से रख-रखाव की मांग



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा डीह अडवार स्थित मिनी स्टेडियम उपेक्षाओं का दंश झेलने को मजबूर है। प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र खेल स्टेडियम आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। मिनी स्टेडियम का निर्माण वर्ष 2016 में 84 लाख रुपए की लागत से ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। जिसके निर्माण के कुछ समय बाद ही खिलाड़ियों के लिए बनाया गया दो चेंजिंग रूम और स्टेडियम का प्रवेश द्वार टूटा पड़ा है। जिससे दोनों कमरा और खेल मैदान पशुओं का चारागाह बनकर रह गया है। मैदान में कुछ एक स्थान को छोड़कर हर तरफ छोटे छोटे पत्थर और ऊबड़-खाबड़ जमीन ह बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी ने झारखंड के खेल मंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से स्टेडियम के रख-रखाव पर ध्यान देने की मांग की है। उन्होंने स्टेडियम के चेंजिंग रूम, प्रवेश द्वार को दुरुस्त करने, मैदान को समतलीकरण कर घास लगवाने, मैदान के चारों ओर मास्क लाइट लगाने, दर्शकों के बैठने और पेयजल की व्यवस्था करवाने की मांग किया है।

## सीएमडब्ल्यूयू रेलीगढ़ा ब्रांच ने कंवेंशन का आयोजन किया, ब्रांच कमेटी का पुनर्गठन

**गिद्दी।** सीएमडब्ल्यूयू (एक्टू) रेलीगढ़ा ब्रांच का सोमवार को एकदिवसीय कंन्वेंशन का आयोजन किया गया। इस कंन्वेंशन की अध्यक्षता राशो सिंह, मोहन बेदिया और चेतलाल मांझी ने संयुक्त रुप से किया। कंन्वेंशन में बतौर मुख्य अतिथि यूनियन की वरिष्ठ नेता बैजनाथ मिस्त्री उपस्थित थे। मजदूर नेता बैजनाथ मिस्द्धी ने कंन्वेंशन को संबोधित करते हुए यूनियन पदधिकारियों से मजदूरों की समस्या के समधान के लिए लगातार प्रयासरत रहने की बात कही। जब तक हमलोगों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब हमलोग वार्ताएं करते रहेंगे। कंपनी से कई बार वार्ता के बाद भी कुछ समाधान नहीं निकल पाने असमर्थ हैं जो हमलोगों के लिए दुख की बात है। कंन्वेंशन के दौरान यूनियन के रेलीगढ़ा ब्रांच का पुनर्गठन किया गया।जिसमें चेतलाल मांझी अध्यक्ष, सकील अहमद उपाध्यक्ष, महादेव मांझी सचिव, सुदेश्वर लोहार सहसचिव, सुबोध नायक संगठन मंत्री, दिलू मुंडा कोषाध्यक्ष चुने गए।

# सिमडेगा में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर लगा जुर्माना



- 52 वाहनों से ₹1.16 लाख जुर्माना वसूला गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को बस स्टैंड परिसर एवं शहर के आसपास के क्षेत्रों में विशेष सड़क सुरक्षा एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना तथा सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करना था।अभियान के दौरान बस स्टैंड के मुख्य द्वार एवं आसपास अवैध रूप से वाहन खड़ा कर यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटे गए। कार्रवाई के क्रम में कुल 52 वाहनों से 1,16,001 की ऑनलाइन जुर्माना राशि वसूली गई।प्रशासन द्वारा बस स्टैंड परिसर एवं उसके आसपास भारी वाहनों, बसों तथा अन्य गाड़ियों को अव्यवस्थित तरीके से खड़ा नहीं करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करने तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई।अभियान के दौरान अंचल अधिकारी इम्तियाज अंसारी, मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन, अजीत रवि, नितेश, सिद्धार्थ राज, सिटी मैनेजर एवं पुलिस पदाधिकारी मनीष सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सिमडेगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 42 किलो गांजा और तीन पिस्टल के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस को गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 10 मई 2026 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि उड़ीसा के बलांगीर से भारी मात्रा में गांजा लेकर कुछ अंतरराज्यीय तस्कर स्विफ्ट डिजायर वाहन संख्या OD15X 4060 से सुंदरगढ़ होते हुए ठेठईटांगर के अंबापानी मार्ग से रांची की ओर जा रहे हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि वाहन में सवार अपराधियों के पास अवैध हथियार भी मौजूद हैं।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर दो संदिग्ध वाहनों को चिन्हित कर ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के टुकुपानी स्कूल टोली के समीप घेराबंदी की गई। जांच के दौरान पुलिस ने दुर्गेश कुमार सिंह उर्फ डिंपल महतो तथा दीपेश सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान दुर्गेश कुमार सिंह के पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं वाहन की सीट के अंदर बनाए गए विशेष कैबिनेट से कुल 76 पैकेट में 42.990 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। प्रेस वार्ता में एसपी श्रीकांत एस खोटरे ने बताया कि मामले में शामिल दूसरे वाहन से गांजा लदे वाहन को स्कॉर्ट किया जा रहा था। बाद में गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक राय की निशानदेही पर घटनास्थल के समीप पहाड़ी झाड़ियों से दो पिस्टल और दो मैगजीन भी बरामद की गई। बलांगीर उड़ीसा के गांजा तस्कर उछवा प्रधान उर्फ उछवा दादा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में पूर्व में भी कई बार इसी रास्ते से बिहार, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में गांजा सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। फिलहाल पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। प्रेस वार्ता के दौरान वरीय पुलिस उपाधीक्षक नवीन कुमार सहित अनुपस्थित रहे इधर इस सफलता में सिमडेगा थाना प्रभारी संजीत कुमार सहित कई लोगों की भूमिका रही।

## ठेठईटांगर प्रखंड के पर्यटन स्थल समितियों की बैठक, स्वच्छता और विकास पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों की संचालन समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज ने की। इस दौरान पर्यटन स्थलों के विकास, स्वच्छता एवं बेहतर प्रबंधन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।बैठक में बीडीओ नूतन मिंज ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पर्यटन स्थलों को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखना संबंधित समितियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पर्यटन स्थलों में डस्टबिन रखने तथा आवश्यक साइनबोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही पर्यटन स्थलों पर शराब सेवन नहीं करने और शराब की बोतलें नहीं छोड़ने को लेकर सख्ती बरतने की बात कही। उन्होंने शराब पीने वालों पर जुर्माना लगाने तथा जुर्माना राशि को बोर्ड पर अंकित करने का निर्देश भी दिया।बीडीओ ने समितियों को आय-व्यय का सही हिसाब रखने और नियमित रूप से कैश बुक मेंटेन करने को कहा।

इसके अलावा पर्यटन स्थलों पर पार्किंग स्थल विकसित करने एवं पार्किंग शुल्क लेने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रखंड के सभी पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों के लिए प्रत्येक समिति को 12 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है।बैठक में कैलाश धाम के पुजारी नारायण सिंह सहित अंजू खलखो एवं छुरिया धाम, राजडेरा, अलसंगा नंदी धाम और धूमरी पर्यटन स्थल की संचालन समितियों के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सभी ने पर्यटन स्थलों को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सहयोग करने की बात कही।

## सर्पदंश की घटना में एक युवक घायल

**बानो** बानो प्रखंड मुख्यालय के भिखरा टोली के समीप रविवार देर शाम सर्पदंश की घटना में एक युवक घायल हो गया।घायल समड़ेगा निवासी24 वर्षीय रोशन लुगुन है।मिली जानकारी के अनुसार रोशन लुगुन किसी काम से बाइक से भिखराटोली रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भिखराटोली के समीप रास्ते में रुकने पर अचानक एक सांप ने उन्हें काट लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुंचाया गया।अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक का इलाज शुरू किया। जिसके बाद उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने से युवक की स्थिति अब खतरे से बाहर है।

## संगठन की मजबूती से भाजपा बनेगी और सशक्त : अमित कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री अमित कुमार उपस्थित रहे। वहीं बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक पुरी ने की।
बैठक को संबोधित करते हुए अमित कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठन की ताकत के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की असली ताकत है और बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनता से संवाद स्थापित करने तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के उद्देश्य से कार्य करने वाली पार्टी है। कार्यकर्ताओं को अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भावना के साथ संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान भी किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक पुरी ने कहा कि भाजपा लगातार जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच कार्य कर रही है तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।बैठक का मंच संचालन जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री रवि गुप्ता ने किया।

## समसेरा विद्यालय में दो शिक्षकों की बहाली, ग्रामीणों में खुशी

**बोलबा।** प्रखंड के समसेरा पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय समसेरा बखरी टोली में शिक्षकों की कमी को देखते हुए ग्रामीणों एवं मुखिया के प्रयास से दो प्रशिक्षित शिक्षकों की बहाली की गई। नियुक्त शिक्षकों में जोन केरकेट्टा एवं करिश्मा खेस्स शामिल हैं, दोनों एमए प्रशिक्षित हैं और विद्यालय के पोषक क्षेत्र के निवासी हैं।विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है, लेकिन लंबे समय से केवल एक पारा शिक्षक शिलानंद कुल्लू के भरोसे पठन-पाठन चल रहा था। इस समस्या को लेकर मुखिया सुरजन बड़ाईक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर अवगत कराया था, लेकिन समाधान नहीं हो सका।शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावक बच्चों को दूसरे विद्यालयों में भेजने लगे थे। वर्तमान में विद्यालय में 44 बच्चे अध्ययनरत हैं।



## 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान के तहत बंदियों को मिल रही कानूनी सहायता

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगाः न्याय केवल अदालतों तक सीमित न रहे,बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसकी पहुंच सुनिश्चित हो। इसी उद्देश्य के साथ झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा द्वारा 90 दिवसीय विशेष विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंडलकारा में बंद विचाराधीन एवं सजायाफ्ता कैदियों तक कानूनी सहायता और जागरूकता पहुंचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गठित तीन विशेष टीमों में से प्रतिदिन एक टीम मंडलकारा पहुंचकर बंदियों से सीधा संवाद स्थापित कर रही है। टीम के सदस्य जेल में बंद कैदियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं तथा उनके मामलों की प्रगति,कानूनी सहायता की उपलब्धता और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं। डालसा सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि कई बंदी ऐसे होते हैं जिन्हें अपने कानूनी अधिकारों,मुफ्त विधिक सहायता और न्यायिक प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं होती। ऐसे में यह अभियान उनके लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बंदियों को यह बताया जा रहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर,असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्ति को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही उन्हें अपील करने के अधिकार,जमानत प्रक्रिया,मुकदमे की स्थिति और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान को प्रभावी तरीके से संचालित करने के लिए चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव,डिप्टी एलएडीसीएस ब्रीखभान अग्रवाल तथा असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया है।

## विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी की पहल पर कुंदुरडेगा में नया ट्रांसफार्मर लगा, ग्रामीणों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत कोलेबिरा पंचायत के कुंदुरडेगा गांव में छह माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के कारण बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्य और रात्रि में आवागमन प्रभावित हो रहा था। कई प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी को आवेदन देकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की।ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए राकेश कोनगाड़ी ने इसकी जानकारी को दी। विधायक ने तत्काल बिजली विभाग के एसडीओ को नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक के निर्देश के बाद अगले ही दिन गांव में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया और बिजली आपूर्ति बहाल हो गई।सोमवार को ग्रामीणों की उपस्थिति में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया ने कहा कि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हैं और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

**पंचायत सभा** बंदरचुंआ ग्राम सभा की बैठक में पेसा नियमावली 2025 पर हुई ग्राम सभां

# बालू घाट तथा छोटे खनिजों पर भी ग्राम सभा का अधिकार :नमन विक्सल

**नवीन मेल संवाददाता**





**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत बंदरचुंआ पंचायत के बंदरचुंआ गांव में ग्राम सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जेम्स पी. केरकेट्टा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि पेसा नियमावली 2025 आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्वशासन और अधिकारों की रक्षा करने वाला ऐतिहासिक कानून है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अधिनियम 1935 से लेकर सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट और विल्किंसन रूल जैसे कानून आदिवासी समुदायों को जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति, परंपरा एवं रीति-रिवाजों पर अधिकार प्रदान करते हैं। पेसा नियमावली इन्हीं संवैधानिक अधिकारों को और अधिक मजबूत करने का कार्य करती है।उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की अनुमति के बिना भूमि अधिग्रहण नहीं किया जा सकता। लघु वनोपज, बालू घाट तथा छोटे खनिजों पर भी ग्राम सभा का अधिकार होगा। किसी भी सरकारी योजना का चयन ग्राम सभा की सहमति से ही किया जाएगा। इसके लिए ग्राम सभा में 33 प्रतिशत उपस्थिति और उसमें भी 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य होगी।विधायक ने कहा कि स्थानीय विकास, संसाधनों के उपयोग और विवादों के समाधान से जुड़े निर्णय अब अधिकारी नहीं बल्कि ग्राम सभा करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी शुरू से पेसा कानून और आदिवासी अधिकारों की समर्थक रही है, जबकि भाजपा ने हमेशा इस कानून को रोकने और कमजोर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद ही पेसा नियमावली लागू की गई ताकि इसका सीधा लाभ स्थानीय ग्राम सभाओं को मिल सके। बैठक के दौरान विधायक ने भाजपा और आरएसएस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों संगठन मिलकर फिर से "स्वर्ण व्यवस्था" लागू करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस सामाजिक न्याय, समान अधिकार और आदिवासी स्वशासन की पक्षधर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियां बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाली हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की खनिज और वन संपदा का दोहन बढ़ा। मौके पर विकटोर डुंगडुंग, दानियेल समद तथा मुखिया बिलयम समद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### गंभीर बीमारी से जूझ रही बच्ची की मदद को आगे आए कोलेबिरा विधायक



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के जलडेगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम टांगिया निवासी खुशबू कुमारी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी।इसकी जानकारी मिलते ही कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने तत्परता दिखाते हुए मामले को झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के संज्ञान में लाया। मंत्री के निर्देश पर बच्ची के इलाज के लिए अनुदान राशि स्वीकृत की गई।इसके बाद विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने खुशबू कुमारी की माता को सहायता राशि का चेक सौंपा और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और भविष्य में भी हर जरूरी सहयोग किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को दें, ताकि समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।कार्यक्रम के दौरान कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी,अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा, जिला सचिव सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,पंचायत अध्यक्ष कुलदीप सोरेंग,मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग,विनय केरकेट्टा,संतोष बा, प्रखंड महासचिव तनवीर अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नवागांव कोटलेमार्चा में नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी



**बानो।** प्रखंड के बड़काडुइल पंचायत अंतर्गत नवागांव कोटलेमार्चा में 25 केवीए क्षमता वाले नए ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। की पहल पर लगाए गए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, विधायक प्रतिनिधि जगदीश बागे, बड़काडुइल मुखिया सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, बिंतुका मुखिया प्रिति बुढ़ तथा लाइनमैन एरिक केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस मौके पर अनिल लुगुन ने बताया कि वर्ष 2023 से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति ठप थी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक सुदीप गुड़िया ने त्वरित पहल करते हुए नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करायातनवीर हुसैन और जगदीश बागे ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। मौके पर अमर लुगुन, बालमती देवी, बुद्धेश्वर सिंह, रेवती देवी, फुलचंद केरकेट्टा, आनंद मासी भुइंया, फुलमनि भुइयां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सिमडेगा एसपी कार्यालय में जनता दरबार, नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं



**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे द्वारा रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।जनता दरबार के दौरान एक-एक कर लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर कार्रवाई करने की बात कही गई। इस दौरान अरुण ब्रिजेश बड़ाईक पिथरा बंधटोली, प्रमिला कुमारी कोनमेंजरा कुम्हारटोली, इरमा खेस्स मरियमपुर, जगरनाथ साहु बांसजोर, सुरूचि देवी सलडेगा मोदीटोली एवं जगेश्वर बिंझिया केलुगा ने अपनी-अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और जनता दरबार के माध्यम से लोगों को सीधा संवाद का अवसर दिया जा रहा है।

### कोलेबिरा में जनगणना-2027 को लेकर स्वगणना कैंप आयोजित

**कोलेबिरा** । भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना-2027 के तहत सोमवार को प्रखंड कार्यालय कोलेबिरा सभागार में स्वगणना कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अनूप कच्छप ने की।कैंप में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार, जनगणना प्रभारी सुदर्शन जोजो एवं तकनीकी सहायक विश्वजीत सोनी सहित कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और पंचायत कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि नागरिक 1 मई से 15 मई तक ऑनलाइन पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। स्वगणना से मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य अधिक सरल, पारदर्शी और सटीक होगा।बीडीओ अनूप कच्छप ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने की अपील की। जनगणना प्रभारी सुदर्शन जोजो ने कहा कि नागरिक निर्धारित समय सीमा के भीतर सही एवं पूर्ण जानकारी ऑनलाइन दर्ज करें।

### बानो प्रखंड में जनगणना-2027 को लेकर स्वगणना कैंप आयोजित

**बानो।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना-2027 के तहत जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के लिए स्वगणना हैंड होल्डिंग कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने की।कैंप में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को ऑनलाइन स्वगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि नागरिक 1 मई से 15 मई तक ऑनलाइन पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज कर सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि स्वगणना से मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य अधिक सरल, पारदर्शी और सटीक होगा।बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं दुकानदारों से लोगों को जागरूक करने की अपील की।

### संयुक्त विस्थापित मोर्चा ने संगम आउटसोर्सिंग के खिलाफ फूंका आंदोलन का बिगुल

# संगम खुली खदान में 16 मई को चक्का जाम की दी चेतावनी, प्रबंधन पर लगाया अनदेखी का आरोप

● पहले रोजगार, फिर परियोजना की मांग को लेकर सौंपा गया पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के भुरकुंडा संगम खुली खदान में आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से शुरू किए गए कार्यों के खिलाफ क्षेत्र के ग्रामीणों और विस्थापितों का आक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। संयुक्त विस्थापित प्रभावित मोर्चा ने प्रबंधन पर स्थानीय लोगों की समस्याओं और मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए 16 मई को संगम खुली खदान में चक्का जाम आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को मोर्चा ने प्रबंधन को पुनः मांग-पत्र सौंपते हुए बताया कि 4 मई को भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारियों को छह सूत्री मांग-पत्र सौंपा गया था। लेकिन अब तक किसी भी मांग पर सकारात्मक पहल नहीं की गई। इससे विस्थापित एवं प्रभावित परिवारों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना स्थानीय लोगों को विश्वास में लिए और पुनर्वास व रोजगार सुनिश्चित किए किसी भी परियोजना को लागू करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। मोर्चा ने मांग की है कि विस्थापित रैयतों को नियमानुसार नौकरी, उचित मुआवजा एवं पुनर्वास की व्यवस्था दी जाए। साथ ही आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय विस्थापित बेरोजगार युवाओं को शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया जाए। मोर्चा ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य में भी स्थानीय विस्थापितों को प्राथमिकता देने की मांग रखी है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की नियोजन नीति के तहत पहले क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाए, उसके बाद ही परियोजना का कार्य आगे बढ़ाया जाए। लोगों ने साफ कहा कि पहले रोजगार, फिर परियोजना की मांग से कोई समझौता नहीं होगा। सौंपे गए मांग-पत्र में देवरिया बरगांवा, कुरसे, बलकुदरा और दुंदुवा राजस्व गांवों में विकास कार्यों के लिए सीएसआर मद से प्रतिवर्ष एक-एक करोड़ रुपये खर्च करने की मांग भी उठाई गई है। इसके अलावा नव निर्मित यूको पार्क में स्थानीय विस्थापितों को रोजगार देने तथा अंचल अधिकारी पतरातू द्वारा भौतिक सत्यापन कर विस्थापित पहचान-पत्र जारी करने की मांग शामिल है। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि 14 मई तक मांगों पर ठोस पहल नहीं की गई, तो 16 मई को संगम खुली खदान में चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन के दौरान उत्पन्न किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी सी.सी.एल. प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## अपार कार्ड बनाने में देवघर फिसड्डी, राज्य के 24 जिलों में 20वें स्थान पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** बच्चों की शैक्षणिक पहचान और उनके अकादमिक रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए बनाए जा रहे अपार कार्ड (APAAR ID) को लेकर देवघर जिले में गंभीर स्थिति देखने को मिल रही है। जिले में नए छात्रों का अपार कार्ड नहीं बन पाने के कारण स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि कई निजी स्कूल बिना अपार आईडी के बच्चों का एडमिशन लेने से इनकार कर रहे हैं। वहीं सरकारी स्कूलों में फिलहाल बिना आधार कार्ड के भी नामांकन लिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार ने बताया कि आधार कार्ड नहीं बनने की वजह से बच्चों का अपार कार्ड तैयार नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि अपार कार्ड निर्माण के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। तकनीकी समस्या को देखते हुए अब प्रशासन ने प्रत्येक बच्चे का आधार कार्ड बनवाने पर जोर देना शुरू कर दिया है, ताकि स्कूलों में आसानी से अपार आईडी तैयार हो सके। अपार कार्ड बच्चों के पूरे शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसमें विद्यार्थियों को एक विशेष पहचान संख्या दी जाती है। जिसके माध्यम से उनके अकादमिक करियर की पूरी जानकारी निकाली जा सकती है। इससे स्कूल प्रबंधन को भी रिकॉर्ड रखने में सहूलियत होती है और पूरी प्रक्रिया पेपरलेस बनती है। हालांकि, देवघर जिले की स्थिति चिंताजनक है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अपार कार्ड बनाने के मामले में देवघर राज्य के 24 जिलों में से 20वें स्थान पर है, यानी देवघर जिला केवल चार जिलों से ही आगे है। जिले के सभी अंचल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## कोडरमा में 55 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद, आत्महत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** जिला कोडरमा थाना क्षेत्र के तिलैया-जयनगर मुख्य मार्ग स्थित लाराबाद के पास ढाबे के पीछे एक शव बरामद हुआ है। शव मिलने की सूचना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामजी यादव के रूप में की गई है, जो कोडरमा थाना क्षेत्र के गरहाई का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पिपराडीह गांव के कुछ लोग टहलने के लिए खेत की ओर गए हुए थे, इसी दौरान उनकी नजर खेत में बेसुध पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। बाद में पता चला कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जांच के दौरान पुलिस को खेत से रामजी यादव के कुछ सामान और जहरीला पदार्थ बरामद हुआ है। लोगों को आशंका है कि रामजी यादव ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। बता दें कि कि रामजी यादव बालू गाड़ी में बतौर मजदूर काम किया करते थे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–गोखुल राम, उम्र–71 वर्ष, उँचाई–5 फीट 4 ईंच, रंग–गोरा,**
**पहनावा–नीला रंग का हाफ टी शर्ट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति गोखुल राम, उम्र–71 वर्ष, पिता–गरीबा राम, महुगावॉ, थाना–चैनपुर, जिला–पलामु जो दिनांक–23.04.2026 को राँची रेलवे स्टेशन से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में कॉके थाना सन्हा सं0–12/2026, दिनांक–25.04.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, मु0 प्रथम, राँची। –9431706141
थाना प्रभारी, कॉके, राँची। –9431706185

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 379519 (Police)26-27*D


## जमशेदपुर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने महिला को कुचला, चालक वाहन छोड़कर फरार

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित आकाशदीप प्लाजा के समीप सोमवार को सड़क किनारे पैदल जा रही एक महिला को तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर काफी तेज गति में था और चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। लोगों का कहना है कि चालक ने महिला को टक्कर मारने के बाद वाहन रोकने की बजाय कुछ दूरी तक ट्रेलर को आगे बढ़ाया। हालांकि, घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटती देख चालक ट्रेलर को बीच सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए इलाके में यातायात भी प्रभावित रहा और दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है। इसके लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चालक की पहचान की जा सके। साथ ही ट्रेलर के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिक का भी पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने माना है कि हादसा तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही के कारण हुआ। पुलिस ने जल्द आरोपित चालक को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया है।

# खराब पड़े 16 सोलर मीनारों और 28 चापानलों की होगी मरम्मति : अभियंता

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** रीवर साइड बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिये ग्रामसभा सह एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी और संचालन पंचायत सचिव झमनलाल महतो ने किया। ग्रामसभा में पंचायत क्षेत्र की जलापूर्ति योजनाओं को दुरुस्त करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति से पंचायत में खराब पड़े 16 सोलर जलमीनारों की मरम्मत कराने का निर्णय लिया गया। इनमें 12 जलमीनारों की मरम्मत जिला योजना मद से और चार की मरम्मत ग्राम पंचायत मद से कराई जाएगी। इसके अलावा पंचायत क्षेत्र के 28 खराब चापानलों की मरम्मत कराने पर भी सहमति बनी। ग्रामीणों की जरूरतों को देखते हुए पंचायत के विभिन्न टोलों में 21 नए चापानल और आठ नए सोलर जलमीनार स्थापित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद मुखिया के नेतृत्व में कनीय अभियंता रौशन राज बास्के, सहायक अभियंता विमांशु कुमार एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत क्षेत्र के खराब जलमीनारों और चापानलों का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने का भरोसा दिया। बैठक में पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, दया मुनि मुर्मू, बीना देवी, सईया रंजू सिंह, आंगनबाड़ी सेविका एलिजाबेथ डोडराय, सहायिका शकुंतला देवी, पंचायत स्वयंसेवक सेहनया कुमारी, पवन कुमार, पार्वती देवी, विनोद सोनी, नागेंद्र पंडित, आलोक मजूमदार, हीरा भूमिया, हिना कुमारी, सावित्री देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**
**Email Id :- npkhunti2006@gmail.com**
**(अभियंत्रण शाखा)**

पत्रांकः 01खूँटी, दिनांकः 11.05.2026

**शुद्धि पत्र**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या KNP/03/2026-27**
**(PR No. 379329)**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | शुद्धि कार्य का नाम | शुद्धि प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 6 | construction of P.C.C. Road at Ward No.06 from Samudaik bhawan to h/o Ajay kumar ram at Mohnatoli, Under Nagar Panchayat, Khunti 2026-27 | 9,87,788/- | Repairing of P.C.C. Road at Ward No.06 from h/o Main road at mohnatoli to balika ucch vidhyalay and h/o banerjee to h/o sunil sahu and h/o Muninath mishra to h/o Vikash chowdhary and h/o virendra to h/o pamesh, Under Nagar Panchayat Khunti 2026-27 | 9,92,200/- |

नोटः– शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगे।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 379506 (Urban Development)26-27*D


# धनबाद में पेयजल संकट को लेकर भाजपा का जोरदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**




**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जिला समाहरणालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा महानगर और ग्रामीण इकाई की ओर से आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रतीकात्मक रूप से मटके फोड़कर अपना आक्रोश जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि बराकर और दामोदर जैसी बड़ी नदियों से घिरे होने के बावजूद धनबाद की जनता का पानी के लिए तरसना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार 'नल-जल योजना' के माध्यम से हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए पर्याप्त फंड भी दे रही है, लेकिन झारखंड सरकार इस योजना में भी भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और सरकारी उदासीनता के कारण आज जिले के कई क्षेत्रों में लोग डोभा, चुआं और नालों का प्रदूषित पानी पीने को विवश हैं। मरांडी ने याद दिलाया कि झारखंड गठन के बाद भाजपा सरकार ने मैथन डैम से धनबाद तक पानी लाने का ऐतिहासिक कार्य किया था, लेकिन वर्तमान सरकार की कुंभकर्णी नींद ने स्थिति को बदतर बना दिया है। इस विरोध प्रदर्शन में नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो, पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह और बाघमारा विधायक शत्रुघन महतो समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जिले में जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है और चापानल सूख चुके हैं, फिर भी प्रशासन और विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री तारा देवी, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय और ग्रामीण अध्यक्ष मोहन कुंभकार सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## वाहन चोरी के अंतरराज्यीय गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले की गालुडीह पुलिस ने बहुचर्चित वाहन चोरी मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस नेआरोपित के घर से तीन चोरी की मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ झारखंड और ओडिशा के विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सोमवार को ग्रामीण एसपी शुभम खंडेलवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गालुडीह थाना दर्ज मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। यह मामला 28 दिसंबर 2025 की रात करीब दो बजे चोरी हुई विंगर वैन ( डब्लू बी 25 एफ 7922 ) से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में पहले ही दो आरोपितों मांझीया टुडू उर्फ प्रेम टुडू और सत्यवान कुम्भकार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था तथा चोरी की विंगर वैन भी बरामद कर ली गई थी। हालांकि मामले का एक अन्य आरोपित बिरसन मुण्डा फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के निर्देश पर ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम को गुप्त सूचना मिली किआरोपित सरायकेला-खरसावां जिले के चौका थाना क्षेत्र स्थित मुटुडा गांव में अपने घर पर छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर बिरसन मुण्डा उर्फ बिरसेन मुण्डा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपित की निशानदेही पर उसके घर के आंगन से तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गईं। इनमें एक स्प्लेंडर प्रो (जेएच 05बीडी2504)एक लाल-काला रंग की टीवीएस अपाचे बाइक तथा एक सफेद-नीले रंग की होंडा डियो स्कूटी शामिल है।

### 12 घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति सेवा रहेगी बाधित

**बरकट्ठा।** चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार 12 मई को बिजली आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी। इसकी जानकारी बरही विद्युत सहायक अभियंता सत्यनारायण भोगता एवं बरकट्ठा कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने दिया। बताया कि मंगलवार को कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन केटीपीएस में 315 एमभीए के ट्रांसफार्मर आईसीटी 2 की इमरजेंसी मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण चलकुशा पावर हाउस का लाइन प्रखंड क्षेत्र में सुबह 6 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक बंद रहने से बिजली आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department, Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement , Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/06/2026-27**

1. Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of R.C.C Drain from H/o Narsingh Rana to H/o Himanshu Rana and from Hasim Ansari to Dilip Dukan via H/o Bablu Ansari and from Shastri Chowk to Patel Chowk, Construction of New P.C.C Road from H/o Pandey Ji to H/o Sanjay Rana in Ward No. 03 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 25,00,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 2. | Repair of P.C.C Road from H/o Sunil Kumar to Main Road NH-33 in Bundel Nagar in Ward No. 05 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 11,95,000/- | 24,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 3. | Construction of P.C.C Road from Umesh Sah House to Chetlal House in front of Railway Station, Inside Boundry Wall & from N.H. Chandra road Sagar hotel owner's Hosuse to Sohar Sah House and Laying of Paver Block from Banty Soni House to Vinod Soni House in Vishnupuri Ward No. 24 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,99,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 4. | Construction of B.T Road from Carmal Chowk Shiv Mandir to Sadanand Road and Shiv Mandir (Back Side) to Bank of India Branch Saketpuri to Sadanand Road near Wells Ground in Ward No. 13 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,99,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 5. | Construction of B.T Road from H/o of Gautam Sagar Rana to Sanjay Keshri (Up to Durga Mandap) in Devidayal Lane & Construction of R.C.C Drain in Pappu Honda Gali Nawabganj Ward No. 14 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,90,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 6. | Construction of R.C.C Drain from Sardar Chowk to Bangali Colony & Laying of Paver Block from Jack & Jill School to Bengali Colony in Ward No. 15 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,90,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 7. | Construction of B.T Road from Sabir Hussain House to H/o of Md. Moktar Khan Road in Chistiya Mohalla in ward No. 16 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,99,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 8. | Construction of R.C.C Drain & Paver Block near Pawan Agarwal to H/o Neeraj Kumar House and Culvert Difference Place in Ward No. 27 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 25,00,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 9. | Construction of R.C.C Drain from Masjid to Khirgaon Kabristan Chowk in Ward No. 31 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,97,700/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 10. | Construction of P.C.C Road from H/o Mohan Gope to the H/o Ansari Babu and Construction of P.C.C Road & R.C.C Drain in sirka Ward No. 32 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,99,000/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 11. | Construction of P.C.C Road from Sarna Sthal to the H/o Sushil Toppo, from NH-33 to H/o Dilip Gupta in Ward No. 36 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,99,100/- | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | 15.05.2026 at 11:00 A.M. | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | 29.05.2026 up to 5:00 P.M. | | | |
| 4. | Bid Opening date | 30.05.2026 at 05:00 P.M. | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 7004394602 | | | |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/नवि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Municipal Commissioner
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 379533 Urban Development and Housing(26-27)#D


# विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ी हजारों की भीड़, गूंजा संगठन और राष्ट्रभाव का संदेश

● कुणाल ने राष्ट्र, धर्म और समाज के समक्ष उपस्थित सामाजिक, वैश्विक चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त हजारीबाग विभाग अंतर्गत बरकट्ठा खण्ड के चुगलामो मंडल स्थित तुर्कबाद बाज़ार मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के दूर-दराज़ से हजारों की संख्या में हिंदू समाज के बुद्धिजीवी, समाजसेवी, और धर्म प्रेमी उपस्थित हुए। पूरे कार्यक्रम में संगठन, संस्कार, समरसता और राष्ट्रभाव का ओजपूर्ण वातावरण बना रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता संत सीताराम शरण ने कीया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख कुणाल उपस्थित रहे। विषय प्रवेश हजारीबाग विभाग सह कार्यवाह मनोज राणा ने किया। अपने उद्बोधन में कुणाल ने राष्ट्र, धर्म और समाज के समक्ष उपस्थित सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, मानवीय, पर्यावरणीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में निर्धारित "पंच परिवर्तन" के माध्यम से इन समस्याओं के समाधान का मार्ग भी प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज में संगठन, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता को समय की नितांत आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में गीत, संगीत एवं वादन की प्रस्तुति कोडरमा जिला कार्यवाह मुकेश राणा ने दी, जिसने उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रभाव और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के नरेंद्र विद्यार्थी जी, विश्व हिंदू परिषद के विजय पांडेय जी, खण्ड पालक चंदन सिंहा जी ने भी अपने विचार रखे। मंचासीन अतिथियों का परिचय बरकट्ठा खण्ड कार्यवाह श्रीमान संतोष दास जी ने कराया, जबकि मंच संचालन बरकट्ठा खण्ड के बौद्धिक प्रमुख दीपक कुमार पांडेय ने प्रभावशाली एवं ओजपूर्ण शैली में किया। इस अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा सदस्य विधायक अमित यादव, बरकट्ठा उत्तरी जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, बरकट्ठा दक्षिणी जिला परिषद प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, चुगलामो पंचायत मुखिया फूलवंती देव,विश्व हिंदू परिषद बरकट्ठा प्रखण्ड अध्यक्ष भगीरथ प्रसाद, साप्ताहिक मिलन प्रमुख तुलसी कुमार, योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में व्यवस्था प्रमुख राजेंद्र यादव, ग्रामीण विकास जिला संयोजक प्रकाश चौधरी, ध्रुव नारायण बर्नवाल, ईश्वर बरनवाल, सोनुलाल , विजय पासवान, कुलदीपक पाण्डेय सहित अनेक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भोजन, जल, ध्वनि, स्वच्छता, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं में कार्यकर्ताओं ने सेवा और समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया।

### 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान के तहत +2 उवि बरही में कार्यक्रम आयोजित

**बरही (हजारीबाग)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) हजारीबाग द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान के तहत +2 उच्च विद्यालय बरही में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, सामाजिक कुरीतियों तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना था। डालसा सचिव रवि प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी सिकंदर कुमार दास, सुनील कुमार वर्मा एवं मो. अरमान हुसैन ने विभिन्न कानूनी विषयों पर जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय नवीन मेल

# बंगाल और तमिलनाडु में नई राजनीति की राह असान नहीं



इंडिया
सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जो आज बंगाल सोचता है वह देश कल करता है की कहावत पुरानी है पर विरोध,सादगी और किफायत की जिद्द पर चलती राजनीति में बंगाल में इतिहास बनानेवाले शुभेंदु अधिकारी हैं, जिन्होंने 34 वर्षों के वामपंथी शासन के बाद 2011 में सत्ता में आईं ममता बनर्जी को उनके गढ़ में चुनौती देकर और नंदीग्राम से लेकर भवानीपुर तक सीधी लड़ाई में उन्हें परास्त कर एक नई शुरुआत की । पश्चिम बंगाल के बारे में कहा जाता है कि जो सड़क जीत लेता है, वह चुनाव जीत लेता है पर यह इतना आसान नहीं था । चुनावपूर्व और चुनाव उपरांत हिंसा के बीच पिछले करीब पांच वर्षों से डटे रहे शुभेंदु पूरी आक्रामकता के साथ बंगाल की सड़कों से लेकर विधानसभा तक दिखते रहे और सीएम की कुर्सी तक पहुंचे । बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महिला असुरक्षा जैसे मुद्दों पर ममता सरकार की नाकामियों ने भी उनके लिए जगह तैयार की। बंगाल लंबे समय से चुनावी हिंसा और दलगत टकराव के लिए बदनाम रहा है। उनके विजयी समर्थक भी उत्साह में हैं ऐसे में, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि नई सरकार प्रतिशोध की राजनीति के बजाय परिवर्तन को प्राथमिकता दे । कभी देश का औद्योगिक केंद्र रहा यह राज्य अब निवेश आकर्षित करने में दूसरे राज्यों से काफी पीछे छूट चुका है। नई सरकार के सामने ठोस आर्थिक सुधारों की राह पर बढ़ने की भी चुनौती होगी जिसमें ममता बनर्जी के समर्थक विपक्ष को संभालना चुनौती होगी। बंगाल ने हमेशा देश की राजनीति को दिशा दी है। अब देखना यह होगा कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में गरीबी से जूझ रहा यह राज्य परिवर्तन का कौन-सा नया मॉडल प्रस्तुत करता है ? इसी प्रकार तमिलनाडु की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ आया, जब 1967 के बाद राज्य में पहली बार किसी गैर-द्रविड़ दल का मुख्यमंत्री बना है। अभिनेता से राजनेता बने सी जोसेफ विजय के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही दशकों से द्रविड़ दलों (द्रमुक और अन्नाद्रमुक) के बारी-बारी से सत्तासीन होने की परंपरा टूटी है, जो राज्य की राजनीति में नई पीढ़ी और एक नए राजनीतिक विमर्श के प्रवेश का संकेत भी है। कामकाज की बात करें तो अतिउत्साह में शपथ ग्रहण के समय ही जब भाषण देने लगे तो राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोका ।उन्होंने पहला हस्ताक्षर तमिलनाडु के सभी घरों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के आदेश वाले दस्तावेज़ पर किया। सीएम विजय ने मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए हर ज़िले में एक स्पेशल फ़ोर्स और महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष कार्य बल, 'लायनेस' की स्थापना के आदेश भी जारी किए।दक्षिण भारतीय राजनीति में सिनेमा और राजनीति का मेल नया नहीं है। अन्नादुरई, एम करुणानिधि और एमजीआर से लेकर जयललिता तक तमिल समाज ने फिल्मी सितारों को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक नेतृत्व के तौर पर भी स्वीकार किया है। विजय भी इसी परंपरा की नई कड़ी हैं, जिन्होंने अपनी सार्वजनिक छवि को राजनीतिक दिशा दी और युवाओं के बीच एक प्रभावशाली समर्थन तैयार किया। सिनेमा में भले नायक अकेले ही समस्याओं का समाधान कर देता है, लेकिन लोकतांत्रिक शासन में निर्णय सामूहिक जिम्मेदारी से लिए जाते हैं। उनके सामने गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को साथ रखने की चुनौती होगी। तमिलनाडु देश के उन राज्यों में गिना जाता है, जिसने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में, नए मुख्यमंत्री को सुनिश्चित करना होगा कि उनका कम प्रशासनिक अनुभव राज्य के विकास की राह में बाधा न बने। जल संकट, कृषि व औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याएं और मछुआरों की परेशानियां जैसे मुद्दे तो राज्य के सामने हैं ही, केंद्र-राज्य संबंधों में संतुलन बनाना भी उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परीक्षा होगी। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि विजय की राजनीति अब तक प्रमुखतः फिल्मों में प्रदर्शित भावनात्मक अपील और जनसंपर्क पर आधारित रही है, पर मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद उनसे ठोस नीतिगत दृष्टि की अपेक्षा की जाएगी। लोकतंत्र में हर नया नेतृत्व एक अवसर लेकर आता है। विजय का मुख्यमंत्री बनना भी इसका ही प्रतीक है, जिसमें तमिलनाडु नई ऊर्जा, नई सोच और नए राजनीतिक प्रयोग की ओर बढ़ रहा है। रील से रियल लाइफ में धूर्त नेताओं और अधिकारियों की गिरफ्त में आने से राजनीति के अनुभव और दांव-पेंच से दूर विजय कैसे बचेंगे यह निर्भर करेगा कि वे इस अवसर को सुशासन की स्थायी मिसाल में कैसे बदलते हैं ? अपनी विजय यात्रा के दौरान टीवीके प्रमुख विजय द्वारा ईसा मसीह की प्रतिमा उठाने की घटना ने हिंदू राष्ट्रवादी समूहों को आक्रोशित कर दिया है,जिनकी आपत्ति है कि यह गलत परंपरा है और आज तक नहीं हुआ, जिस पर राजनीति हो सकती है । विजय के समर्थकों का तर्क है कि वे एक समावेशी राजनीति के पक्षधर हैं और मंदिरों व दरगाहों में उनकी समान श्रद्धा रही है।

विचार प्रवाह

ईश्वर के साथ समरस होना और उनमें पूर्ण विश्वास 'रखना, जहां भी वे आपको रखें और आपके साथ जो भी करें उसी में संतुष्ट रहना, सब कुछ नम्रता एवं भक्ति से स्वीकार करना, अत्यंत अद्भुत होता है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

# बंगाल ने खुद को फिर से ढूंढ़ लिया

आज की बात




हरदीप सिंह पुरी
केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री

**"कोलकाता भारत की वाणिज्यिक राजधानी हुआ करती थी। बिड़ला एवं टाटा घरानों के साथ-साथ आईटीसी, ब्रिटानिया, कोल इंडिया, हिंदुस्तान मोटर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स के मुख्यालय भी यहीं स्थित थे। बर्नपुर स्थित इस्को की स्थापना 1918 में हुई थी, जबकि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वितीय पंचवर्षीय योजना का हिस्सा था"**

हावड़ा कभी एशिया का शेफील्ड कहलाता था। हुगली नदी के किनारे स्थित जूट मिलें इस उपमहाद्वीप के संगठित उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र हुआ करती थीं। कोलकाता भारत की वाणिज्यिक राजधानी हुआ करती थी। बिड़ला एवं टाटा घरानों के साथ-साथ आईटीसी, ब्रिटानिया, कोल इंडिया, हिंदुस्तान मोटर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स के मुख्यालय भी यहीं स्थित थे। बर्नपुर स्थित इस्को की स्थापना 1918 में हुई थी, जबकि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वितीय पंचवर्षीय योजना का हिस्सा था। वर्ष 1950-51 में, बंगाल ने देश के कुल मैन्यूफैक्चरिंग उत्पादन में लगभग 27 प्रतिशत हिस्से का योगदान किया था। मैं उस कलकत्ता को जानता था। विदेश सेवा में शामिल होने से पहले, मेरी शुरुआती नौकरियों में से एक इसी शहर में हिंदुस्तान लीवर में थी। कलकत्ता तब भी एक ऐसी जगह थी, जहां अपने संदूक के साथ आने वाला एक युवक इस बात के लिए आश्वस्त हो सकता था कि वह उस जगह पर आ गया है जहां से इस देश का वाणिज्य संचालित होता है। बत्तियां जलती रहीं। ट्रामें चलती रहीं। कंपनियों ने भर्तियां जारी रखीं।

जिस चीज को बनाने में एक सदी लगी थी, उसे आर्थिक कुप्रबंधन से कहीं बढ़कर सोची-समझी साजिश के जरिए ध्वस्त कर दिया गया। वाम मोर्चा ने 1977 में सत्ता संभाली। यह मोर्चा चौंतीस वर्षों तक सत्ता पर काबिज रहा। श्रमिक वर्ग के हितों की नारेबाजी का आड़ में, एक संगठित समानांतर राज्य ने जड़ें जमा लीं। मकान बनाने से लेकर दुकान चलाने, भट्टी स्थापित करने, परिवहन मार्ग को पंजीकृत कराने और पंचायत की बैठक आयोजित करने तक के लिए इजाजत लेनी होती थी। ये इजाजतें एक चंदे की एवज में मिलती थीं। कार्यकर्ता ये चंदा इकट्ठा करते थे। सत्तारूढ़ पार्टी में उसे अपने खाते में जमा करती थी। पूंजीपतियों को राज्य से निकाल बाहर करने वाली ट्रेड यूनियनबाजी इसका प्रत्यक्ष पहलू थी। जबरन वसूली से त्रस्त आम नागरिकों के वहां से निकल जाने की परिघटना तो खैर कैमरों में कैद ही नहीं हुई। वर्ष 2000 के दशक में, जब वाम मोर्चा ने खुद अपना रुख बदलने और टाटा मोटर्स को सिंगूर लाने की कोशिश की, तो विपक्ष में बैठी तृणमूल कांग्रेस ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, यह परियोजना 2008 में गुजरात चली गई। माफिया ने अपना चोला बदल लिया; वह खत्म नहीं हुआ।

वर्ष 2011 में, तृणमूल कांग्रेस 'परिवर्तन' के वादे पर सत्ता में आई। इसके बाद जो कुछ हुआ, वह नए रूप में पुरानी ही व्यवस्था के लौट आने जैसा था। चंदा, अब एवजी-रकम बन गया। कार्यकर्ता सिंडिकेट बन गए। राष्ट्रीय स्तर पर मैन्यूफैक्चरिंग में बंगाल की 27 प्रतिशत की हिस्सेदारी घटकर 5 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। कभी राष्ट्रीय औसत का 127 प्रतिशत रहने वाली, प्रति व्यक्ति आय लुढ़कर 84 प्रतिशत पर आ गई है। छह हजार से अधिक पंजीकृत कंपनियों ने अपने मुख्यालय कोलकाता से बाहर स्थानांतरित कर दिए हैं। कभी हावड़ा या साल्ट लेक में काम करने वाले बंगाल के बच्चे, अब बेंगलुरु,





हैदराबाद और पुणे में रहते हैं। अपनी नौकरी और अपने पैसों को राज्य से बाहर जाता देखने वाले, मतदाताओं को अपना हिसाब बराबर करना था और उनके हाथ में हिसाब बराबर करने का जरिया एक मतपत्र ही था। इस बदले के केन्द्र में महिलाओं से जुड़ा एक ऐसा रिकॉर्ड था, जिसका बचाव आजाद भारत के किसी भी सत्ताधारी को नहीं करना पड़ा। एक महिला मुख्यमंत्री के शासनकाल में राज्य की महिलाओं पर निर्मम अत्याचार हुए और उनकी हत्याएं हुईं। अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। रात भर घटनास्थल पर एक भीड़ द्वारा तोड़फोड़ की गई। कोलकाता पुलिस ने इस भीड़ को तितर-बितर करने की कोई कोशिश नहीं की। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस निष्कर्ष के आधार पर जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया कि कोलकाता पुलिस की जांच भरोसेमंद नहीं है। जूनियर डॉक्टरों की 42 दिनों की हड़ताल हुई। इस हड़ताल में कई महिला डॉक्टर शामिल रहीं।

जनवरी 2024 में, संदेशखाली की घटना हुई। सुंदरबन के एक द्वीप की महिलाएं तृणमूल के एक जिला परिषद सदस्य के खिलाफ सड़कों पर उतर आईं। तृणमूल का वह नेता पचपन दिनों तक फरार रहा। जबकि, राज्य की पुलिस चुपचाप बैठी रही और उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया। कभी अपने आंदोलनों के दौरान 'परिवर्तन' की बात करने वाली, एक मुख्यमंत्री ने एक ऐसे शासन का नेतृत्व किया जिसमें उनके राज्य की महिलाओं को उनके ही कार्यकर्ताओं के खिलाफ अदालतों व केन्द्रीय एजेंसियों की शरण लेनी पड़ी और सड़कों पर उतरना पड़ा। यह बेहद निंदनीय है। और घोर अन्यायपूर्ण भी।

बंगाल की महिलाओं को जो पीड़ा सहनी पड़ी, उसकी बराबरी केवल राज्य के युवाओं द्वारा उठाए गए नुकसान से ही की जा सकती है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई पहली छापेमारी की रात सॉल्ट लेक के एक बंद फ्लैट से 21 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। संबंधित संपत्तियों से हुई बरामदगी के बाद कुल राशि 50 करोड़ रुपये से अधिक की हो गई। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने शिक्षा मंत्री के रूप में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की अध्यक्षता की थी। अप्रैल 2024 में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक भर्ती के तहत 25 हजार सात सौ तिरपन शिक्षकों, ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इन नियुक्तियों को भर्ती प्रक्रिया के शुरुआती दौर से ही अवैध पाया गया था। इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाया गया और देश की सर्वोच्च अदालत ने 2025 में इसे बरकरार रखा।

बंगाल के युवाओं को जीवन में एक मजबूत आधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई स्कूली भर्ती की पूरी प्रक्रिया एक ऐसे अड्डे में तब्दील हो गई, जहां पदों को बेचा जा रहा था और वैध उम्मीदवार को भर्ती की कतार दिखाई ही नहीं दे रही थी। राशन घोटाला तो इस घोटाले से भी ऊपर था।इसमें एक और मौजूदा कैबिनेट मंत्री ज्योतिप्रिया मल्लिक फंस गईं। इसके ऊपर मवेशी घोटाला, रिश्वतखोरी का धंधा और सिंडिकेट का राज था। मतदाता इन सभी गठजोड़ों को समझ गया। माफिया द्वारा संचालित राज्य में रिश्वत देने से इनकार करने वाला नागरिक सबसे पहले पीड़ित होता है। इस रिकॉर्ड के सामने एक अलग ही तरह का रिकॉर्ड था। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ इक्कीस लाख घरों का निर्माण पूरा हुआ। जल जीवन मिशन के तहत पंद्रह करोड़ नल-जल के कनेक्शन लगाए गए। जबकि, 2019 में यह आंकड़ा तीन करोड़ का था। आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग पचपन करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का वार्षिक कवरेज मिला। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ने बंगाल के हर कल्याणकारी कार्यक्रम में होने वाले भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया। ये सभी काल्पनिक बातें नहीं हैं। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता ने इन्हीं बातों को आधार बनाकर वोट मांगा। उस आधार के पीछे एक नेटवर्क खड़ा था। पार्टी के बूथ के स्तर के कार्यकर्ताओं, पन्ना प्रमुखों, और चुनावी चक्रों के दौरान धमकियों, डरा-धमकाने और शारीरिक हिंसा का सामना करने वाले कार्यकर्ताओं ने प्रतिकूल परिस्थितियों में मतदाताओं के पंजीकरण, परिवहन और मतदान कराने के उन गैर-आकर्षक कामों को पूरा किया जिन्हें अन्य पार्टियों ने छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ धमकियां, केन्द्रीय बलों के लौट जाने के बाद होने वाले हाल से जुड़ी घोषणाएं और चुनाव के बाद की हिंसा के पिछले दौरों में गई जानें, ये सब कार्यकर्ताओं के लिए हवाई बातें नहीं थी। वे इन सब अनुभवों से गुजर चुके थे। गृह मंत्री श्री अमित शाह खुद बंगाल के विभिन्न जिलों में घूम-घूम कर देख रहे थे। कभी-कभी तो कुछ ही हफ्तों के भीतर पुराने कस्बे में दुबारा आते थे, क्योंकि वे जानते थे कि उनके कार्यकर्ता क्या कर रहे हैं। वे जो करने की कोशिश कर रहे थे, वह महज चुनावी उलटफेर भर नहीं था। यह एक गढ़ को ढहाने जैसा था।

# नर्सों का योगदान और विश्व स्वास्थ्य का भविष्य

अलग बात



महेंद्र तिवारी

मानवता की सेवा और उपचार की प्रक्रिया में नर्सों का योगदान अतुलनीय है। प्रत्येक वर्ष 12 मई को संपूर्ण विश्व अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाता है। यह दिवस केवल एक तिथि नहीं है बल्कि उस समर्पण और करुणा का सम्मान है जो नर्सें बिना किसी स्वार्थ के समाज को प्रदान करती हैं। इस विशेष दिवस का आयोजन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया जाता है। 1820 में जन्मी फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग को एक पेशेवर और सम्मानित स्वरूप प्रदान किया। क्रीमिया युद्ध के दौरान उन्होंने रात के अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायल सैनिकों की जिस प्रकार सेवा की उसने उन्हें लेडी विद द लैंप की उपाधि दी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि चिकित्सा केवल औषधियों का खेल नहीं है बल्कि इसमें स्वच्छता, सहानुभूति और निरंतर देखभाल का भी उतना ही महत्व है। वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की विषयवस्तु हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं निर्धारित की गई है। यह विषयवस्तु इस बात की ओर संकेत करती है कि भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए नर्सों का सशक्तिकरण अनिवार्य है। नर्सिंग सेवा का विस्तार केवल चिकित्सालयों की दीवारों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जो व्यक्ति के जन्म से लेकर जीवन के अंतिम क्षणों तक उसके साथ बनी रहती है। स्वास्थ्य प्रणाली में नर्सों की भूमिका एक सेतु के समान है जो चिकित्सक और रोगी के मध्य संवाद और उपचार को सुगम बनाती है। किसी भी आपदा या आपातकाल की स्थिति में नर्सें ही सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़ी नजर आती हैं। यदि हम वैश्विक आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के कुल कार्यबल का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा नर्सों और दाइयों का है। इसके बावजूद वैश्विक स्तर पर नर्सों की भारी कमी देखी जा रही है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगभग 60 लाख अतिरिक्त नर्सों की आवश्यकता होगी। यह आंकड़ा हमें सचेत करता है कि यदि समय रहते इस क्षेत्र में निवेश नहीं किया गया तो भविष्य में स्वास्थ्य प्रणालियाँ लड़खड़ा सकती हैं। भारत जैसे सघन जनसंख्या वाले देश में नर्सों का उत्तरदायित्व और भी अधिक बढ़ जाता है। भारतीय नर्सिंग परिषद के आंकड़ों के अनुसार देश में पंजीकृत नर्सों की संख्या लाखों में है परंतु प्रति 1000 जनसंख्या पर नर्सों की उपलब्धता अभी भी वैश्विक मानकों से कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है वहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की पूरी जिम्मेदारी नर्सों के कंधों पर होती है। वे न केवल प्रसव संबंधी सेवाएं प्रदान करती हैं बल्कि टीकाकरण अभियानों, संक्रामक रोगों के नियंत्रण और पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में नर्सों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण रहा है। वे समाज के सबसे निचले स्तर तक पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाती हैं। हाल के वर्षों में वैश्विक महामारी कोविड 19 ने संपूर्ण विश्व को नर्सों की वास्तविक शक्ति से परिचित कराया। जब पूरा विश्व भयभीत होकर घरों में बंद था तब नर्सें बिना अपनी जान की परवाह किए संक्रमित मरीजों की सेवा कर रही थीं। पीपीई किट पहनकर घंटों बिना भोजन और जल के काम करना उनके अदम्य साहस का परिचायक था। उस कठिन समय में नर्सों ने न केवल शारीरिक उपचार किया बल्कि एकांतवास में रह रहे मरीजों को मानसिक संबल भी प्रदान किया। कई नर्सों ने इस सेवा के दौरान अपने प्राणों की आहुति दे दी जो उनके व्यवसाय के प्रति सर्वोच्च बलिदान को दर्शाता है। इस महामारी ने यह पाठ पढ़ाया कि किसी भी देश की सुरक्षा केवल उसकी सीमाओं पर नहीं बल्कि उसके स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और उसके समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के हाथों में भी सुरक्षित है। वर्तमान परिदृश्य में नर्सिंग के क्षेत्र में कई चुनौतियां भी विद्यमान हैं जिन्हें संबोधित करना अत्यंत आवश्यक है। नर्सों को अक्सर लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कई स्थानों पर उन्हें उचित वेतन और सुविधाएं प्राप्त नहीं होती हैं। कार्यस्थल पर सुरक्षा का अभाव और तनावपूर्ण वातावरण उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त नर्सिंग को आज भी समाज के कुछ वर्गों में केवल एक सहायक कार्य के रूप में देखा जाता है जबकि वास्तव में यह एक उच्च कौशल वाला पेशेवर कार्य है। नर्सों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और नीति निर्माण में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। वर्ष 2026 की विषयवस्तु इसी अंतर को पाटने का आह्वान करती है। सशक्त नर्सों का अर्थ है उन्हें उन्नत प्रशिक्षण देना, उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करना और उनके कार्य की गरिमा को पहचानना।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## तेरे दर से हर बार



लोकृती गुप्ता 'अनोखी'

तेरे दर से हर बार
रो कर के निकले
कोई जाने नहीं तो
चेहरा धो कर के
निकले
तुझे पाने के लिए
खुद को खो कर के
निकले
पर फिर भी
हर बार
तेरे ही हो
कर के
निकले
इतना करने
पे भी तो
अंजाम हुआ यूं
कि तुम रिश्ते में
धोखा पिरो करके
निकले
अब इससे आगे की
बातें
हम क्या-क्या बताएं
कि जो भी करना
नहीं था
अक्सर तुम वो करके
निकले
सपने टूटे कई हैं
और टूटे हैं हम भी
तो टूटे सपनों के शीशे
चुभो कर के निकले
दर्द, करवट और
सिसकी
में गुजरी यूं
रातें
कि हम सोए
बिना ही
बिस्तर से
सो कर के
निकले
कुछ सम्भला
नहीं था
और बदला नहीं जो
तो हम खुद में ही
बदलाव
बो करके निकले
कहती है दुनिया जो
अनोखी यूं हमको तो
हम अनोखापन
अपना
संजो करके निकले

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## सत्यनिष्ठा



स्वामी चिन्मयानंद

अत्यधिक सफल जीवन का सबसे प्रमुख लक्षण ईमानदारी ही दिखाई देता है। ऐसी ईमानदारी जो दृढ़, निर्भय और स्थिर हो। जिन लोगों ने अपने आप में यह गुण विकसित किया है उन सब ने अपने क्षेत्र में अपने प्रतिद्वन्द्वियों की अपेक्षा अधिक सफलता पाई है। सत्यनिष्ठ मनुष्य जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकता है। वह अपने प्रयास इतने आत्म-विश्वास के साथ करता है कि उसमें आकर्षण और सफलता दोनों ही विद्यमान रहते हैं। यह गुण बहुत कम व्यक्तियों में होता है। किन्तु ऐसा कोई नहीं है जो इसके कारण आकृष्ट न हो। सत्यनिष्ठ व्यक्ति को सभी लोग अपना लेते हैं, विश्वास रखते हैं, भरोसा करते हैं और उससे मैत्री मानते हैं। किसी मनुष्य के हृदय से इस प्रकार के भाव निसृत होने पर अन्य लोग उसकी सहायता करने की इच्छा करते हैं और एक समझदारी का वातावरण बनता है। निश्चय ही सत्यनिष्ठा या ईमानदारी ऐसा गुण है जो हर क्षेत्र में मूल्यवान सिद्ध होता है। सत्यनिष्ठा में केवल यह अच्छाई नहीं है कि उसके कारण हमारे कार्यों में सच्चाई और ईमानदारी आ जाती है वरन उसका प्रभाव इतना गहन है कि उसके कारण अपने इरादों में भी सुन्दरता आती है और आकर्षण प्रकट होता है। यदि हमारे विचारों का उद्गम पवित्र है, यदि हम अपने विचारों के अनुसार वीरता के साथ जीवन जी सकें तो वे विचार ही अव्यावहारिक और काल्पनिक हों और कितनी ही असफलतायें मिलें फिर भी हमारे अन्दर सत्यनिष्ठा विकसित होगी। उसके उपरान्त हमारे व्यक्तित्व में तेज आयेगा और शान्ति व्यक्त होगी। अनेक बार असफल होने पर भी, और भयंकर कठिनाइयों का सामना करके भी समाज के द्वारा मिलने वाली निन्दा और उपहास के बाद भी हमें महानता प्राप्त होगी।


**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

फेसबुक वॉल से





एक्स से






# आर्या की कलम से

पुस्तक की बात



आर्या झा





ग़जल के कहन की विविधता से भला कौन अनजान होगा यह तो कोमल मन को सहजता से छूकर जेहन में उतरने में दक्ष होती हैं और उस पर मखमली मुलामियत लिए श्री हरिहरन जी की रुहानी आवाज हो तो कमाल होना तो बनता ही है। हम बात कर रहे हैं सर्व भाषा ट्रस्ट से प्रकाशित कहकशां फाउंडेशन के अध्यक्ष आनन्द कक्कड़ द्वारा लिखित साहित्य आजतक के मंच पर स्वयं हरिहरन के हाथों विमोचित पुस्तक "उस्ताद-ए-गजल हरिहरन" की। उनके पचास वर्षों के अद्भुत योगदान को इस पुस्तक के ग्यारह अध्याय के अन्तर्गत समाहित किया गया है जो गजल के विभिन्न घरानों से गुज़रते हुए हरिहरन घराने पर आकर रुकती है जिसमें हरिहरन के आरंभिक जीवन व उनके गजल के प्रति अतिरिक्त रुझान के राज़ खोलती है और ताज्जुब की बात तो यह है कि आज इन ऊंचाइयों पर पहुंच कर भी वे विद्यार्थी समान सतत प्रयत्नशील रहते हैं शायद यही उनकी सफलता का राज भी है और वह बड़ी ही सादगी से इसका श्रेय अपने तीनों गुरुओं, मां श्रीमती अलामेलु, उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान साहब एवं रुहानी गुरु जनाब मेंहदी हसन साहब को देते नहीं थकते हैं जो उन्हें और भी अनूठा बनाती है। जिस तरह से उन्होंने अपने गीतों व गजलों के माध्यम से संपूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोया है उन्हें सांस्कृतिक राजदूत कहना पूर्णतया न्यायोचित है। जहां एक ओर पूरे विश्व में क्षेत्रवाद की लहर चरम पर है वहीं वह दिलों को जोड़ने की बात करते हैं। इतना ही नहीं उनके गायन की तकनीकी विविधता ने हमेशा से जेनरेशन गैप को भी कम किया है। शायद ही कोई ऐसा हो जिसकी जुबान पर "काय झाला" न चढ़ा हो। एक ओर मेंहदी हसन साहब की तर्ज पर बेमिसाल गजल गायिकी तो दूसरी ओर कोलोनियल कजिंस,जैज और उर्दू ब्लूज और इस तरह से हर वर्ग हर क्षेत्र के लोगों को एक छत के नीचे लाने में सक्षम है जो सिर्फ और सिर्फ हरिहरन ही कर सकते हैं। यहां तक कि स्वयं की गायन शैली में निरंतर बदलाव करते हुए जिस प्रकार पिछले पाँच दशकों से सतत क्रियाशील हैं वह एक पद्मश्री नहीं बल्कि अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने योग्य हैं! इस किताब की उपयोगिता की बात करें तो जावेद अख्तर साहब ने कहा है कि " इस किताब की जो सबसे बड़ी अहमियत है, वह यह है कि आनन्द कक्कड़ ने इसमें हरिहरन की उन बातों को समेट कर बताया है जो 50 सालों से बिखरी हुई थीं।" आगे यह भी कहा कि उन्हें यकीन है कि इसे पढ़ते हुए पाठकों को हरिहरन का असली योगदान समझ में आएगा। उनकी बात से सौ फीसदी ताल्लुक रखते हुए मुझे भी यह लगता है कि यह किताब करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी और परिस्थितियों को अपनी मेहनत के बल पर बदलने वाले हरिहरन एक सच्चे आदर्श के रूप में उभर कर सामने आएंगे। सरोद सम्राट अमजद अली खान ने हरिहरन की संगीत सेवा को देखते हुए जिन तीन उपाधियों से नवाजा उनमें एक उस्ताद हरिहरन था तो उनके कहे का अमल करते हुए पुस्तक का नाम, "उस्ताद -ए-गजल हरिहरन" रखा गया। हरिहरन साहब की एकदम साफ़ तलफ्फुज उर्दू ज़बान पर उन्होंने यह भी कहा कि "एक दक्षिण भारतीय होते हुए कोई गजल गाए और उर्दू से डील करे यह अपने आप में बहुत बड़ा करिश्मा है, खुदा की देन है और एक बड़ी कामयाबी है।" इसके विभिन्न अध्यायों में हरिहरन साहब के गुरु, उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान साहब के कुशल प्रशिक्षण, उनकी सलाहियत पर उर्दू जबान सीखने इत्यादि की जानकारी मिलती है। हरिहरन साहब के निरंतर रियाज एवं गजलों के कंपोजिशन पर अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप विश्वस्तरीय सफलताओं का जिक्र बेहद सुखद प्रतीत होता है। आगे लेखक एक श्रोता के तौर पर जब उस्ताद-ए-गजल हरिहरन के साथ संवाद कर उनके जीवन के अनुभवों को कलमबद्ध करते हैं तो उनसे गुजरते हुए पाठकों की जिज्ञासा शांत होती है। पुस्तक में हरिहरन के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों एवं उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है तथा गायिकी के सफ़र के प्रतिनिधि साथियों का उनके प्रति उद्गार भी प्रस्तुत किया है जो हरिहरन के सम्पूर्ण व्यक्तित्व व कृतित्व के रेशे-रेशे से परिचित कराते हैं। अध्याय 'रुबरु' के दौरान रचयिता के प्रश्न यूँ प्रतीत होते हैं जैसे लंका पार करने के पूर्व हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाई गईं हों जो इस बात का द्योतक है कि कुछ और बेहतरीन ग़ज़ल अल्बम अवश्यंभावी हैं। मौलिक गजल कंपोजर और गायक के रूप में हरिहरन के लिए उन्हीं को ग़ज़ल का एक मतला समर्पित है:-

*वो सर फिरी हवा थी संभालना पड़ा मुझे*
*मैं आखिरी चराग था जलना पड़ा मुझे।*

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

सुबह, दोपहर, शाम क्या, रात सनसनी खेज।
ऐसा सबको मोहता, ज्यों बजार रंगरेज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बंगाल में अब बीएसएफ को मिलेगी जमीन, आयुष्मान व केंद्रीय योजनाएं लागू होंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नवगठित मंत्रिमंडल की पहली बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें बांग्लादेश के साथ वर्तमान में बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कांटेदार बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को 45 दिनों के भीतर भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि नई कैबिनेट के गठन के 45 दिनों के भीतर बीएसएफ को जमीन सौंपने का वादा भाजपा के संकल्प पत्र में किया गया था और गृह मंत्री अमित शाह ने भी इसकी घोषणा की थी। कैबिनेट बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए अधिकारी ने कहा, "नई कैबिनेट की पहली बैठक में इस फैसले को मंजूरी दे दी गई।"



बैठक में पारित दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय पश्चिम बंगाल में केंद्र प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत को लागू किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस की पिछली सरकार ने इस योजना को इस आधार पर लागू नहीं किया था कि राज्य की अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना 'स्वस्थ साथी' लागू होने के कारण केंद्र सरकार की योजना अनावश्यक हो गई थी। सीएम अधिकारी ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य को केंद्र प्रायोजित कई अन्य योजनाओं में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कृषक बीमा योजना, पीएम श्री योजना, विश्वकर्मा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना और उज्ज्वला योजना शामिल हैं।

## यह सरकार व्यक्तिवाद से नहीं, सिद्धांतों से चलेगी

मुख्यमंत्री शुभेंदु ने कहा कि पिछली सरकार ने जनगणना संबंधी केंद्रीय गृह मंत्रालय के 16 जून 2025 के निर्देश को लंबे समय तक लागू नहीं किया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने उसे तुरंत लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार व्यक्तिवाद से नहीं, सिद्धांतों से चलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "डर आउट, भरोसा इन" संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि नई सरकार जनता के विश्वास, सुरक्षा और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्हें पारदर्शी तरीके से चलाया जाएगा। किसी मृत व्यक्ति, गैर-भारतीय या अवैध व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पुन: आश्वासन दिया कि बीएसएफ के लिए आवश्यक सभी भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने अवैध घुसपैठियों के हित में केंद्र सरकार और अदालत के निर्देशों की अनदेखी की थी। बैठक में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के अलावा राज्य कैबिनेट के सदस्य दिलीप घोष अग्निमित्र पाल निश्चित प्रमाणिक अशोक कीर्तनीय के अलावा पुलिस और प्रशासन के सभी आला अधिकारी मौजूद थे।

*भूमि एवं राजस्व सचिव तथा मुख्य सचिव को अगले 45 दिनों के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है।*

# पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध एलपीजी की सप्लाई जारी : सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घरेलू खाना पकाने की जरूरतों के लिए एलपीजी की सप्लाई की जा रही है। वहीं, पिछले तीन दिनों में ही 1.26 करोड़ बुकिंग के मुकाबले 1.14 करोड़ घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) डिलीवर किए गए हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां अंतर-मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। देश में किसी भी रिटेल आउटलेट पर स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप भी सुचारू रूप से काम कर रही हैं और कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में 17,000 टन से ज्यादा कमर्शियल एलपीजी बेची गई है। 762 टन से ज्यादा ऑटो एलपीजी भी बेची गई है। इसके अलावा इसी दौरान 1,40,000 से ज्यादा 5 किलो के सिलेंडर बेचे गए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा लगभग 93 कैंप लगाए गए, जिनमें 2,100 से ज्यादा सिलेंडर बेचे गए हैं।

### पश्चिम एशिया संकट पर राजनाथ सिंह की बैठक

## पीएम की अपील आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेचैनी की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी की मितव्ययिता उपायों की अपील के एक दिन बाद, पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करने के लिए मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (आईजीओएम) की पांचवीं बैठक सोमवार को हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हुई इस बैठक में सरकार ने इस संदेश को दोहराया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के कारण ईंधन आपूर्ति में आई भारी कमी को देखते हुए संसाधनों का संरक्षण करना जरूरी है। बैठक के तुरंत बाद सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मैं लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने का आग्रह करता हूं, क्योंकि सरकार आपूर्ति श्रृंखलाओं में कमी या व्यवधान को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक व्यवधानों और चुनौतियों का सामना करने में देश की मदद के लिए प्रधानमंत्री मोदी की लोगों की सामूहिक भागीदारी की अपील आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह कठिन वैश्विक दौर में संरक्षण के बारे में प्रधानमंत्री का व्यापक संदेश है। संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकारी अधिकारियों द्वारा आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में भी किसी भी प्रकार की घबराहट को दूर करने का प्रयास किया गया।

# सोमनाथ मंदिर भारत की सभ्यतागत भावना का प्रतिबिंब है: नायडू

**एजेंसी। अमरावती**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा है कि सोमनाथ मंदिर भारत की सभ्यतागत भावना का एक चिरस्थायी प्रतीक है, जो सदियों से इसकी रक्षा और पुनर्निर्माण करने वालों के बलिदान और समर्पण को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के उस पोस्ट के जवाब में ये विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने सोमवार को मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महापूजा की थी।

उन्होंने कहा कि हमारी भूमि पर आस्था का सम्मान किया जाता है और यह एक ऐसी शक्ति है जो सभी को एकजुट करती है। सोमनाथ मंदिर केवल एक पूजा स्थल से कहीं अधिक है; यह भारत की सभ्यतागत भावना का एक चिरस्थायी प्रतीक है, जो इतिहास में इसकी रक्षा और पुनर्निर्माण करने वालों के बलिदान और समर्पण को दर्शाता है। तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख ने यह भी लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने 'विकास भी, विरासत भी' की भावना को अपनाया है, जिससे यह सुनिश्चित हो रहा है कि भारत की विकास यात्रा उसकी चिरस्थायी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और पुनरुद्धार के साथ-साथ आगे बढ़े।

नायडू ने लिखा कि यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो उन सभी को सम्मानित करता है, जिन्होंने भारत के विकास और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए समान रूप से प्रयास किए हैं। सोमनाथ अमृत महोत्सव के अवसर पर, मैं दुनिया भर के भक्तों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। हर हर महादेव! उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी सोमनाथ मंदिर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कवि कोकिल गुर्रम जशुवा द्वारा रचित 'फिरदौसी' की कुछ कविताएं भी प्रकाशित कीं। ये काव्यात्मक पंक्तियां बताती हैं कि कैसे गजनी महमूद ने हमारी धरती पर 17 बार आक्रमण किया और हमारे सोमनाथ को लूटा।

# दृष्टिपात

## हुमायूं कबीर ने बीएसएफ को भूमि आवंटित करने के बंगाल कैबिनेट के फैसले का किया स्वागत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में बांग्लादेश के साथ वर्तमान में बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कांटेदार बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को 45 दिनों के भीतर भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख हुमायूं कबीर ने इस निर्णय का स्वागत किया है। हुमायूं कबीर ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "इस फैसले से राज्य और देश की सुरक्षा जुड़ी हुई है। पश्चिम बंगाल में अब डबल इंजन वाली सरकार है। इसलिए सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से लंबित काम को तुरंत पूरा किया जाना चाहिए। इससे संबंधित भूमि विवाद का भी जल्द ही समाधान हो जाएगा। नए मुख्यमंत्री ने इस संबंध में वादा किया था। आइए उनके वादों पर भरोसा रखें। अब देखना यह है कि वे कितने वादे पूरा करते हैं।"बैठक में सीमा सुरक्षा बल को 45 दिनों के भीतर भूमि सौंपने का जो निर्णय लिया गया, वह भारतीय जनता पार्टी के चुनाव पूर्व संकल्प पत्र में किया गया वादा था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इस भूमि हस्तांतरण पर निर्णय नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया जाएगा और सोमवार को ठीक वैसा ही हुआ।

## बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप जारी मृतकों की कुल संख्या 409 हुई

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे का कहर जारी है। खसरे और उससे मिलते-जुलते लक्षणों के कारण 11 और लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही इस प्रकोप से जुड़ी पुष्ट और संदिग्ध मौतों की कुल संख्या बढ़कर 409 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के हवाले से बताया कि मृतकों की ये संख्या रविवार तक के पिछले 24 घंटों में दर्ज की गईं। डीजीएचएस ने बताया कि चार लोगों की मौत खसरे के कारण हुई इसकी पुष्टि हो चुकी है। इसके साथ ही 15 मार्च के बाद से खसरे से हुई पुष्ट मौतों की कुल संख्या 65 हो गई। वहीं, सात अन्य मृतक संख्या संदिग्ध मामलों से जुड़ी थीं, जिससे मौत का आंकड़ा बढ़कर 344 पहुंच गया। बांग्लादेश के अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार, इसी 24 घंटे की अवधि में 1,503 नए संदिग्ध खसरा मरीज सामने आए, जिसके बाद 15 मार्च से अब तक कुल संदिग्ध मामलों की संख्या 49,159 हो गई है। इनमें से 205 मामलों में खसरे की पुष्टि हुई, जिससे कुल पुष्ट मामलों की संख्या 6,819 तक पहुंच गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 15 मार्च के बाद से खसरे के लक्षणों वाले 34,909 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मार्च के मध्य से अब तक बांग्लादेश में 400 से अधिक लोगों की मौत के बाद एक रिपोर्ट में इस प्रकोप को "टाला जा सकने वाला संकट" बताया गया है। रिपोर्ट में पूर्व अंतरिम सरकार, जिसका नेतृत्व मुहम्मद यूनुस कर रहे थे, से जवाबदेही तय करने की मांग की गई।

## काशी में सीएम योगी का विपक्ष पर हमला, बोले- सनातन को मिटाने वाले खुद मिट गए

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में सनातन, सांस्कृतिक विरासत और मंदिर पुनर्स्थापना के मुद्दे को लेकर विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहम्मद गौरी से लेकर मुगल शासकों तक कई विदेशी आक्रांताओं ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मिटाने का प्रयास किया लेकिन वे भारत की आत्मा और सनातन चेतना को कभी समाप्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर गुलामी का ढांचा खड़ा किया था लेकिन वह भारत की आत्मा को नहीं तोड़ पाया। सनातन केवल मंदिरों की दीवारों तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की चेतना और आत्मा में बसता है।सीएम योगी ने कहा, ''जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया।



## प बंगाल सरकार ने पुलिस को दिया गायों की तस्करी पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने के बाद राज्य में गायों की तस्करी रोकने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जिला पुलिस को भी कड़ा संदेश दिया गया है। नई सरकार के पहले कार्य दिवस पर गायों की तस्करी पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक हलकों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि किसी भी कीमत पर गायों की तस्करी को रोका जाए। यह भी कहा गया है कि अवैध गाय बाजारों को चलने की अनुमति नहीं दी जा सकती और उन पर नजर रखी जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त निगरानी का आदेश दिया गया है कि कोई भी अवैध बाजार न खुले। सरकार ने राज्य पुलिस को भी इसी तरह का संदेश दिया है। इसके बाद, राज्य पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने भी यह संदेश जिला पुलिस तक पहुंचाया। यह ध्यान देने योग्य है कि तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल का नाम गायों की तस्करी के मामले से जुड़ा था।

# 30 दिनों के भीतर काम नहीं करने वाले पदाधिकारी 31 वें दिन स्वत: निलंबित होंगे : मुख्यमंत्री सम्राट

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को सहयोग पोर्टल और सहयोग हेल्पलाइन नंबर का लोकार्पण किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि सहयोग शिविर के लिए आए आवेदन को अटकाने वाले पदाधिकारियों की अब खैर नहीं। लोगों की समस्याओं से जुड़े आए आवेदन पर अगर 30 दिवों के भीतर काम नहीं होता है तो आर्डर पास नहीं करने वाले पदाधिकारी 31 वें दिन स्वतः निलंबित हो जाएंगे। यह काम मुख्यमंत्री कार्यालय के स्तर से ही हो जाएगा। इस तरह के फारमेट को जेनरेट कर दिया गया है। सीएम ऑफिस में एक डैश बोर्ड तैयार किया गया है जिसमें माध्यम से सहयोग शिविर में आए आवेदनों की रियल टाइम मानीटरिंग होगी।



### डीएम-एसपी भी कम से कम पांच सहयोग शिविर में जाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएम और एसपी स्वयं कम से कम पांच सहयोग शिविर में जाएं। वह जहां जा रहे उसकी सूचना पहले से नहीं हो। इसका रोस्टर बनाएं। जब तक आवेदन आना बंद नहीं होगा तब तक यह शिविर बंद नहीं होगा। आम जनता का जीवन सहज हो इसके लिए काम करना है।

पहले यह होता था कि डीएम के स्तर पर आए आवेदन को नीचे भेज दिया जाता था पर उसके क्रियान्वयन के लिए कोई टाइमलाइन नहीं होता था पर अब हम टाइमलाइन पर काम करेंगे।

## हम पर थोपा गया है ये युद्ध, अगर मजबूर किया तो लड़ेंगे जरूर: बाघेई

**तेहरान।** ईरान ने खुद पर हुई अमेरिकी हमलों को थोपा हुआ युद्ध बताया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि जहां जरूरत होगी वहां कूटनीति से काम लिया जाएगा लेकिन जहां जरूरत पड़ेगी तो देशहित में लड़ने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इसके साथ ही उन्होंने उस शांति प्रस्ताव का भी जिक्र किया जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अस्वीकार कर दिया है। प्रस्ताव में लिखी गई उन मांगों का जिक्र किया जो उनके अनुसार "तर्कसंगत" हैं। तेहरान में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान जब उनसे भविष्य की कार्रवाई को लेकर सवाल किया गया तो कहा कि अगर ईरान को लड़ाई के लिए मजबूर किया गया तो वह लड़ाई लड़ेगा। कूटनीतिक संवाद भी जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा, "जहां कूटनीति की गुंजाइश होगी, वहां बातचीत का रास्ता भी अपनाया जाएगा। कूटनीति के अपने नियम होते हैं।" बाघेई के अनुसार, तेहरान अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा।

# संसदीय साक्षरता और मूल्य आधारित पत्रकारिता जरूरी : उपसभापति हरिवंश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सोमवार को कहा कि डिजिटल दौर में पत्रकारिता में तेजी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह सटीकता की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने युवा पत्रकारों से मूल्य आधारित और विश्वसनीय पत्रकारिता को मजबूत करने का आह्वान किया। संसद भवन परिसर में राज्यसभा टीवी इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हरिवंश ने कहा कि किसी भी पत्रकार के लिए संसदीय साक्षरता उतनी ही आवश्यक है जितनी पेशेवर दक्षता। उन्होंने कहा कि संसद वह स्थान है जहां राष्ट्र का इतिहास लिखा जाता है और इसकी सही रिपोर्टिंग के लिए संवैधानिक ढांचे, नियम पुस्तिकाओं तथा संसदीय परंपराओं की गहरी समझ जरूरी है।

उन्होंने प्रशिक्षुओं से संसद टीवी को विश्वसनीय सूचना का मानक बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि डिजिटल मीडिया के दौर में गति बढ़ी है, लेकिन पत्रकारिता की विश्वसनीयता और तथ्यात्मक सटीकता सर्वोपरि रहनी चाहिए।

उपसभापति ने कहा कि युवा पत्रकार जटिल विधायी प्रक्रियाओं और आम नागरिक की आकांक्षाओं के बीच सेतु का काम कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को युवाओं से जुड़ने वाले नए और प्रभावी कहानी कहने के प्रारूप विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।



हरिवंश ने कहा कि संसद परिसर में काम करने वालों की विशेष नैतिक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अनुशासन और समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल सामग्री निर्माता नहीं, बल्कि जनता के जानने के अधिकार के संरक्षक भी हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया और शासन व्यवस्था लगातार बदल रही है, इसलिए सफल पेशेवर वही है जो जीवनभर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखे।

# आज हिमंता के शपथ ग्रहण में मोदी शाह और नितिन होंगे शामिल

**एजेंसी। गुवाहाटी**

असम के नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां बड़े स्तर पर की जा रही हैं। यह भव्य आयोजन 12 मई को आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, 22 राज्यों के मुख्यमंत्री, कई केंद्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेता तथा बड़े उद्योगपति शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर असम में भाजपा और राजग के बूथ अध्यक्षों के साथ-साथ पंचायत स्तर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिससे कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप मिला है। आमंत्रित प्रमुख अतिथियों में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा एवं उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन टाइनसोंग, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो एवं उपमुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आगमन को देखते हुए खानापाड़ा क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है तथा कई मार्गों में यातायात परिवर्तन लागू किया गया है। वीआईपी आगमन के मद्देनजर कामाख्या से खानापाड़ा और बोरझाड़ हवाई अड्डे से कार्यक्रम स्थल तक सड़कों की सफाई, मरम्मत और रंगाई-पुताई का कार्य पिछले तीन दिनों से लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि असम के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद डॉ. हिमंत बिस्व सरमा को विधायक दल का नेता घोषित किया था।



# सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल हुए पीएम, मंदिर में की पूजा-अर्चना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोमनाथ अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह महोत्सव भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। भगवान शिव को समर्पित बारह पूजनीय ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान भव्य समारोह आयोजित किए गए और भारी जनभाग ने भाग लिया।

सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव के उत्सव के दौरान हेलीकॉप्टर से फूलों की पंखुड़ियां भी बरसाई गईं। मंदिर परिसर में प्रवेश करने से पहले, मोदी ने सोमनाथ में आयोजित रोड शो के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंदिर के रास्ते में एक जनसभा की और रास्ते भर उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित भीड़ जमा हुई।

## हिंदू बच्चों को पहनाई टोपी, सिखाया 'सजदा', 3 टीचर सस्पेंड

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित पीएम श्री स्कूल के तीन शिक्षकों को परिसर में धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अलका शर्मा ने जलाब सराय गांव में हुई आधिकारिक जांच के बाद प्रधानाचार्य मोहम्मद अंजर अहमद, कार्यवाहक प्रधानाध्यापक वलेश कुमार और सहायक शिक्षक मोहम्मद गुल एजाज को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मुस्लिम शिक्षकों पर स्कूल के अंदर धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और हिंदू छात्रों को टोपी पहनने के लिए कहने तथा लड़कियों को हिजाब पहनने के लिए प्रोत्साहित करने का आरोप है। प्रधानाध्यापक मोहम्मद अंजर अहमद और सहायक शिक्षक मोहम्मद गुल एजाज के खिलाफ भी पीएम श्री स्कूल में धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, कलह पैदा करने और भेदभावपूर्ण व्यवहार में लिप्त होने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।



यह विवाद 7 मई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद शुरू हुआ। इसके बाद, संभल ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार ने मामले की जांच के लिए 8 मई को स्कूल का दौरा किया। छात्रों के बयान दर्ज किए गए और बाद में बीएसए को एक रिपोर्ट सौंपी गई, जिसके आधार पर रविवार को निलंबन की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानाध्यापक वालेश कुमार को वरिष्ठ अधिकारियों को गतिविधियों के बारे में सूचित करने में विफल रहने और अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन न करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान, प्रधानाचार्य मोहम्मद अनज़ार अहमद और सहायक शिक्षक मोहम्मद गुल एजाज़ दोनों विद्यालय परिसर में अनुपस्थित पाए गए।

## राज स्पोर्ट्स ने एनसी स्पोर्टिंग न्यूरी को 4-2 से पराजित किया



**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग मैच के दूसरे दिन रविवार को राज स्पोर्ट्स और एनसी स्पोर्टिंग न्यूरी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में राज स्पोर्ट्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसी स्पोर्टिंग न्यूरी को 4-2 से पराजित कर जीत अपने नाम की। राज स्पोर्ट्स की ओर से अरुण मुंडा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के 10वें और 39वें मिनट में दो गोल दागे। वहीं प्रशांत ने 45वें और 99वें मिनट में दो गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। दूसरी ओर एनसी स्पोर्टिंग न्यूरी की तरफ से चंद्रमोहन और वरुण ने एक-एक गोल किए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। मैच का संचालन रेफरी करम मुंडा, महावीर और गुप्तेश्वर मुंडा ने किया। मुकाबले के दौरान समिति के निशांत भेंगरा, रितेश गुप्ता, धीरज हंस और पादरी नेल्सन कुंडलना सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## सुनील मुंडा की हैट्रिक से परासी एफसी को मिली शानदार जीत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग के तीसरे वर्ष के तीसरे दिन सोमवार को सी ग्रुप का मुकाबला रघु ब्रदर्स और परासी एफसी के बीच खेला गया। एकतरफा रहे इस मैच में परासी एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रघु ब्रदर्स को 5-0 से करारी शिकस्त दी। परासी एफसी की ओर से सुनील मुंडा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक गोल दागे और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मान गोविंद मुंडा और गुरुचरण मुंडा ने एक-एक गोल कर टीम की बढ़त को मजबूत किया। दूसरी ओर रघु ब्रदर्स की टीम परासी एफसी के मजबूत क्षेत्ररक्षण को भेदने में पूरी तरह असफल रही और पूरे मैच में एक भी गोल नहीं कर सकी। मैच का संचालन रेफरी करम मुंडा, महावीर और गोखेन मुंडा ने किया। मुकाबले के दौरान समिति के निशांत भेंगरा, रितेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, शत्रुघ्न शर्मा सहित एसोसिएशन के कई सदस्य और खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार दिल्ली कैपिटल्स ने 3 विकेट से रौंदा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईपीएल 2026 अपने आखिरी और सबसे रोमांचक पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। आज मुकाबला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच है। ये मुकाबला धर्मशाला के खूबसूरत मैदान पर है। जहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। पंजाब ने अय्यर-प्रियांश की फिफ्टी के दम पर 210 रन बनाए। अब दिल्ली की बल्लेबाजी जारी है। 211 रनों के जवाब में उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही। और अभिषेक पोरेल और केएल राहुल दोनों ही फ्लॉप रहे। साहिल पराख और स्टब्स भी कुछ खास नहीं कर सके। लेकिन अक्षर पटेल ने पारी को संभाला और फिफ्टी जड़ी। अक्षर ने 30 गेंद में 56 रन बनाए। इसके बाद डेविड मिलर और आशुतोष ने पारी को संभाला। मिलर ने 28 गेंदों में 51 रन ठोके और 4 छक्के जड़े।

### पंजाब की बल्लेबाजी रही बेअसर

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पंजाब की पारी का आगाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने किया। दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग की। इसी बीच, प्रियांश आर्य ने 24 गेंद में फिफ्टी जड़ी। पंजाब को पहला झटका 7वें ओवर में लगा जब प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हो गए। 9वें ओवर में पंजाब को दूसरा झटका लगा जब प्रियांश आर्य 56 रन बनाकर माधव तिवारी का शिकार बने। लेकिन इसके बाद श्रेयस अय्यर और कूपर कोनली ने अच्छी बल्लेबाजी की। अय्यर ने नाबाद 59 रन बनाए। जिसके दम पर पंजाब ने 5 विकेट खोकर 210 रन बनाए।

## सोनी और रिद्धिमा की शानदार पारियों से रॉकमेन्स की बड़ी जीत

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** आरडीसीए विमेंस क्रिकेट लीग 2025-26 के तहत गोलचक्कर मैदान में खेले गए मुकाबले में रॉकमेन्स टीम ने जस्टिस को 166 रन के बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉकमेन्स की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट खोकर 245 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

टीम की ओर से सोनी ने शानदार 92 रन की पारी खेली, जबकि रिद्धिमा ने 79 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 246 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जस्टिस की टीम रॉकमेन्स की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 19.4 ओवर में 79 रन पर ऑलआउट हो गई। जस्टिस की ओर से सानिया ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। गेंदबाजी में रॉकमेन्स की अंजुम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 5 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि सोनी ने 15 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। दमदार बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी के दम पर रॉकमेन्स ने मुकाबला 166 रन से अपने नाम कर लिया।

**कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स से पहले भारतीय वेटलिफ्टर्स को सौगात**

## भारतीय खेल प्राधिकरण ने 1.95 करोड़ रुपए का निवेश किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने भारतीय वेटलिफ्टिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने और लंबे समय तक चलने वाले नेशनल कोचिंग कैंप के लिए कुल मिलाकर करीब 1.95 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया, जब देश के वेटलिफ्टर गांधीनगर में जारी एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं।

सरकार ने गुजरात में 17 मई तक चलने वाली एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत की भागीदारी के लिए लगभग 70.45 लाख रुपए मंजूर किए थे। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 और एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों के लिहाज से एक अहम समझी जा रही इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए भारत की शुरुआती टीम में 22 एथलीट, 6 कोच, 5 सपोर्ट स्टाफ और 3 रेफरी शामिल थे।

## द्वितीय रांची जिला पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मोराबादी इंडोर स्टेडियम में रविवार को द्वितीय रांची जिला पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप 2026-27 का भव्य आयोजन रांची जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में टांडिंग, तुंगल, गंडा, रेगु एवं सोलो इवेंट्स में करीब 170 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पेंचक सिलाट आत्मरक्षा, एकाग्रता और अनुशासन का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को आत्मरक्षा की तकनीक आनी चाहिए और यह खेल बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल और क्रिकेट जैसे खेलों की अधिक चर्चा होती है, लेकिन पेंचक सिलाट जैसे खेल समाज में आत्मविश्वास और सजगता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस खेल के प्रचार-प्रसार के लिए सरकार से वार्ता की जाएगी तथा इसे गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास होगा। साथ ही एसोसिएशन के लिए स्वयं का भवन उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल करने की बात कही। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष ने गुजरात के आनंद में आयोजित राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रांची जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बताया कि झारखंड के खिलाड़ी इस खेल में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में आयोजित नेशनल टूर्नामेंट में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया।

### पैसे मांगकर पिता ने दिलाई पिस्टल, एशियाई खेलों में गोल्ड : सौरभ



**नई दिल्ली** । खेल के मैदान में उम्र कोई खास मायने नहीं रखती है। अगर कुछ मायने रखता है, तो वो है आपका जुनून। भारत के स्टार निशानेबाज सौरभ चौधरी की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। सौरभ ने एशियाई खेलों में महज 16 साल की उम्र में गोल्ड मेडल पर निशाना लगाते हुए इतिहास रचा। सौरभ एशियाई खेलों में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने वाले सबसे युवा निशानेबाज बने। उत्तर प्रदेश के मेरठ के कलीना गांव में जन्मे सौरभ को निशानेबाजी का चस्का कक्षा चार में लगा। सौरभ ने शूटिंग की दुनिया में कदम रखने की इच्छा पिता से जाहिर की।

## राष्ट्रीय वुडवाल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम को मिला ट्रैक सूट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छत्तीसगढ़ में 14 से 17 मई तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वुडवाल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही झारखंड वुडवाल टीम के खिलाड़ियों के बीच सोमवार को ट्रैक सूट का वितरण किया गया। जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को ट्रैक सूट प्रदान करने के साथ ही टीम की नई जर्सी का भी अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में शंकरा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के संस्थापक एवं समाजसेवी शंकर दुबे तथा विंग फिट के ऑनर गोपाल सिंह ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट उपलब्ध कराया। इस अवसर पर वुडवाल संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार, संरक्षक सुभाष सिंह, मानवाधिकार मंच के अध्यक्ष पी.के. लाला, उपाध्यक्ष सोहिनी राय, गोविंद झा, अशोक चौबे, अभिषेक सिंह, स्वाति कुमारी और दीपक वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया और सभी ने झारखंड का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## एआई और सेमीकंडक्टर से बदलेगा भारत का भविष्य : अश्विनी वैष्णव



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि वैश्विक अस्थिरता का भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से सामना किया है और एआई, सेमीकंडक्टर और रेलवे अगले चरण के बदलाव का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे सेक्टर में बदलाव की गति असाधारण है। पूंजीगत खर्च पिछले वित्त वर्ष में 2,72,000 करोड़ रुपए रहा है, जो कि कुछ वर्षों पहले 66,000 करोड़ रुपए पर था। वैष्णव ने कहा, "पूरे रेलवे सिस्टम की निष्पादन क्षमता में एक साथ विस्तार हुआ है, जो परियोजना कार्यान्वयन और वितरण में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा, "लगभग 49,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है, जो जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है। डिब्बों और इंजनों के उत्पादन में भी मजबूत वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधाओं की एक नई लहर गुणवत्ता-केंद्रित और किफायती विनिर्माण प्रथाओं को बढ़ावा दे रही है, जो तकनीकी रूप से उन्नत और आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रही है।

वैष्णव ने एआई को इतिहास की सबसे क्रांतिकारी तकनीकी क्रांतियों में से एक बताते हुए कहा कि एआई अभूतपूर्व गति से दुनिया को नया आकार दे रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "भारत को एआई के प्रति एक स्पष्ट और रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि देश इस तकनीक का लाभ उठाकर सभी क्षेत्रों में उत्पादकता, गुणवत्ता और उत्पादन दक्षता में सुधार करे। उन्होंने आगे कहा, "वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितता और निरंतर संघर्षों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री की राष्ट्र के नाम की अपील आज और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

### वैश्विक तनाव के बीच जैव ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता



**मुंबई** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि जैव ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक मजबूती को और मजबूत करने पर ध्यान दे रहा है। मुंबई में आयोजित 'सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट 2026' में बोलते हुए दास ने कहा कि भारत की मजबूती का आधार मजबूत आर्थिक स्थिरता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सरकार की वित्तीय स्थिति और बैंकिंग व्यवस्था स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा, "कॉरपोरेट कंपनियों की बैलेंस शीट अब पहले की तुलना में काफी मजबूत है, जिससे नए निवेश को समर्थन मिलेगा।" साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार सुधारों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मामले में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जा रही है।

हालांकि, दास ने चेतावनी दी कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव और सप्लाई चेन में आ रही रुकावटें दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर भारी लागत का बोझ डालती रहेंगी।


### लंदन में हरित क्रांति और पर्यावरण पर व्याख्यान देंगे क्रेडाई चेयरमेन कुमुद झा



**रांची।** रियल एस्टेट कारोबारियों की संस्था क्रेडाई के चेयरमेन कुमुद झा ब्रिटिश हाई कमीशन के आमंत्रण पर भारतीय शिष्टमंडल के सदस्य के रूप में लंदन में आयोजित उद्यमियों के सम्मेलन में भाग लेंगे। इंडिया बिल्ट एनवायरनमेंट ट्रेड मिशन के तहत 11 मई से 15 मई तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में वे हरित क्रांति और पर्यावरण संरक्षण विषय पर व्याख्यान देंगे। कुमुद झा अपनी पत्नी कल्पना झा के साथ लंदन के लिए रवाना हो चुके हैं। उनके इस दौरे को झारखंड के रियल एस्टेट और इंजीनियरिंग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ज्ञात हो कि कुमुद झा बीआईटी मेसरा से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और अपनी अग्रणी कंपनी फीकॉन कंस्ट्रक्शंस एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से पिछले 36 वर्षों से झारखंड में रियल एस्टेट, सिविल इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने राज्य में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में योगदान दिया है। सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। वे लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। लंदन में आयोजित इस सम्मेलन में उनके व्याख्यान को भारतीय निर्माण क्षेत्र और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी की सात अपीलें भारत को बनाएंगी मजबूत, टिकाऊ विकास को मिलेगा बढ़ावा : एसोचैम

**एजेंसी । नई दिल्ली**



उद्योग संगठन एसोचैम ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई सात अपीलें भारत की 'विकसित भारत' यात्रा को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, सप्लाई चेन में रुकावट और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के कारण बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए सामूहिक सहयोग की अपील की थी। इसके तहत पेट्रोलियम उत्पादों का सोच-समझकर इस्तेमाल करने और फिजूलखर्ची कम करने पर जोर दिया गया, ताकि देश पर वित्तीय बोझ कम हो सके। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के मिंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री की ये सात अपीलें अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारत की मजबूती, प्रतिस्पर्धा क्षमता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने वाले सात मंत्र की तरह हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों और रेल परिवहन को बढ़ावा देने से प्रदूषण कम होगा, कनेक्टिविटी बेहतर होगी और लोगों की जिंदगी आसान बनेगी। मिंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सार्वजनिक परिवहन और मेट्रो यात्रा को प्राथमिकता देने की अपील देश की लॉजिस्टिक्स क्षमता और ईंधन सुरक्षा को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के कम इस्तेमाल और विदेश यात्राओं को घटाने की अपील से विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी और 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को भी मजबूती मिलेगी।

एसोचैम ने गैर-जरूरी सोने की खरीद कम करने की अपील का भी स्वागत किया। निर्मल मिंडा ने कहा, "अनिश्चित परिस्थितियों में विदेशी मुद्रा की जरूरतों को पूरा करने में यह कदम मदद करेगा, क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने करीब 70 अरब डॉलर का सोना आयात किया था। एसोचैम के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री की ये सात अपीलें देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, लोगों के कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने में मदद करेंगी। संगठन ने कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां वैश्विक अस्थिरता और 70 दिनों से ज्यादा समय से जारी संघर्ष के बावजूद पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

## शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी 1.5 प्रतिशत तक फिसले

**एजेंसी । मुंबई**



पश्चिम एशिया में जारी तनावों के बीच नकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली और प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी50 और सेंसेक्स 1.5 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1312.91 अंकों यानी 1.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,015.28 पर था, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 360.30 अंक (1.49 प्रतिशत) गिरकर 23,815.85 पर पहुंच गया। दिन के दौरान सेंसेक्स 76,638.09 पर खुलकर 1,300 अंकों या 1.5 प्रतिशत से अधिक गिरकर 75,957.40 के दिन के निचले स्तर पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,970.10 पर खुलकर दिन के दौरान 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर 23,799.10 के निचले स्तर पर पहुंच गया। व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप में 1.05 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक में 1.13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## भारत के पास किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार है

**एजेंसी । नई दिल्ली**



उर्वरक विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मध्य पूर्व संकट के बीच भी भारत की उर्वरक सुरक्षा मजबूत और स्थिर बनी हुई है। सरकार ने घरेलू उत्पादन और आयात बढ़ाकर यह सुनिश्चित किया है कि सभी प्रमुख श्रेणियों में किसानों की जरूरतों से अधिक उर्वरक उपलब्ध रहे। देश में वर्तमान में 199.65 लाख मीट्रिक टन का पर्याप्त भंडार है, जो मौसमी मांग के 51 प्रतिशत से अधिक को पूरा करता है। यह इस समय के सामान्य बफर स्तर (लगभग 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है। उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह बेहतर अग्रिम भंडारण और कुशल लॉजिस्टिक्स प्रबंधन को दर्शाता है।

हाल ही में आए संकट के बाद, घरेलू उत्पादन और आयात में तेजी से वृद्धि की गई है, जिससे कुल उपलब्धता में लगभग 97 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की बढ़ोतरी हुई है।

# विवाहिता को ससुराल छोड़ने गए परिजनों की पिटाई, मामला दर्ज

- मारपीट में चार महिलाएं घायल, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित मुनगा गांव में विवाहिता को ससुराल पहुंचाने गए परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में विवाहिता समेत चार महिलाएं घायल हो गईं, जिनका इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, मुनगा गांव निवासी कौशल कुमार की पत्नी प्रीति देवी अपने मायके हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आई थीं। शादी समारोह के बाद वह परिजनों के साथ गजना धाम मंदिर में पूजा-अर्चना करने गईं। इसके बाद जब परिजन उन्हें वापस ससुराल छोड़ने पहुंचे, तो किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उग्र होकर प्रीति देवी के साथ आए परिजनों पर हमला कर दिया। मारपीट में प्रीति देवी, रिंकी देवी (डिहरी निवासी), रूपा देवी और मंजू कुंवर (दोनों बिलासपुर निवासी) घायल हो गईं। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की लिखित सूचना टंडवा थाना को दे दी गई है। पुलिस घायलों के बयान के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

## 16 मई को सम्मानित होंगे मेधावी छात्र-छात्राएं

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को आगामी 16 मई को बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज सभागार में सम्मानित किया जाएगा। इसे लेकर रविवार देर रात कंचन ढाबा में उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उप प्रमुख ने कहा कि प्रतिभावान छात्रों का सम्मान शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करेगा और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। बैठक में अवधेश सिंह चेरो, पंकज तिवारी, भोला मेहता, विजय पाठक, अर्पण सहित कई लोग मौजूद थे।

## मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ पर आवागमन अब भी कठिन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ पर अब तक सुगम आवागमन सुनिश्चित नहीं हो सका है। राजनडीह गांव से शुरू होकर पठारी क्षेत्रों तक जाने वाली इस सड़क पर कई समस्याएं बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ से वाया पदारथडीह काशीस्रोत रेल पुल होते हुए इस मार्ग तक पहुंचना आज भी कठिन है। लोगों ने पहले आरयूबी निर्माण की मांग की थी, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा 22 किलोमीटर लंबी इस सड़क में राजनडीह झरिवा मोड़ से नदीपर मोड़ तक करीब दो किलोमीटर सड़क निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। बरसात के दिनों में यहां जलजमाव हो जाता है, जिससे आवागमन काफी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने एवं स्थायी समाधान की मांग की है।

# पीएमश्री +2 हाई स्कूल में जलजमाव से बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में बारिश के दौरान भारी जलजमाव की समस्या बनी हुई है। मुख्य द्वार से बारिश का पानी परिसर में प्रवेश कर जाता है, जिससे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि थोड़ी बारिश में ही वन विभाग और दैनिक बाजार की ओर से बहकर पानी विद्यालय परिसर में जमा हो जाता है। चहारदीवारी एवं भवन निर्माण के दौरान जल निकासी के लिए समुचित नाला निर्माण नहीं किए जाने से यह समस्या गंभीर बनी हुई है। विद्यालय परिसर में पहली से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। जलजमाव के कारण पठन-पाठन प्रभावित होता है। ग्रामीणों ने मुख्य द्वार एवं चहारदीवारी के बाहर से मुख्य नहर तक नाला निर्माण कराने की मांग की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि परिसर के अंदर नाली निर्माण एवं मुख्य नहर किनारे ह्यूम पाइप लगाया गया है। बरसात से पूर्व उसकी सफाई भी कराई जाती है, लेकिन भारी बारिश के दौरान मुख्य द्वार से पानी का प्रवेश रोकना कठिन हो जाता है।

# मवेशी चोरी मामले में दो गिरफ्तार, चोरी की दो भैंसे बरामद


**नवीन मेल संवाददाता**



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिंघानी गांव में मवेशी चोरी मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी किए गए दो भैंसे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 10 मई की रात ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि दो व्यक्ति मवेशी चोरी कर भाग रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारंगी गांव निवासी बब्लू मुंडा और मीना यादव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से चोरी किए गए दो भैंसे बरामद किए गए। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# एसडीपीओ की सख्ती से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन और बालू परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है। एसडीपीओ (आईपीएस) दिव्यांश शुक्ला के नेतृत्व में रविवार को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीनगर के समीप निमहत इलाके में छापेमारी कर पुलिस ने अवैध बालू लदे एक स्वराज ट्रैक्टर को जब्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला और थाना प्रभारी चंदन कुमार की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ा। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक मौके से फरार हो गया। जांच में पता चला कि ट्रैक्टर बिना वैध चालान के बालू परिवहन कर रहा था। एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में अवैध खनन, बालू उठाव और अवैध परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की लगातार सख्ती से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अब ट्रैक्टर मालिक और फरार चालक की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# उपायुक्त ने कृषि और पशुपालन कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

- समयपालन, साफ-सफाई और कार्य संस्कृति सुधारने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त संदीप कुमार ने सोमवार को जिला कृषि कार्यालय, भूमि संरक्षण कार्यालय, गव्य विकास कार्यालय एवं पशुपालन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति, कार्य व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया।

उपायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय संचालन में अनुशासन और कार्य संस्कृति बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजनों के कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसर और विभिन्न कक्षों की सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई बनाए रखने तथा कार्यालय परिसर को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य वातावरण और अनुशासित व्यवस्था से आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। निरीक्षण के दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश भी मौजूद थे।

## कामता पंचायत में गहराया पेयजल संकट

**चंदवा।** कामता पंचायत में लगातार बढ़ रही पेयजल समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने दूसरे दिन भी विभिन्न गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पंचायत के कई गांवों में नल-जल योजनाएं महीनों से बंद पड़ी हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर अब तक ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि कामता चेकनाका, बेलवाही और दामोदर गांव समेत कई स्थानों पर मोटर, स्टार्टर और पाइप खराब होने से जलापूर्ति ठप है। विभाग मरम्मत के लिए उपकरण ले गया।

# बालूमाथ में विधायक प्रकाश राम का जनता दरबार, 500 से अधिक ग्रामीण पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में 500 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए, जबकि करीब 50 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अधिकांश आवेदन जमीन से जुड़े मामलों जैसे नकल, म्यूटेशन, ऑनलाइन, भूमि विवाद आदि से संबंधित थे। इसके अलावा पेयजल, सड़क, नाली और बिजली समस्या से जुड़े आवेदन भी ग्रामीणों ने विधायक को सौंपे। विधायक ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर बीडीओ सोमा उरांव, सीओ बालेश्वर राम, नौशाद मासीयतू, रामदेव साव, बिजली विभाग, प्रखंड व अंचल कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पेज एक के शेष

### ग्रामीणों की वर्षों...

दीपिका पांडेय सिंह ने यह भी बताया कि पंचायत में प्रस्तावित राइस मिल निर्माण की सभी बाधाएं दूर कर ली गई हैं। अगले छह से आठ महीनों के भीतर राइस मिल शुरू होने की संभावना है। इसके शुरू होने से किसानों को धान की बिक्री और प्रसंस्करण में सीधा लाभ मिलेगा तथा उन्हें स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य कर रही है। ग्रामीणों की मांग के अनुरूप छठ घाट, पोखर, पीसीसी सड़क, खेल मैदान और अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### टेंडर कमीशन घोटाले...

इस दौरान संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से करीब 32.2 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए थे। वहीं, संजीव लाल के आवास से 10.5 लाख रुपए और उनके सचिवालय स्थित कार्यालय से 2.3 लाख रुपए बरामद हुए थे। एक डायरी भी जब्त की गई, जिसमें कथित तौर पर कमीशन के लेन-देन का ब्योरा दर्ज था। जांच के बाद, 15 मई 2024 को आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया गया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सरकारी टेंडर आवंटित करने के बदले कमीशन वसूलने के लिए एक संगठित नेटवर्क काम कर रहा था। जांच एजेंसी के अनुसार, ठेकेदारों को कथित तौर पर कुल ठेके की कीमत का लगभग तीन प्रतिशत कमीशन के तौर पर देना पड़ता था। इसमें से, लगभग 1.35 प्रतिशत राशि कथित तौर पर तत्कालीन मंत्री तक उनके निजी सचिव के माध्यम से पहुंचाई जाती थी। वहीं, 0.65 से 1 प्रतिशत राशि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों में बांटी जाती थी। शेष राशि इंजीनियरों सहित अन्य कर्मचारियों के बीच साझा की जाती थी।

### जेएसएससी शिक्षक नियुक्ति...

खंडपीठ को यह भी बताया गया कि एकल पीठ ने अपने संशोधित आदेश में फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के नए अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की नियुक्ति की है। इसके बाद फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने मामले की सुनवाई भी शुरू कर दी है। जेएसएससी और राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि जब इस मामले से संबंधित अपील खंडपीठ में लंबित है, तब समानांतर रूप से फैक्ट फाइंडिंग कमीशन में सुनवाई जारी रखना उचित नहीं है। हाईकोर्ट के ग्रीष्मावकाश के दौरान भी फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने 16 मई 2026 को अगली सुनवाई निर्धारित की है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 10 जून 2026 को तय की है। इसी बीच, डोरंडा स्थित पुराने हाईकोर्ट भवन में वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान सरकार और जेएसएससी की ओर से मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। हालांकि, कुछ दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी न्यायालय के समक्ष पेश की गई, लेकिन कमीशन ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने सरकार और जेएसएससी को अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिया कि मांगे गए दस्तावेज 16 मई 2026 से पहले शपथ पत्र के साथ दाखिल किए जाएं। सुनवाई के दौरान माध्यमिक शिक्षा निदेशक और जेएसएससी के उपसचिव बशीर अहमद भी न्यायालय में उपस्थित रहे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शेखर प्रसाद गुप्ता, अमृतांश वत्स एवं अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा।

### गुवा सेल खदान...

आंदोलन के कारण लौह अयस्क परिवहन और उत्पादन पर असर पड़ने लगा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खदान विस्तार और खनन गतिविधियों के कारण उनकी जमीन, जंगल और जल स्रोत प्रभावित हुए हैं, लेकिन बदले में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिला। काशिया पेचा गांव के मंगता सुरीन ने कहा कि वर्षों से ग्रामीण प्रदूषण, विस्थापन और बेरोजगारी झेल रहे हैं, इसलिए अब वे सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार चाहते हैं। ग्रामीणों ने कारो नदी में बह रहे कथित प्रदूषित 'लाल पानी' का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि खदान से निकलने वाला गंदा पानी खेतों और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। आंदोलनकारियों ने झारखंड की 75 प्रतिशत स्थानीय नियोजन नीति को सख्ती से लागू करने तथा रांजाबुरु खदान में हैंड माइनिंग और मैनुअल रैक लोडिंग शुरू करने की मांग भी रखी है। कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की मौजूदगी में सेल अधिकारियों और ग्रामीण प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई थी, लेकिन सहमति नहीं बन सकी थी। जानकारी के अनुसार, प्रबंधन फिलहाल 25 लोगों को रोजगार देने की बात कह रहा है, जबकि आंदोलनकारी इसे अपर्याप्त बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सम्मानजनक संख्या में स्थानीय युवाओं की नियुक्ति नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### बारातियों से भरी...

घटना की सूचना मिलने पर मनोहरपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन पर अत्यधिक भार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। हादसे के वक्त पिकअप वाहन (जेएच 06सी 7345) बारंगा गांव से बारातियों को लेकर आनंदपुर प्रखंड के समीज गांव गया था। शादी समारोह के बाद देर रात सभी लोग वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उंधन गांव के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार में चल रही पिकअप असंतुलित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। वाहन में बारातियों के साथ साउंड सिस्टम का सामान भी लदा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि अधिक भार और तेज रफ्तार के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। अंधेरा और ग्रामीण इलाका होने के कारण शुरुआती राहत कार्य में परेशानी भी हुई।

### दनुआ घाटी में...

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक वाहन सड़क किनारे पलट गया, जबकि कई अन्य वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सभी वाहन झारखंड से बिहार की ओर जा रहे थे। टक्कर के बाद घाटी क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और घाटी में वाहनों का अत्यधिक दबाव माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद में जुट गए। चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार तथा चेक पोस्ट प्रभारी नीतीन कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक अस्पताल चौपारण भेजा गया, जहां प्राथमिक इलाज किया गया। चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि हादसे में किसी के मौत की सूचना नहीं है। हालांकि, कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कुछ को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। लगभग तीन से चार घंटे तक यातायात बाधित रहने के बाद जीटी रोड पर वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### झारखंड में विद्वेष...

जिन्होंने अपने देश की सेवा में अपना अमूल्य या अद्वितीय योगदान दिया था। मांदर, नगाड़े बज रहे थे, डीजे पर देशभक्ति गीत बज रहा था और कभी कंधे पर कभी घोड़े पर सवार बाड़े के सत्येंद्र नाथ सिंह लगभग 30 वर्षों की सेवा फौज देने के बाद जब गांव पहुंचे तब उनका स्वागत देखकर मन में एक संतोष हुआ कि कुछ सत्ता लोलुप स्वार्थी और धार्मिक आधार पर भेदभाव की राजनीति करने वाले नेताओं ने अभी झारखंड के गांवों को उतना नहीं बिगाड़ा है जितना लालू जी के जमाने में बिहार में आपसी विद्वेष से होता था । एक फौजी अधिकारी का यह अनूठा स्वागत समारोह कहीं ना कहीं मन में एक सुखद अनुभूति भर रहा था कि देश की सेवा में अतुल्य योगदान देने वाले सैनिकों के प्रति सम्मान देने में भेदभाव की राजनीति अभी हावी नहीं हो पाई है। समाज और सरकार को भेदभाव और विद्वेष फैलाने वाले लोगों से कैसे निपटना है देखना चाहिए अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब गांव समृद्ध तो होंगे पर असमानता से दूरियां इतनी बढ़ जाएगी कि विद्वेष की राजनीति कब हिंसक हो जाएगी कहना मुश्किल है। लगभग दो हजार साल तक इन गांवों को पूर्ववर्ती राजा महाराजाओं ने बहुत ही संतुलित और सुसज्जित किया था जिसमें सभी संतुष्ट थे किसी को किसी से बैर नहीं था पर अब छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र या आंध्र प्रदेश से आए कुछ संदिग्ध भेदभाव को बढ़ावा दे रहे हैं जो खतरे का संकेत है।

### होर्मुज में फिलहाल...

अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में इस घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई है। ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए ईरान के ताजा प्रस्ताव को पूरी तरह से ठुकरा दिया है। ईरान ने अपने जवाब में कहा कि वह टकराव रोकने को तैयार है, बशर्ते अमेरिका नौसैनिक नाकाबंदी तत्काल हटाए। प्रतिबंधों को खत्म करे। परमाणु कार्यक्रम और विदेश नीति पर दखल न दे। इनमें कुछ ऐसे मसले हैं, जिनका हवाला वाशिंगटन ने इस युद्ध को शुरू करने के लिए दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ऐसा अमेरिका कभी नहीं करेगा। यह किसी से छुपा नहीं है कि ईरान दुनिया की 12वीं या 13वीं परमाणु शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। उसके पास इजराइल के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाने की क्षमता भी है। अमेरिका हमास और हिजबुल्ला जैसे आतंकी समूहों के लिए ईरान के समर्थन को भी खत्म करना चाहता है। दोनों देशों के बीच ऐसे कुछ अहम मुद्दे हैं, जो शांति की राह में चट्टान बनकर खड़े हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल लिखा, मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित प्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया पढ़ी है। मुझे यह पसंद नहीं आई। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है! उन्होंने दूसरी पोस्ट में कहा, ईरान पिछले 47 साल से अमेरिका और बाकी दुनिया के साथ खेल खेल रहा है। ओबामा सरकार ने 2015 में एक समझौता किया था, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में इस समझौते को मंजूरी नहीं दी। हाल ही में ईरान ने 42,000 बेकसूर और निहत्थे प्रदर्शनकारियों को खत्म कर दिया। वह हम पर हंस रहे हैं। वे अब और नहीं हंस पाएंगे। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में फ्रांसीसी-ब्रिटिश कोशिश के खिलाफ भी चेतावनी दी है। ईरान के उप विदेशमंत्री ने कहा कि होर्मुज में अमेरिका की गैरकानूनी कार्रवाई का साथ देने पर सशस्त्र बल निर्णायक और तत्काल जवाब देंगे। इसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह कोई सैन्य तैनाती नहीं होगी, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय मिशन होगा जिसका मकसद हालात ठीक होने पर जहाजों की आवाजाही को सुरक्षित करना होगा। ब्रिटिश रॉयल नेवी ने कहा कि एचएमएस ड्रैगन को इस सप्ताह मध्य पूर्व में तैनात किया जाएगा। एचएमएस ड्रैगन ब्रिटिश रॉयल नेवी का विनाशक युद्धपोत है। इसे विशेष रूप से विमानों और मिसाइलों जैसे हवाई खतरों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

### सेवानिवृत्त टाटा स्टील...

घटना की खबर फैलते ही एग्रिको इलाके में भारी भीड़ जुट गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि रवींद्र प्रसाद सिंह इसी वर्ष फरवरी माह में टाटा स्टील से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद से परिवार में लगातार विवाद और तनाव की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि, हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पूरी रात घर के भीतर शवों के साथ ही मौजूद रहा। सोमवार सुबह उसने खुद पुलिस को कॉल कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया, जिसने घर के भीतर से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। घटना की सूचना मिलते ही जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू और सिटी एसपी ललित मीणा सिदगोड़ा थाना प्रभारी फैज अहमद समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी से लगातार पूछताछ की जा रही है। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।थाना प्रभारी ने कहा कि फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हत्या के कारणों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।





# पश्चिम एशिया तनाव : नेपाल की अर्थव्यवस्था पर संकट के बादल

**संकट के मुख्य कारण**

**आयात निर्भरता :** नेपाल की विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता के कारण आर्थिक जोखिम।

**आपूर्ति श्रृंखला :** अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन बाधित होने से जरूरी सामानों की कमी।

**रेमिटेंस प्रवाह :** विदेशों (विशेषकर खाड़ी देशों) से आने वाले धन में भारी गिरावट की आशंका।

**एजेंसी । काठमांडू**

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में नेपाल की उपलब्धियां जोखिम में पड़ सकती हैं। यूएनडीपी की पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर ताजा अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला, रेमिटेंस प्रवाह और आयातित वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता के कारण नेपाल के इस संघर्ष से प्रभावित होने की आशंका में है। यूएनडीपी की "मिलिट्री एस्केलेशन इन द मिडल ईस्टः ह्यूमन डेवलपमेंट इम्पैक्ट्स अक्रॉस एशिया एंड द पैसिफिक" शीर्षक वाली प्रारंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दो महीने से जारी संघर्ष लंबा खिंचता है तो नेपाल और पाकिस्तान को मानव विकास के क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कमजोर होने से रेमिटेंस आय घट सकती है। इससे परिवारों की क्रय शक्ति कम होगी और खाद्य सुरक्षा पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि युद्ध के कारण कृषि में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाले फॉस्फेट उर्वरक के लिए आवश्यक सल्फर की ढुलाई बाधित हुई है। पेट्रोलियम पदार्थों के सह-उत्पाद सल्फर की कीमत और आपूर्ति में समस्या आने से नेपाल में धान उत्पादन पर असर पड़ सकता है, जो कृषि क्षेत्र का प्रमुख आधार है। रिपोर्ट में कहा गया है, "नेपाल में रोजगार का जोखिम वैदेशिक श्रम प्रवासन से गहराई से जुड़ा हुआ है। करीब 80 प्रतिशत प्रवासी श्रमिक खाड़ी देशों और मलेशिया जाते हैं। यदि व्यवधान जारी रहा, तो श्रमिक आवाजाही में कमी आने से रेमिटेंस पर निर्भर परिवारों की आय और रोजगार प्रभावित हो सकते हैं। यूएनडीपी के विश्लेषण के अनुसार, रेमिटेंस और कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर कम होगी, जिससे एचडीआई के आय संबंधी सूचक प्रभावित होंगे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित देशों में स्वास्थ्य और शिक्षा के सूचकांकों पर भी असर पड़ेगा। रिपोर्ट में 2013 से 2023 के बीच मानव विकास में हुई प्रगति को आधार बनाया गया है।

## सॉफ्टवेयर हैक कर टेंडर हथियाने के आरोप में पूर्व मंत्री सहित 22 के खिलाफ आरोप पत्र

**काठमांडू ।** नेपाल पुलिस के साइबर ब्यूरो ने आज बिजली विभाग के ई-बिडिंग सॉफ्टवेयर को हैक कर टेंडर हथियाने के आरोप में पूर्व शहरी विकासमंत्री विक्रम पाण्डे सहित २२ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। काठमांडू के जिला सरकारी वकील कार्यालय के अनुसार, इनमें 13 आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। नौ अभी फरार हैं। गिरफ्तार आरोपितों में पूर्वमंत्री पाण्डे भी शामिल हैं। पाण्डे व अन्य का आज से काठमांडू जिला अदालत में बयान दर्ज किया जाएगा। बयान दर्ज होने के बाद न्यायिक हिरासत पर बहस शुरू होगी। पुलिस का दावा है कि आरोपितों ने बिटकॉइन जैसी मुद्रा का कारोबार भी किया गया। आरोप पत्र में मांग की गई है कि संगठित तरीके से बिटक्वॉइन मुद्रा के कारोबार में संलग्न रहने के आरोप में भी आरोपितों को सजा दी जाए। पाण्डे चितवन के भरतपुर के रहने वाले हैं। वह राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) से सांसद रहे हैं।



उनकी कालिका कंस्ट्रक्शन निर्माण कम्पनी भी है। जांच के निष्कर्ष के अनुसार आरोपितों ने अनधिकृत पहुंच बनाकर आर्थिक प्रस्ताव से जुड़े दस्तावेजों में फेरबदल किया। एक आरोपित दिवाकर देउजा के पॉलीग्राफ परीक्षण समेत विभिन्न प्रमाणों के आधार पर पाण्डे की संलिप्तता की पुष्टि होने का दावा किया गया है। अभियोग पत्र में दावा किया गया है कि इस कार्य के बदले क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से रकम का लेनदेन भी हुआ। इससे राज्य को भी नुकसान पहुंचा।


## लैंडिंग के दौरान काठमांडू हवाई अड्डे पर आग लगी यात्री सुरक्षित, परिचालन शुरू

**काठमांडू ।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह टर्किश एयरलाइंस के एक विमान में लैंडिंग के दौरान आग लग गई, जिसे दमकल विभाग ने नियंत्रित कर लिया गया। यात्रियों और क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सूचना अधिकारी ज्ञानेन्द्र भुल ने इसकी पुष्टि की। विमान में चार बच्चों सहित कुल 277 यात्री सवार थे। बचाव के दौरान कुछ यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं। इस्तांबुल से काठमांडू आए टीके 726 विमान के पहियों में आज सुबह करीब पौने सात बजे लैंडिंग के दौरान आग लग गई थी। विमान के रनवे पर ही रुक जाने के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आवागमन प्रभावित हुआ है।

## पोखरण परीक्षण भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए वर्ष 1998 के सफल पोखरण परमाणु परीक्षणों को भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम अपने वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण को गर्व के साथ याद करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 1998 में पोखरण में सफल परीक्षण हुए थे। वह ऐतिहासिक क्षण भारत की वैज्ञानिक उत्कृष्टता और अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक प्रमुख स्तंभ बन चुकी है। यह नवाचार को गति देने, अवसरों का विस्तार करने और विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही है।



मोदी ने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास प्रतिभाओं को सशक्त बनाने, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और ऐसे समाधान विकसित करने पर केंद्रित है, जो राष्ट्र की प्रगति और हमारे लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करें।


प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक संस्कृत सुभाषित भी साझा किया, जिसमें 'अग्नि' को स्वर्ग की सर्वोच्च शक्ति और पृथ्वी पर समस्त ऊर्जा का मूल स्रोत बताया गया है। उन्होंने कहा कि यही अग्नि तत्व पदार्थ के सूक्ष्मतम कणों में छिपी अपार शक्ति को जागृत करता है और समस्त सृष्टि में ऊर्जा एवं गति का संचार करता है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं। अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति॥

### फ्रांस लौटे यात्री में हंटावायरस के लक्षण

## पांच लोगों को आइसोलेशन में रखा गया

**एजेंसी । पेरिस**

फ्रांस सरकार ने पुष्टि की है कि स्पेन के टेनेरिफ से वापस लाए गए पांच फ्रांसीसी नागरिकों में से एक यात्री में उड़ान के दौरान हंटावायरस जैसे लक्षण पाए गए। इसके बाद सभी यात्रियों को एहतियातन सख्त आइसोलेशन में रखा गया है। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि संक्रमित लक्षण दिखाने वाले यात्री की पहचान के बाद स्वास्थ्य सुरक्षा



एआई जेनरेटेड

प्रोटोकॉल तुरंत लागू कर दिए गए। उन्होंने बताया कि सभी पांचों लोगों को अलग रखा गया है और उनकी लगातार मेडिकल निगरानी की जा रही है। प्रधानमंत्री के अनुसार, यात्रियों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच और लैब टेस्ट कराए जाएंगे, ताकि संक्रमण की पुष्टि की जा सके और किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है और संपर्क में आए लोगों की पहचान भी शुरू कर दी गई है। साथ ही फ्रांसीसी प्रशासन निकट संपर्क में आए लोगों के लिए भी विशेष आइसोलेशन उपाय लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस संबंध में जल्द एक आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा।

फिलहाल फ्रांस के स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से घबराने के बजाय सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में सैनिकों ने लगाई लगातार 88 घंटे की दौड़

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पिछले साल पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को तबाह करने के लिए शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली सालगिरह पर भारतीय वायु सेना ने नई दिल्ली में 88 घंटे लगातार दौड़ का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की सभी कमानों से कुल 600 धावकों ने भाग लिया। इस दौड़ को 7 मई को सुबह 1:05 बजे एयर ऑफिसर इन चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन (एओए) ने इंडिया गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इसका समापन 10 मई को शाम 5:00 बजे एयर फोर्स स्टेशन नई दिल्ली में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने किया। यह दौड़ 88 घंटे तक चलने वाली निरंतर रिले प्रारूप में आयोजित की गई थी, जिसमें असैनिक अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 1 जुलाई से लागू होगा 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम, मिलेगी 125 दिन रोजगार की गारंटी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास एवं रोजगार को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी–जी राम जी अधिनियम-2025 के क्रियान्वयन की अधिसूचना जारी कर दी। यह नया कानून एक जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)-2005 निरस्त माना जाएगा। सरकार के मुताबिक इस योजना के तहत एक जुलाई से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार चाहने वाले लोगों को अब साल में 100 नहीं बल्कि 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। इस बीच के समय में मनरेगा के सारे प्रावधान लागू रहेंगे और अधूरे काम एक जुलाई के पहले तक मनरेगा के अंतर्गत ही पूरे किए जाएंगे।

## टक्कर तो हुई पर विदेश में पर पब्लिक को मजा आ गया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अपनी उच्च शिक्षा, तीखे तर्कों और हाजिर जवाबी के लिए जाने वाले भाजपा नेता के अन्नामलाई ने स्टैनफोर्ड इंडिया सम्मेलन में हुई बहस के दौरान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को बगलें झांकने पर मजबूर कर दिया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आयोजित इस सम्मेलन में भारत की राजनीति, पहचान, शासन और विकास को लेकर दोनों नेताओं के बीच परिसीमन, उत्तर-दक्षिण राजनीतिक संतुलन और तमिलनाडु की बदलती राजनीति पर तीखी बहस देखने को मिली। अन्नामलाई ने जनसंख्या आधारित प्रतिनिधित्व को स्वाभाविक बताते हुए उत्तर भारतीय राज्यों को अधिक सांसद मिलने के पक्ष में तर्क रखे, जबकि शशि थरूर ने दक्षिण भारतीय राज्यों के राजनीतिक रूप से कमजोर होने की आशंका जताई। सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच हुई नोकझोंक और राजनीतिक टिप्पणियों ने भी व्यापक चर्चा बटोरी। परिसीमन के मुद्दे पर शशि थरूर ने दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंता पर कहा कि यदि लोकसभा सीटों का पुनःनिर्धारण केवल जनसंख्या के आधार पर किया गया तो दक्षिण भारत के राज्यों को राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर



भारत की जनसंख्या तेजी से बढ़ी है, जिसके कारण वहां के सांसद अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में सफलता हासिल की है। ऐसे में केवल जनसंख्या आधारित परिसीमन दक्षिणी राज्यों के साथ अन्याय माना जाएगा। थरूर ने यह आशंका भी जताई कि भविष्य में उत्तर भारतीय राज्यों का प्रभाव इतना बढ़ सकता है कि हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने जैसे प्रयास तेज हो जाएं, जिसका तमिलनाडु जैसे राज्य विरोध करेंगे।

थरूर ने उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्यों के पुनर्गठन की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि लगभग 28 करोड़ आबादी वाले राज्य का एक ही प्रशासनिक ढांचा होना व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने राज्यों के पुनर्गठन आयोग को अधिक अधिकार देने की बात कही और याद दिलाया कि मायावती के मुख्यमंत्री रहते उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में बांटने का प्रस्ताव भी आया था। के अन्नामलाई ने कहा कि भारत को केवल बहस नहीं बल्कि व्यावहारिक समाधान की आवश्यकता है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर उत्तर भारतीय राज्यों को स्वाभाविक रूप से अधिक सांसद मिलने चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर परिसीमन विधेयक का विरोध करने का आरोप लगाया और कहा कि यह सभी राज्यों के लिए सहमति से समाधान निकालने का अवसर था। अन्नामलाई ने दावा किया कि नए प्रस्तावित मॉडल में तमिलनाडु को वर्तमान से अधिक सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि हर राज्य केवल अपने नुकसान और लाभ के आधार पर सोचेगा तो समस्या का हल कभी नहीं निकलेगा।महिला आरक्षण विधेयक पर शशि थरूर ने कहा कि महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने के लिए परिसीमन का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से मौजूदा लोकसभा संरचना में ही महिला आरक्षण लागू करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि हाल ही में लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पर मतदान हुआ था, जिसमें सरकार को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। प्रस्तावित विधेयक के तहत लोकसभा की सीटें बढ़ाकर आठ सौ सोलह करने और महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने की योजना थी। विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया, लेकिन परिसीमन को उससे जोड़ने का विरोध किया था।स्टैनफोर्ड इंडिया सम्मेलन के दौरान तमिलनाडु की राजनीति भी चर्चा का मुख्य विषय रही। अन्नामलाई ने हालिया तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को एक असाधारण राजनीतिक घटना बताया। उन्होंने कहा कि अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके का उभार द्रविड़ राजनीति के लंबे वर्चस्व को तोड़ने वाला परिवर्तन है। चुनाव में टीवीके को एक सौ आठ सीटें मिलीं, जबकि द्रमुक को उनसठ और अन्नाद्रमुक को 47 सीटों पर संतोष करना पड़ा। अन्नामलाई ने इसे व्यवस्था में आई दरार बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय दल अब विंध्य पर्वत के दक्षिण में भी मजबूती से राजनीतिक संघर्ष करेंगे।उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि चुनाव के दौरान द्रमुक के साथ रहने वाली कांग्रेस ने परिणाम आने के बाद टीवीके का समर्थन कर दिया। इसी दौरान अन्नामलाई ने कांग्रेस पर रंग बदलने का आरोप लगाते हुए गिरगिट जैसी टिप्पणी की। इसके बाद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर मजाकिया अंदाज में लिखा कि उन्हें लगा अन्नामलाई ने गिरगिट नहीं बल्कि तमिलियन कहा था। यह टिप्पणी तेजी से चर्चा में आ गई और राजनीतिक हलकों में हास्य और व्यंग्य का विषय बन गई।